भोपाल
शुक्रवार, 30 अक्टूबर 2026
कार्तिक मास कृष्ण पक्ष-5
वर्ष : 13, अंक : 210
पृष्ठ : 14 मूल्य : 4.00 **

मौसम
अधि. 28
न्यून. 21

हरिभूमि
मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

अगले चार दिन तक प्रदेश में जारी रहेगा बौछारों का दौर

भोपाल सहित 30 शहर भीग गए पारा 9 डिग्री तक गिरा, सर्दी बढ़ी

छत्तीसगढ़ के ऊपर बना हुआ है डिप्रेशन

भोपाल में सुबह 11 बजे से शाम 5:30 बजे तक बैरागढ़ ऑब्जर्वेटरी में दर्ज हुई 5 मिमी बारिश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी सहित प्रदेश के 30 से अधिक शहर गुरुवार को कहीं तेज तो कहीं हल्की बारिश से भीगे। इससे दिन के तापमान में प्रदेशभर में औसतन 3 डिग्री की कमी रही। आधा दर्जन जिलों में पारा 5 से 6 डिग्री तक गिरने से सर्दी का असर बढ़ गया। मौसम विशेषज्ञ एके शुक्ला के अनुसार अगले तीन से चार दिन प्रदेश में बारिश, तेज हवाओं और बौछारों का दौर जारी रहेगा। गुरुवार को भोपाल में सुबह 11 से शाम 5:30 बजे तक बैरागढ़ ऑब्जर्वेटरी में 5 मिमी बारिश दर्ज हुई। बारिश का दौर देर रात तक जारी रहा। यहां दिन का पारा 3.4 डिग्री गिरकर 26 डिग्री रहा, जो सामान्य से 5.6 डिग्री कम है। ▶▶शेष पेज 6 पर ▶▶पढ़े पेज 02 भी


राजधानी के जवाहर चौक में बारिश, दृश्य दोपहर 3 बजे का

आज यहां बारिश का अलर्ट

भोपाल, विदिशा, रायसेन, सीहोर, राजगढ़, नर्मदापुरम, बैतूल, हरदा, देवास, शाजापुर, आगर, गुना, अशोकनगर, शिवपुरी, ग्वालियर, भिंड, मुरैना, श्योपुरकलां, दतिया, डिंडोरी, कटनी, जबलपुर, नरसिंहपुर, छिंदवाड़ा, सिवनी, मंडला, बालाघाट में बारिश होगी। सिंगरौली, सीधी, रीवा, सतना, अनूपपुर, शहडोल, उमरिया, मैहर, मऊगंज में भारी बारिश का अलर्ट है।

एसआईआर पर कांग्रेस को जवाब देगी भाजपा

तीन शहरों में निकालेगी 'पदयात्रा', आज इंदौर से होगी अभियान की शुरुआत

भोपाल में राजनाथ सिंह और जबलपुर में अमित शाह या नितिन नवीन के आने की संभावना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

एसआईआर (विशेष गहन पुनरीक्षण) को लेकर कांग्रेस के आंदोलनों के जवाब में भाजपा मध्य प्रदेश में 'लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ' अभियान चलाएगी। इसके तहत इंदौर, जबलपुर और भोपाल में पदयात्राएं निकाली जाएंगी। एक सप्ताह के भीतर होने वाले इन आयोजनों में केंद्रीय मंत्रियों और पार्टी के वरिष्ठ नेताओं को शामिल करने की तैयारी है।


राजनाथ सिंह

अभियान की शुरुआत 30 अक्टूबर को इंदौर से होगी। यहां सुभाष नगर से पाटनीपुरा चौराहे तक पदयात्रा प्रस्तावित है। इसमें केंद्रीय मंत्री मनसुख मांडविया मुख्य वक्ता होंगे। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, प्रदेश प्रभारी बिप्लब कुमार देब और प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल भी शामिल होंगे। जबलपुर में 2 नवंबर को पदयात्रा आयोजित की जाएगी। इसमें केंद्रीय ▶▶शेष पेज 6 पर

डिजिटल अरेस्ट और साइबर ठगी के बढ़ते मामलों पर सुप्रीम कोर्ट का सख्त रुख



पीड़ित के पूरे पैसे बैंक से दिलवाने की बने व्यवस्था

- सीजेआई ने ठगे गए पढ़े-लिखे लोगों से सवाल किया कि वे अगली पीढ़ी को क्या सीख देंगे? उन्होंने कहा कि फर्जी अदालती आदेशों की सत्यता संबंधित अदालत की वेबसाइट पर जांची जा सकती है

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सीजेआई सूर्यकांत ने कहा कि जागरूकता अभियानों और समाचारों के बावजूद लोग ठगी का शिकार हो रहे हैं। उन्होंने तल्ख टिप्पणी करते हुए कहा कि आप कैसे मान लेते हैं कि मोबाइल पर आपको गिरफ्तार किया जा रहा है? मोबाइल को दीवार पर दे मारें, गिरफ्तारी खत्म हो जाएगी। सीजेआई ने पढ़े-लिखे लोगों के ठगी का शिकार होने पर भी निराशा जताई और सवाल किया कि वे अगली पीढ़ी को क्या सीख देंगे।

उन्होंने कहा कि फर्जी अदालती आदेशों की सत्यता संबंधित अदालत की वेबसाइट पर जांची जा सकती है। अदालत ने कहा कि यदि बैंक की लापरवाही के कारण किसी व्यक्ति के साथ साइबर धोखाधड़ी होती है, तो पीड़ित को हुए नुकसान की भरपाई की व्यवस्था होनी चाहिए। इसके लिए भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) से ऐसे नियम बनाने पर विचार करने को कहा गया है। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत, न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची और न्यायमूर्ति वी. मोहना की तीन सदस्यीय पीठ ने गुरुवार को सुनवाई की। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत ने कहा कि इस साल देश को डिजिटल अरेस्ट और इस तरह की साइबर ठगी से करीब 800 करोड़ रुपए का नुकसान हुआ है। अटॉर्नी जनरल आर. वेंकटरमणी ने ने अदालत को बताया कि पिछले साल ▶▶शेष पेज 6 पर

आरबीआई से ऐसे नियम बनाने पर विचार करने को कहा


फाइल फोटो

आरबीआई को अगली सुनवाई पर सभी अधिकृत वित्तीय संस्थानों की सूची प्रस्तुत करने का निर्देश भी दिया

ठगों की बातों पर भरोसा करके अपनी मेहनत की कमाई क्यों गंवा देते हैं?

मोबाइल को दीवार पर दे मारें गिरफ्तारी खत्म हो जाएगी

असामान्य लेन-देन पर नजर रखें बैंक

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि बैंकों को ऐसे लेन-देन की पहचान करनी चाहिए, जो खाताधारक के सामान्य वित्तीय व्यवहार से बिल्कुल अलग हों। संदिग्ध लेन-देन की स्वचालित सूचना देने और भुगतान की पुष्टि के लिए अतिरिक्त सत्यापन जैसे उपाय अपनाए जा सकते हैं। जरूरत पड़ने पर खाताधारक से संपर्क कर यह पता लगाया जाना चाहिए कि वह अपनी इच्छा से रकम भेज रहा है या किसी ▶▶शेष पेज 6 पर

जिंदगी को इतना बोझ क्यों समझ लिया?

दो बहनों ने चार बच्चों के साथ कुए में कूदकर दी जान, छह की मौत



▶▶ पति की मौत के सदमे में थी पहली बहन
▶▶ आहत दूसरी बहन ने भी उठाया कदम


सीता | प्रियंका | राखी | श्लोक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ शिवपुरी

जिले में दो सगी बहनों की अलग-अलग घटनाओं में चार बच्चों के साथ कुए में डूबने से मौत हो गई। दोनों घटनाएं बुधवार को हुईं। पहली घटना बैराड़ थाना क्षेत्र के गुंगरगांव की है, जहां 35 वर्षीय अंजली रावत ने अपनी तीन बेटियों को कुए में धकेल दिया और छह वर्षीय बेटे प्रशांत को गोद में लेकर खुद भी कुए में कूद गई। इस घटना में मां-बेटे की मौत हो गई, जबकि बड़ी बेटी मोनिका अपनी दो छोटी बहनों के साथ किसी तरह बच निकली। उसने घर पहुंचकर परिजनों ▶▶शेष पेज 6 पर

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

हरिभूमि सुनहरा मौका
सुनिश्चित उपहार 2026
सामान्य कूपन
30 अक्टूबर 2026
कूपन नं. 22

करवा चौथ पर प्रेम, विश्वास और त्याग की मिसाल

मेट्रो प्राइम हॉस्पिटल में सफल प्रत्यारोपण

रश्मि ने किडनी दान कर पति दीपक को दिया 'नया जीवन'


आईसीयू में पति का छलनी से दीदार करतीं रश्मि



जबलपुर। करवा चौथ पर पत्नी अपने पति की लंबी उम्र की कामना करती है। जबलपुर की रश्मि गुप्ता ने पति दीपक गुप्ता को किडनी दान कर उन्हें नया जीवन देने में अहम भूमिका निभाई। मेट्रो प्राइम हॉस्पिटल में सफल किडनी प्रत्यारोपण के बाद यह दंपती प्रेम, विश्वास और त्याग की मिसाल बन गया है। ▶▶शेष पेज 6 पर



प्रयागराज में जमीन के नीचे दबे मिले तीन ड्रम

इनसे 5 करोड़ रुपए नकद बरामद कुल 60 करोड़ तक होने की संभावना

500-500 के नोटों की गड्डियां मिलीं, 4 लोग हिरासत में

एजेंसी ▶▶ प्रयागराज

प्रयागराज जिले में एक मकान के नीचे जमीन में दबे तीन नीले ड्रमों से करोड़ों रुपए की नकदी बरामद हुई है। नवाबगंज थाना क्षेत्र के बरईपुर रामनगर गांव में मिले इन ड्रमों में 500-500 के नोटों की गड्डियां भरी थीं। शुरुआती जानकारी के मुताबिक नकदी 5 करोड़ रुपए से अधिक बताई जा रही है। हालांकि, गांव में रकम 60 करोड़ तक ▶▶शेष पेज 6 पर



फडणवीस-गडकरी के क्षेत्र में झटका

'नागपुर' स्नातक सीट पर कांग्रेस का कब्जा बरकरार


कांग्रेस के वंजारी की रोमांचक जीत

एजेंसी ▶▶ नागपुर

महाराष्ट्र विधान परिषद की नागपुर संभाग स्नातक निर्वाचन क्षेत्र की सीट पर कांग्रेस ने जीत दर्ज की है। बेहद रोमांचक मुकाबले में कांग्रेस के मौजूदा विधान परिषद सदस्य अभिजीत वंजारी ने भाजपा उम्मीदवार और ▶▶शेष पेज 6 पर

शिक्षक भर्ती अभ्यर्थियों ने बोर्ड ऑफिस चौराहे पर किया प्रदर्शन

घसीटी गईं महिलाएं पुलिस से चिरौरी करती रहीं

हमारा व्रत है, आपको दया नहीं आ रही है अगर नियुक्ति नहीं देनी है, तो जहर दे दो


आंखों से आंसू छलके

सड़क पर बैठकर बजाई थालियां बोर्ड ऑफिस चौराहे पर हुआ ट्रैफिक जाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

शिक्षक भर्ती को लेकर अभ्यर्थियों द्वारा लगातार प्रदेशभर में प्रदर्शन किए जा रहे हैं। इसी बीच गुरूवार को नियुक्ति पत्र की मांग को लेकर प्राथमिक शिक्षक वर्ग-3 के मेरिट होल्डर अभ्यर्थियों ने राजधानी स्थित बोर्ड ऑफिस चौराहे पर घरना-प्रदर्शन किया। मांगें पूरी नहीं होने से नाराज अभ्यर्थी इस दौरान सड़क पर बैठ गए और थालियां बजाकर प्रदर्शन किया। जिससे चौराहे पर ट्रैफिक जाम की स्थिति बन गई। वहां मौजूद पुलिस बल ने प्रदर्शन कर रहे अभ्यर्थियों को समझाने का प्रयास किया, लेकिन अभ्यर्थी सड़क पर ही लेट गए और जमकर नारेबाजी की। प्रदर्शन में बड़ी संख्या में महिला अभ्यर्थी भी शामिल हुईं। अभ्यर्थियों का आरोप है कि पुलिस ने महिलाओं को घसीटकर बस में बैठाने की कोशिश की। महिला अभ्यर्थियों ने गुहार लगाते हुए कहा कि हमारा करवा चौथ का व्रत है, आपको दया नहीं आ रही है? वे पिछले दो साल से पद बढ़ाने की मांग कर रहे हैं। कई दिनों से सड़क पर ▶▶शेष पेज 6 पर ▶▶पढ़े पेज 02 भी


महिला पुलिस से मिन्नत करती हुई

हरिभूमि
भोपाल भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, शुक्रवार 30 अक्टूबर 2026

छलनी में चांद आया नजर...



भोपाल। नेहरु नगर स्थित करुणाधाम आश्रम पहुंचीं सैकड़ों महिलाओं ने सामूहिक रूप से करवा चौथ का पर्व मनाया। (विस्तृत समाचार पेज 4 पर)

शहर में सर्द हवा, बादल-बारिश के बीच 6 से 8 घंटे बिजली गुल

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

अयोध्या नगर, करोंद, पिपलानी क्षेत्र समेत कई कॉलोनियों में अंधेरे के बीच स्ट्रीट लाइट बनी सहारा

शहर में गुरुवार को सुबह से बारिश का दौर रहा। दोपहर के समय करीब 30 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलीं। इससे शहर में बिजली सप्लाई व्यवस्था गड़बड़ा गई।

करीब एक दर्जन कॉलोनियों में दोपहर से देर शाम तक लगभग 6 से 8 घंटे तक बिजली गुल रही। अयोध्यानगर, करोंद, पिपलानी, भेल, पुराने शहर के कई इलाके, पटेल नगर, भेल नगर सहित दर्जनों इलाकों में बिजली गुल रहने से देर शाम को अंधेरा छा गया। इससे राहगीरों के लिए स्ट्रीट लाइट आवागमन का सहारा बनी।

करीब एक दर्जन कॉलोनियों में दोपहर से देर शाम तक बिजली सप्लाई बाधित

शहर में दिन का पारा 26 डिग्री रहा, जो शाम 7 बजे 24 डिग्री से नीचे पहुंच गया



स्थान : न्यू मार्केट, टीटी नगर
समय : दोपहर 3 .30 बजे गुरुवार

बौछारों से घुली ठंडक

दोपहर से शुरू हुई बारिश और नम हवाओं से दिन में भी ठंडक महसूस की गई। दिन में पारा करीब 3 डिग्री गिरा, जिसमें शाम 7 बजे तक 2 डिग्री की और गिरावट होने से देर शाम हवाओं में ठंडक घुल गई। दिन का पारा 26 डिग्री रहा, जो शाम 7 बजे के करीब 24 डिग्री से नीचे पहुंच गया। वहीं, रात के तापमान में बादलों के कारण 2 डिग्री की बढ़त के साथ पारा 19.4 डिग्री रहा। यह सामान्य से 2.9 डिग्री अधिक है।

कार्बाइड गन, तोप पर रोक, खरीद-फरोख्त पर होगी एफआईआर

भोपाल। पिछली बार बच्चों की आंखों को नुकसान पहुंचाने वाली कार्बाइड गन इस बार थोक और फुटकर पटाखा दुकानों से नहीं बेची जा सकेंगी। अगर कोई दुकानदार इसकी बिक्री करता है, तो उसके खिलाफ एफआईआर दर्ज की जाएगी। पहले से जिन लोगों के पास गन है, अगर वो इसका उपयोग करेंगे तो उस पर भी कार्रवाई की जाएगी। गुरुवार को कलेक्टर प्रियंक मिश्रा ने जिले में कार्बाइड गन पर रोक को लेकर आदेश जारी कर दिया है। जिसके तहत कार्बाइड तोप, लैंप और गन पर रोक, खरीद-फरोख्त पर रोक लगाई गई है। हालांकि शहरी क्षेत्र में रोक को लेकर दो दिन पहले ही पुलिस कमिश्नर संजय कुमार ने आदेश जारी कर दिए थे। कलेक्टर के आदेश के बाद अब शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में कार्बाइड गन के इस्तेमाल पर रोक लागू होगी। दरअसल कैल्शियम कार्बाइड के उपयोग को नियंत्रित किया गया है। इसका विक्रय केवल वैध कृषि और औद्योगिक गतिविधियों के लिए किया जा सकता है। आदेश में कार्बाइड गन का उपयोग खतरनाक बताया गया है। इसके तेज धमाके से कान के पर्दे फटने, आंखों की रोशनी जाने और चेहरे या शरीर पर गंभीर जलन जैसी घटनाएं हो सकती हैं। बच्चों की सुरक्षा को लेकर भी गंभीर जोखिम है। इसके कारण इस पर प्रतिबंध लगाया गया है।

आज लोक शिक्षण संचालनालय के सामने धरने पर बैठेंगे, कहा: मांगें पूरी होने तक आंदोलन जारी रहेगा

सड़क पर बैठे शिक्षक भर्ती के अभ्यर्थी, पुलिस घसीटते हुए उठा ले गई, कई प्रदर्शनकारी चोटिल

नियुक्ति-पत्र की मांग को लेकर प्राथमिक शिक्षक वर्ग-3 के मेरिट होल्डर अभ्यर्थियों ने किया विरोध-प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

नियुक्ति पत्र की मांग को लेकर प्राथमिक शिक्षक वर्ग-3 के मेरिट होल्डर अभ्यर्थियों ने बोर्ड ऑफिस चौराहे पर बैनर और पोस्टर के साथ प्रदर्शन किया और धरने पर बैठ गए। इस दौरान पुलिस के रोकने पर अभ्यर्थी सड़क पर बैठ गए और नारेबाजी की। जिसके बाद पुलिस ने बल पूर्वक अभ्यर्थियों को यहां से हटाया। इस दौरान चौराहे पर जाम की स्थिति बन गई। पुलिस महिला अभ्यर्थियों को भी घसीटते हुए गाड़ियों तक ले गई और जबरन उन्हे बैठाया और रातीबड़ थाने लेकर गए।

जिसके कुछ घंटे बाद अभ्यर्थियों को छोड़ दिया। इधर अभ्यर्थियों का कहना है कि वह अपनी मांगे पूरी कराने के लिए कई माह से संघर्ष कर रहे हैं, उनकी बात सुनने की जगह उनके साथ अभद्र व्यवहार किया जा रहा है। गुरूवार को हुए घटनाक्रम के बाद अब वह शुक्रवार को लोक शिक्षण संचालनालय के सामने बैठेंगे और धरना प्रदर्शन करेंगे। अभ्यर्थियों के ने कहा कि जब तक मांगे पूरी नहीं होंगी, तब तक आंदोलन जारी रहेगा।

प्रदर्शनकारी बोले- महिलाओं से बदसलूकी की गई, कई को चोट आई

मांगों को लेकर करीब 25 दिनों से प्रदर्शन कर रहे अभ्यर्थी



प्रदर्शनकारी अभ्यर्थियों को प्रदर्शन स्थल से उठातीं महिला पुलिसकर्मी। फोटो जर्नलिस्ट : जसप्रीत सिंह



महिला अभ्यर्थी को उठाकर लेकर जाती महिला पुलिसकर्मी।

आश्वासन के अलावा कुछ नहीं मिला



मैं अलीराजपुर से इस प्रदर्शन में शामिल होने के लिए आया था। हम करीब 25 दिनों से प्रदर्शन कर रहे हैं, लेकिन आश्वासन के अलावा आज तक कोई समाधान नहीं हुआ। आज पुलिस का व्यवहार बर्बरापूर्ण रहा। महिलाओं से बदसलूकी की गई, घसीटकर ले जाया गया।

कलम सिंह डुडवे, अभ्यर्थी

नियुक्ति-पत्र जारी किया जाए



मैं प्रदर्शन में शामिल होने के लिए हरदा जिले आया हूं। नियुक्ति-पत्र जारी करने की मांग को लेकर हम आए हैं, लेकिन हमारे साथ पुलिस ने दुर्व्यवहार किया गया। यहां तक महिलाओं को घसीटकर गाड़ियों में बैठाया गया। रातीबड़ पुलिस थाना लेकर पहुंचे और कुछ घंटे बाद छोड़ दिया।

कामता प्रसाद सिलारे, अभ्यर्थी

यह व्यवहार बहुत ही गलत है



हमे लंबे समय से नियुक्ति-पत्र जारी करने की मांग को लेकर प्रदर्शन कर रहे हैं, लेकिन अब तक समाधान नहीं किया गया है। प्रदर्शन के दौरान हमें पुलिस द्वारा जबरन गाड़ियों में बैठाया गया। बुरी तरह से महिलाओं को घसीटते हुए ले जाया गया, कुछ लोगों को चोटें भी आई हैं। क्या हम हमारे हक की बात भी नहीं कर सकते हैं, यह व्यवहार बहुत ही गलत है।

ज्योति सोलंकी, अभ्यर्थी



प्रदर्शनकारियों को बस में बैठाती पुलिस।

अमले ने दुकानदारों का सामान येलो लाइन के कराया अंदर

दिन में निगम कमिश्नर अहिरवार पहुंचे शाम को न्यू मार्केट से हॉकर्स को हटाया



न्यू मार्केट में अमले के साथ निरीक्षण करते आयुक्त।

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

गुरुवार को नगर निगम कमिश्नर रामप्रकाश अहिरवार ने न्यू मार्केट के बाजार का निरीक्षण किया।

जिसके बाद शाम को निगम की टीम पहुंची और फुटपाथ पर दुकानें लगाने वालों को हटा दिया। टीम ने अंदर जाकर देखा तो कई दुकानदारों ने येलो लाइन के बाहर सामान रख रखा था, जिसे अंदर कराया गया। कमिश्नर सुबह न्यू मार्केट पहुंचे थे, जहां उन्होंने हॉकर्स को हटाकर टीटी नगर स्टेडियम के पास भेजने के निर्देश दिए थे।

सड़कों के लेफ्ट टर्न होंगे क्लीयर

निगम आयुक्त ने सड़कों के लेफ्ट टर्न सहित अन्य मोड़ों को क्लीयर रखकर रोड मार्किंग लगाने की बात कही। उन्होंने फुटपाथ, सेन्ट्रल वर्ज, साइड वर्ज के किनारों से धूल-मिट्टी उठाकर बेहतर साफ-सफाई कराने की बात भी कही। उन्होंने चार इमली प्रणामी मंदिर के लेफ्ट टर्न पर दुर्घटना से बचाव के लिए टर्निंग की साफ-सफाई कराने और नाले पर जाली लगाने के निर्देश दिए।

सेना दिवस 2027 के 'संकल्प वृक्ष' कार्यक्रम में मप्र के सभी जिलों से आई मिट्टी में किया जाएगा पौधरोपण

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और सेना के वरिष्ठ अधिकारी रहेंगे मौजूद

हरिभूमि न्यूज ⏭ संतनगर

सेना दिवस 2027 के आयोजनों का आगाज भोपाल से होगा। एक नवंबर को शौर्य स्मारक में 'संकल्प वृक्ष' कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। मध्यप्रदेश स्थापना दिवस के अवसर पर होने वाले इस आयोजन में प्रदेश के सभी जिलों से एकत्रित मिट्टी का उपयोग पौधरोपण में किया जाएगा। भारतीय सेना की ओर से आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और सुदर्शन चक्र कोर के जनरल ऑफिसर कमांडिंग लेफ्टिनेंट जनरल अरविंद चौहान शामिल होंगे।

7:30 से 9 बजे तक आयोजन

'मेरी माटी' अभियान के तहत जुटाई गई जिलों की मिट्टी से रोपा जाने वाला संकल्प वृक्ष सेना दिवस 2027 के आयोजनों का कर्टेन रेजर होगा। कार्यक्रम सुबह 7:30 से 9 बजे तक आयोजित होगा। फोटोग्राफी और वीडियोग्राफी केवल निर्धारित स्थलों से ही की जा सकेगी।

स्ट्रीट डॉग्स से बचने के लिए रफ्तार बढ़ाई तो बेकाबू हुई स्कूटर

अवधपुरी तिराहे पर एक्टिवा से घूमने निकले युवक के पीछे दौड़े आवारा कुत्ते, गिरने से मौत

हादसे में युवक को सिर सहित शरीर में गंभीर चोट आई थी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

अवधपुरी तिराहे पर एसबीआई के पास एक्टिवा सवार गिरकर घायल हो गया। उसकी एक्टिवा के पीछे आवारा कुत्ते दौड़ गए थे। उसने एक्टिवा की रफ्तार बढ़ाई। दहशत में एक्टिवा अनियंत्रित होकर गिर गई। इस हादसे में युवक को सिर सहित शरीर में गंभीर चोट थी। राहगीरों ने एंबुलेंस की मदद से उसे एम्स पहुंचाया। वहां इलाज के दौरान मंगलवार रात उसकी मौत हो गई।



एआई इमेज

पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। पुलिस के अनुसार रवदीप सिंह पिता नरेंद्र सिंह (27) मकान नंबर 33, सुरभि एवेन्यु, अवधपुरी में रहता था और प्राइवेट काम करता था। उसके पिता भेल से रिटायर्ड हैं। रवदीप सिंह के घर नई एक्टिवा खरीदी गई थी। गत 9 अक्टूबर को रवदीप सिंह सुबह करीब 7 बजे एक्टिवा चलाने के लिए घर से निकला। एसबीआई तिराहा, अवधुपरी पहुंचते ही उसकी एक्टिवा के पीछे आवारा कुत्ते दौड़ने लगे। डर के कारण रवदीप ने एक्टिवा की रफ्तार बढ़ाई और वह एक्टिवा से गिर गया। एक्टिवा से गिरने के कारण उसे सिर और शरीर में गंभीर चोट आई थी। राहगीरों ने एंबुलेंस की मदद से रवदीप को एम्स पहुंचाया। हादसे के बाद से ही वह बेहोश था और मंगलवार रात उसकी मौत हो गई।

न्यायालय ने निजी मुचलके पर रिहा किया

पूर्व आईएएस अधिकारी रमेश थेटे को चेक बाउंस मामले में जमानत

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मप्र के सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी और भोपाल में अनेक पदों पर पदस्थ रहे रमेश एस थेटे को 11.50 लाख रुपए के चेक बाउंस के मामले में जिला न्यायालय में जमानत देने के लिए परिचित व्यक्ति के नहीं मिलने से न्यायालय ने उन्हें निजी मुचलके पर रिहा कर दिया।

मप्र के सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी रमेश एस थेटे ने अपने परिचित प्रदीप रामटेके से 11 लाख 50 हजार रुपए उधार लिए थे। परिवादी ने जब भुगतान के लिए चेक अपने खाते की बैंक में जमा किया तो चेक बाउंस हो गया था। परिवादी ने थेटे के खिलाफ 17 जुलाई 2023 को न्यायालय में प्रकरण प्रस्तुत किया था। न्यायालय ने रमेश एस. थेटे के खिलाफ समन जारी कर उन्हें न्यायालय में उपस्थित होने के निर्देश दिए थे। उपस्थित नहीं होने पर न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी द्वारा उनके खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किया था। गिरफ्तारी वारंट जारी किए जाने के बावजूद जब उपस्थित नहीं हुए तो न्यायालय ने उन्हें फरार घोषित करते हुए स्थाई गिरफ्तारी वारंट जारी किया था।

भाजपा सांसद और मंत्री की पत्नी अनीता पर लगाए मानसिक प्रताड़ना के आरोप

महिला का दावा- मंत्री नागर सिंह चौहान के साथ 20 साल से रिश्ते में

विशेष प्रतिनिधि ⏭ भोपाल

प्रदेश सरकार के मंत्री नागर सिंह चौहान को लेकर एक महिला के वीडियो ने राजनीतिक हलकों में हलचल पैदा कर दी है। महिला ने वीडियो जारी कर दावा किया है कि वह करीब 20 साल से मंत्री के साथ रिश्ते में है। उसने भाजपा सांसद और मंत्री की पत्नी अनीता चौहान पर मानसिक प्रताड़ना के आरोप भी लगाए हैं। हालांकि, मंत्री नागर ने महिला के आरोपों को झूठा बताते हुए इसे अपने खिलाफ राजनीतिक साजिश करार दिया है।

महिला ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से हस्तक्षेप कर अपने अधिकार दिलाने की मांग की है। उसने अपनी और अपने बेटे की सुरक्षा को लेकर भी आशंका जताई है। महिला का आरोप है कि उसे और उसके बेटे को ऐसे संदेश भेजे गए, जिनसे उनका परिवार मानसिक रूप से परेशान हुआ।



मंत्री नागर सिंह चौहान

अनीता चौहान पर बेटे को संदेश भेजने का आरोप

महिला ने आरोप लगाया कि सांसद अनीता चौहान ने उसे आपत्तिजनक संदेश भेजे। उसके मुताबिक, उसके बेटे को भी संदेश भेजे गए, जिससे वह मानसिक रूप से परेशान हुआ और परीक्षा तक नहीं दे पाया। महिला ने वीडियो में बेटे के पिता की पहचान स्पष्ट नहीं की है। उसने दावा किया कि सांसद से बातचीत कर अपनी बात रखने की कोशिश की, लेकिन उसे सकारात्मक जवाब नहीं मिला। महिला के मुताबिक, वह लंबे समय तक चुप रही, मगर अब मानसिक परेशानी के चलते सार्वजनिक रूप से अपनी बात रख रही है। महिला ने वीडियो में कहा कि वह मंत्री नागर सिंह चौहान के घर जाने वाली है। उसने आशंका जताई कि वहां उसके साथ कोई अप्रिय घटना होती है, तो इसके लिए सांसद अनीता चौहान और उनका परिवार जिम्मेदार होगा।

18 साल की उम्र से रिश्ते में होने का दावा

महिला ने वीडियो में कहा कि जब वह 18 साल की थी, तभी से नागर सिंह चौहान के साथ रिश्ते में है। उसके मुताबिक, दोनों पति-पत्नी की तरह रहे और मंत्री ने जीवनभर साथ निभाने का भरोसा दिया था। महिला ने दावा किया कि वह मंत्री के आधिकारिक आवास के बजाय अलग घर में रहती थी और उनके कहे अनुसार अपना जीवन बिताती रही। महिला ने यह भी कहा कि वह कई बार गर्भवती हुई। हालांकि, उसने मंत्री के साथ अपने संबंधों और बच्चों को लेकर जो बातें कहीं, उनके समर्थन में कोई जानकारी सामने नहीं आई है।

मंत्री ने आरोपों को बताया झूठा

महिला के दावों पर मंत्री नागर सिंह चौहान ने कहा कि महिला आलीराजपुर की रहने वाली है। उनके मुताबिक, उनके पिता और महिला के पिता साथ रहते थे तथा दोनों परिवारों के बीच पारिवारिक संबंध हैं। मंत्री ने महिला के वीडियो में लगाए गए आरोपों को झूठा बताते हुए अपने खिलाफ राजनीतिक साजिश होने की बात कही है।



सीएम ने विंध्य विकास प्राधिकरण के पदाधिकारियों के आपसी मतभेद पर लिया संज्ञान

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष खंडेलवाल की समझाइश के बाद मतभेदों का पटाक्षेप

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

विंध्य विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष पंचूलाल प्रजापति एवं उपाध्यक्ष डॉ. अजय सिंह के बीच प्रशासनिक अधिकारी की नियुक्ति को लेकर उत्पन्न आपसी मतभेदों के मामले को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने गंभीरता से संज्ञान में लिया। मुख्यमंत्री के संज्ञान के बाद भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक हेमंत खण्डेलवाल ने तत्काल प्रभाव से दोनों पदाधिकारियों को भोपाल बुलाकर उनसे चर्चा की और आपसी समन्वय एवं संगठनात्मक मर्यादाओं के अनुरूप कार्य करने की समझाइश दी। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल



ने दोनों पार्टी पदाधिकारियों से चर्चा के दौरान इस बात पर जोर दिया कि संगठन और सरकार की प्राथमिकता जनसेवा, विकास कार्यों को गति देना तथा जनकल्याणकारी योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करना है। सार्वजनिक जीवन में दायित्वों का निर्वहन करते समय आपसी समन्वय, संवाद और परस्पर सम्मान का विशेष महत्व है। पदाधिकारियों के बीच किसी भी प्रकार के मतभेद को बातचीत के माध्यम से सुलझाना चाहिए, ताकि संगठन की गरिमा और सरकार की सकारात्मक छवि बनी रहे।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल ने दोनों पदाधिकारियों को अपने-अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी जिम्मेदारी के साथ करते हुए विंध्य क्षेत्र के विकास और जनता के हितों को सर्वोच्च प्राथमिकता देने की समझाइश दी। उन्होंने स्पष्ट किया कि संगठन और सरकार की अपेक्षा है कि सभी पदाधिकारी आपसी तालमेल के साथ काम करें तथा क्षेत्र के विकास और जनकल्याण के कार्यों में पूरी ऊर्जा के साथ जुटें। प्रदेश अध्यक्ष खण्डेलवाल की पहल और समझाइश के उपरांत दोनों पदाधिकारियों के बीच उत्पन्न मतभेदों का आज पटाक्षेप हो गया। इस पहल से आपसी समन्वय स्थापित करने और संगठनात्मक एकजुटता बनाए रखने की दिशा में सकारात्मक समाधान निकला है।

जनसमस्याओं के निराकरण के निर्देश

मंत्री कृष्णा गौर ने कार्यकर्ताओं से मुलाकात कर समस्याएं सुनीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल



मंत्री कृष्णा गौर ने भाजपा प्रदेश कार्यालय में प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए पार्टी कार्यकर्ताओं से मुलाकात कर उनकी जनसमस्याओं एवं सुझावों को सुनकर संबंधित अधिकारियों को निराकरण के निर्देश दिए। जिन प्रकरणों में विभाग की कार्रवाई आवश्यक है, उन्हें शीघ्र निराकरण के लिए संबंधित विभागों को भेजा गया। कार्यकर्ताओं के माध्यम से प्राप्त जनसमस्याओं का परीक्षण कर प्राथमिकता के आधार पर उसके समाधान का प्रयास किया जाएगा। आमजन को शासन की योजनाओं का लाभ दिलाना सीएम के नेतृत्व में प्रदेश सरकार एवं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष खण्डेलवाल के नेतृत्व में संगठन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है।

मुख्यमंत्री, प्रदेश अध्यक्ष, केंद्रीय मंत्री, प्रदेश प्रभारी सहित प्रदेश नेतृत्व होगा शामिल

'लोकतंत्र बचाओ अराजकता हटाओ' के संकल्प को लेकर आज इंदौर में पदयात्रा

भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल, केंद्रीय मंत्री मनसुखभाई मांडविया, भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव एवं प्रदेश प्रभारी बिप्लब कुमार देब एवं प्रदेश नेतृत्व 30 अक्टूबर को इंदौर में 'लोकतंत्र बचाओ-अराजकता हटाओ' संकल्प को लेकर आयोजित विशाल पदयात्रा में शामिल होंगे।

'लोकतंत्र बचाओ-अराजकता हटाओ' विशाल पदयात्रा शुक्रवार को सुबह 10 बजे इंदौर के सुभाष नगर चौराहा से पाटनीपुरा चौराहा तक निकाली जाएगी। पदयात्रा में कबीरपंथी गायक पद्मश्री भैरोंसिंह चौहान, मध्यप्रदेश शासन के मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, तुलसीराम सिलावट, पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष रणवीर सिंह रावत, सांसद शंकर लालवानी, इंदौर जिला अध्यक्ष सुमित मिश्रा, महापौर पुष्यमित्र भार्गव सहित भाजपा के प्रदेश पदाधिकारी, विभिन्न समाजों के प्रतिनिधि, व्यापारी संगठनों के पदाधिकारी, खेल संगठनों के प्रमुख व आमजन सहित करीब एक लाख लोग शामिल होंगे।

स्व-गणना के लिए जागरूक करने बनाएं वातावरण: बर्णवाल

निर्धारित अवधि में जनगणना संबंधी कार्य समन्वय से करें सभी विभाग

मप्र राज्य स्तरीय जनगणना समन्वय समिति की बैठक संपन्न

विशेष प्रतिनिधि ⏭ भोपाल



जनगणना-2027 से जुड़े सभी विभाग संवेदनशीलता और समन्वय से निर्धारित समय अवधि में कैलेंडर अनुसार कार्यवाही सुनिश्चित करें जिससे भारत सरकार की मंशानुसार जनगणना के आवश्यक आंकड़े संकलित किए जा सके। मुख्य सचिव अशोक बर्णवाल ने गुरूवार को मंत्रालय में भारत की जनगणना के लिए गठित मध्यप्रदेश राज्य स्तरीय जनगणना समन्वय समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए यह अपेक्षा की है। उन्होंने इस बार की जनगणना को प्रथम डिजीटल जनगणना बताते हुए कहा कि ऐसे प्रयास हो कि अधिकतर नागरिक स्व-गणना में स्वंय ही अपनी जानकारी दर्ज कर सके। उन्होंने कहा कि शासकीय कर्मचारियों के लिए आइगॉट पर छोटा मॉड्यूल बनाकर डाला जाए, महाविद्यालयों में विद्यार्थियों को स्व-गणना पत्रक भरने के लिए ट्रेंड किया जाए और विभिन्न डिजिटल तथा सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर भी स्व-गणना पत्रक भरने के छोटे-छोटे वीडियो अपलोड कर नागरिकों के बीच प्रसारित किए जाए।

जनगणना को ध्यान में रख करें परीक्षाओं का संचालन

मुख्य सचिव बर्णवाल ने स्कूल शिक्षा विभाग को निर्देश दिए कि वे जनगणना के इस द्वितीय चरण को ध्यान में रखकर वर्ष 2027 की परीक्षाओं का संचालन करें। इसके अतिरिक्त उनके द्वारा सभी सम्बंधित विभागों को भी निर्देशित किया गया कि वे आपस में समन्वय करते हुए, जनगणना-2027 के लिए मानव संसाधन की उपलब्धता योजना को तैयार करें जिससे जनगणना का कार्य मध्यप्रदेश में सुचारू रूप से संपन्न हो सके। बर्णवाल ने सभी सम्बंधित विभागों को यह भी निर्देश दिए कि वे जनगणना-2027 के कार्य के समन्वय के लिए अपने अपने विभागों में एक नोडल अधिकारी नामित करें। जनसंपर्क विभाग को जन सामान्य में जनगणना के प्रति जागरूकता लाने के लिए व्यापक प्रचार प्रसार करने के निर्देश भी दिए गए।

देश की प्रथम डिजिटल माध्यमों द्वारा जनगणना

बैठक के प्रारंभ में निदेशक, जनगणना ने जनगणना-2027 की रूपरेखा, प्रारम्भिक तैयारियां, डिजिटल रोडमैप और संगठनात्मक ढांचा इत्यादि के बारे में विस्तृत रूप से अवगत कराया गया। बैठक में बताया गया कि भारत की जनगणना-2027, देश की प्रथम डिजिटल माध्यमों द्वारा जनगणना होगी जिसमें मोबाइल ऍप के माध्यम से डेटा संकलन किया जाएगा, साथ ही इस पूरे कार्य की मॉनिटरिंग एवं मैनेजमेंट वेब पोर्टल के माध्यम से की जायेगी। बैठक में बताया गया कि सैंपल के रूप में जिला सिवनी की कुरई तहसील के कुछ चयनित ग्रामों में तथा ग्वालियर जिले के नगर निगम ग्वालियर के चयनित वार्ड में जुलाई 2026 में सफलतापूर्वक पूर्ण कर लिया गया है। निदेशक जनगणना द्वारा पूर्व परीक्षण कार्य के अनुभवों को समिति के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

89 विधायकों के निज सहायक शामिल हुए

मप्र विस की डिजिटल ट्रेनिंग में 2 दिन में पहुंचे 59 विधायक

भोपाल। मप्र विधानसभा को पूरी तरह पेपरलेस बनाने के लिए नेशनल ई-विधान एप्लीकेशन की तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। तीन दिवसीय कार्यशाला में अब तक सिर्फ 59 विधायक ही शामिल हुई हैं। वहीं 89 विधायकों के निज सहायक इस प्रशिक्षण में शामिल हुए है। इस तरह अब तक कुल 148 विधायकों का प्रतिनिधित्व प्रशिक्षण में दर्ज हुआ है। अब 52 विधायकों के बराबर प्रतिनिधित्व का आंकड़ा बाकी है।

करना है तैयारी

दरअसल, इस प्रशिक्षण का उद्देश्य विधायकों को डिजिटल माध्यम से सदन की कार्यवाही में भागीदारी के लिए तैयार करना है। पहले दिन 28 अक्टूबर को 38 विधायक खुद प्रशिक्षण लेने पहुंचे, जबकि 60 निज सहायकों ने उपस्थिति दर्ज कराई। दूसरे दिन 29 अक्टूबर को 21 विधायक और 29 निज सहायक प्रशिक्षण में शामिल हुए। दोनों दिनों को मिलाकर 59 विधायक स्वयं पहुंचे और 89 निज सहायक शामिल हुए है। 30 अक्टूबर कार्यशाल का अंतिम दिन है।

केंद्रीय मंत्री यादव से मिले सीएम



भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने गुरूवार को नई दिल्ली में केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेन्द्र यादव से उनके निवास पर सौजन्य भेंट की। मध्यप्रदेश प्राकृतिक संपदा, समृद्ध वन संपदा और जैव-विविधता की दृष्टि से महत्वपूर्ण राज्य है। राज्य में पर्यावरण संरक्षण, वन क्षेत्रों के संवर्धन, वन्य जीवों के संरक्षण तथा सतत विकास को प्रोत्साहित करने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं।

2 से 4 नवंबर तक होगा बैठक का आयोजन

आरएसएस की अभा कार्यकारी मंडल की बैठक इंदौर में होगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) की अखिल भारतीय कार्यकारी मंडल की वार्षिक बैठक का आयोजन इंदौर में किया जाएगा। यह बैठक इंदौर के डेली कॉलेज मैदान में 2 से 4 नवंबर तक आयोजित होगी। बैठक में संघ के शताब्दी वर्ष के दौरान देशभर में हुए कार्यक्रमों की समीक्षा के साथ मौजूदा सामाजिक और वैश्विक परिस्थितियों से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा होगी। इस बैठक में संघ प्रमुख डॉ. मोहन भागवत, सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले सहित सभी छह सह सरकार्यवाह और अखिल भारतीय कार्यकारिणी के सदस्यों के साथ देशभर के 46 प्रांतों और 11 क्षेत्रों के प्रमुख पदाधिकारी शामिल होंगे। बैठक में शताब्दी वर्ष के दौरान हुए कार्यक्रमों की समीक्षा की जाएगी। बैठक में वर्तमान समय की सामाजिक चुनौतियों और महत्वपूर्ण विषयों पर व्यापक चर्चा प्रस्तावित है। इनमें नशीली दवाओं की बढ़ती समस्या, नए माध्यमों पर प्रसारित होने वाले कंटेंट, बाहरी शक्तियों का हस्तक्षेप और वैश्विक परिदृश्य जैसे मुद्दे शामिल हैं। इन विषयों पर चर्चा के जरिए संघ की आगामी गतिविधियों और कार्यदिशा से जुड़े पहलुओं पर विचार किया जाएगा।

सारंग ने देवास शराब मामले में कांग्रेस नेता पुत्र की संलिप्तता पर दी प्रतिक्रिया

बिजली बिल से कर्मचारियों के वेतन तक, खर्चों के धन का स्रोत बताएं कांग्रेस के नेता: मंत्री विश्वास

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल



मप्र शासन के कैबिनेट मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने गुरुवार को देवास शराब कांड में कांग्रेस प्रवक्ता आनंद कासलीवाल के पुत्र अमन कासलीवाल की संलिप्तता पर कांग्रेस नेतृत्व पर गंभीर सवाल उठाए है। मंत्री सारंग ने मीडिया से चर्चा करते हुए पुलिस विवेचना में सामने आए तथ्यों के बाद कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी को अपनी स्थिति स्पष्ट करनी चाहिए। गंभीर मामलों में निष्पक्षता, पारदर्शिता और जवाबदेही की बातें करने वाली कांग्रेस अपने नेताओं और उनसे जुड़े लोगों पर आरोप सामने आने पर चुप्पी क्यों साध लेती है? कांग्रेस को केवल दूसरों से सवाल पूछने के बजाय अपने लोगों से जुड़े सवालों का भी जवाब देना चाहिए। आनंद कासलीवाल और अमन कासलीवाल कांग्रेस के धरने-प्रदर्शनों में टेंट, लाइट और माइक की व्यवस्थाओं से लेकर प्रदेश कांग्रेस कार्यालय के बिजली बिल तथा कर्मचारियों के वेतन जैसे खर्चों से जुड़े रहे हैं।

यह किसी दल का नहीं, देश के भविष्य को बचाने का अभियान

लोकतंत्र और वोट के अधिकार की रक्षा के लिए पहुंचें दिल्ली: पटवारी

विशेष प्रतिनिधि ⏭ भोपाल



प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने देशवासियों, युवाओं और लोकतंत्र में विश्वास रखने वाले सभी नागरिकों से राहुल गांधी के आह्वान पर 1 नवंबर को दिल्ली पहुंचने की अपील की है। यह अभियान किसी राजनीतिक स्वार्थ, व्यक्तिगत द्वेष या चुनावी लाभ के लिए नहीं, बल्कि देश के लोकतंत्र, संविधान और प्रत्येक नागरिक के वोट के अधिकार की रक्षा के लिए है।

जनता के सवालों के जवाब आना जरूरी

पटवारी ने कहा कि मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, भारतीय जनता पार्टी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के बीच कथित राजनीतिक गठजोड़ को लेकर जो सवाल उठाए जा रहे हैं, उनका जवाब देश के सामने आना चाहिए। लोकतांत्रिक संस्थाओं की निष्पक्षता और चुनावी प्रक्रिया की विश्वसनीयता पर उठने वाले सवालों की पारदर्शी जांच और स्पष्ट जवाब लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए आवश्यक हैं। उन्होंने देश के नागरिकों और विशेष रूप से युवाओं से अपील करते हुए कहा कि आइए, हम सब मिलकर दिल्ली पहुंचें।



बाल देखरेख संस्थाओं, वन स्टॉप सेंटर सहित होंगे अन्य आयोजन

एक लाख से अधिक आंगनबाड़ी केंद्रों में स्वच्छता अभियान 6.0 के तहत आज आयोजित की जाएंगी अनेक गतिविधियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल



महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा 30 अक्टूबर को प्रदेशव्यापी एक दिवसीय विशेष स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा। भारत सरकार के महिला एवं बाल विकास मंत्रालय के निर्देशानुसार 'विशेष अभियान 6.0' के अंतर्गत प्रदेश के समस्त आंगनवाड़ी केंद्रों, बाल देखरेख संस्थाओं, वन स्टॉप सेंटर, सखी निवास और शक्ति सदन में व्यापक स्तर पर स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण की गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। अभियान का उद्देश्य विभागीय संस्थाओं को स्वच्छ, सुरक्षित, व्यवस्थित और सुविधाजनक बनाना है। अभियान के अंतर्गत मिशन सक्षम आंगनबाड़ी एवं पोषण 2.0 से जुड़े जिला एवं परियोजना कार्यालयों तथा आंगनबाड़ी केंद्रों में विशेष साफ-सफाई की जाएगी। कार्यालयों और केंद्रों के सौंदर्यीकरण के लिए आकर्षक वॉल पेंटिंग, रंग-रोगन, आवश्यक मरम्मत और बुनियादी सुविधाओं के उन्नयन पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। परिसर में अनुपयोगी एवं अव्यवस्थित स्थानों को व्यवस्थित कर उपलब्ध स्थान का बेहतर उपयोग सुनिश्चित किया जाएगा।

स्वच्छता के साथ पर्यावरण संरक्षण को भी अभियान का महत्वपूर्ण हिस्सा बनाया गया है। इसके अंतर्गत पौधरोपण, जैविक कचरे का वैज्ञानिक प्रबंधन तथा इलेक्ट्रॉनिक कचरे के संग्रहण, पृथक्करण और सुरक्षित निपटान जैसी गतिविधियां संचालित की जाएंगी।

मिशन शक्ति एवं मिशन वात्सल्य के अंतर्गत संचालित बाल देखरेख संस्थाओं, वन स्टॉप सेंटर, सखी निवास और शक्ति सदन में पानी की टंकियों की सफाई, शौचालयों का सैनिटाइजेशन तथा खिड़कियों की जालियों सहित संस्थागत परिसरों की विशेष साफ-सफाई की जाएगी। स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए चित्रकला और फैंसी ड्रेस प्रतियोगिताएं भी आयोजित होंगी। स्वच्छता व्यवस्था में अहम योगदान देने वाले सफाई मित्रों को सम्मानित किया जाएगा।

स्वच्छता के साथ जनसमस्याओं के समाधान पर भी विशेष जोर

राज्य में 30 अक्टूबर को जनसमस्या निवारण दिवस के रूप में भी मनाया जाएगा। इस दौरान पोषण सेवाओं और प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना से संबंधित शिकायतों के अधिकतम निराकरण पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। इसका उद्देश्य महिलाओं, बच्चों और पात्र हितग्राहियों को विभागीय योजनाओं एवं सेवाओं का लाभ सुगमता से उपलब्ध कराना है। अभियान की प्रभावी निगरानी और पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए सभी संबंधित संस्थाओं को स्वच्छता कार्यों के पहले और बाद के छायाचित्र लेने तथा गतिविधियों का विवरण संबंधित पोर्टल पर अपलोड करने के निर्देश दिए गए हैं।



हलालपुरा स्थित पटाखा दुकानों में सुरक्षा जांचने पहुंची टीम

अग्निशमन यंत्र तो चले पर पानी मिला कम दो दिन बाद खड़ी हो जाएगी फायर ब्रिगेड

- दुकानों में जांचा कार्बाइड गन का स्टॉक, रोक की दी जानकारी
- सड़कों पर खड़े वाहनों को हटाने पुलिसकर्मी होगा तैनात

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

शहर के थोक पटाखा बाजार हलालपुरा में 15 पटाखा दुकानों से पटाखा बिक्री का काम जारी है। पिछले दिनों एसडीएम बैरागढ़ रवीश श्रीवास्तव ने 13 सुरक्षा शर्तों के साथ दुकानों के संचालन की अनुमति दी थी,जिसके तहत गुरुवार को तहसीलदार हर्ष विक्रम सिंह पुलिस अमले के साथ मौके पर पहुंचे, जहां उन्होंने थोक दुकानदारों के यहां कार्बाइड गन का स्टॉक भी जांचा।

उन्होंने पटाखा कारोबारियों को हिदायत देते हुए कहा कि कलेक्टर प्रियंक मिश्रा ने कार्बाइड



गन की खरीद-फरोख्त पर रोक लगा दी है। उन्होंने अन्य प्रतिबंधिक पटाखों की बिक्री भी नहीं करने की नसीहत दी। तहसीलदार ने कहा कि दुकानों के बाहर रखे पानी की मात्रा कम है, जिसको लेकर उन्होंने फायर दमकल को बाजार के बाहर खड़ी करने की बात कही। इसके साथ सड़कों पर बेतरतीब ढंग से खड़े वाहनों को व्यवस्थित करने के लिए एक पुलिसकर्मी की ड्यूटी लगाने के निर्देश दिए।

तहसीलदार ने महादेव पटाखा दुकान के बाहर रखे फायर एक्टिंगुशर को चलाकर भी देखा। उन्होंने सभी कारोबारियों को हिदायत देते हुए कहा कि रेत और पानी का पर्याप्त स्टॉक होना चाहिए। बिजली के तार खुले नहीं होने चाहिए। सुनिश्चित करें लापरवाही न हो। उन्होंने सभी कारोबारियों को बिजली सुरक्षा सर्टिफिकेट पेश करने की बात कही।

आबादी क्षेत्र से दूर लगेंगे अस्थाई पटाखा बाजार

अपर कलेक्टर महेंद्र कवचे ने गुरुवार को पटाखा कारोबारियों की कलेक्टोरेट में बैठक रखी, जिसमें उन्होंने कहा कि अस्थायी पटाखा दुकानें आबादी क्षेत्र से दूर लगाई जाएं। दुकानों के बीच कम से कम तीन मीटर की दूरी रखी जाए और अग्निरोधी सामग्री से शेड का निर्माण किया जाए। दुकानों में अग्निशमन उपकरण, रेत और पानी से भरी बाल्टियां मौजूद रहें। परिसर में 24 घंटे फायर दमकल भी मौजूद रहेगी। उन्होंने कहा कि थोक विक्रेता फुटकर विक्रेताओं का वैध लाइसेंस देखकर ही पटाखों की बिक्री करेंगे।

आग से सुरक्षा और भीड़ नियंत्रण अनिवार्य

एसडीएम के आदेश में लगाई गई शर्तों के तहत दुकानदारों को आग से सुरक्षा, बिजली सुरक्षा, ट्रैफिक मैनेजमेंट भीड़ नियंत्रण के साथ ही एनजीटी के निर्देश का पालन करना पड़ेगा। इसके अनुरूप तय डेसीबल से अधिक आवाज वाले पटाखे, कार्बाइड गन बेचने पर पूरी तरह से रोक रहेगी। इसके साथ दुकानदारों को अग्नि सुरक्षा मॉक ड्रिल, विद्युत सुरक्षा और फायर एनओसी एसडीएम कोर्ट में पेश करना पड़ेगी

दुर्घटना या चोट के बाद हाथ में कमजोरी के साथ हरकत में कमी लगे तो कराएं जांच



भोपाल। दुर्घटना या चोट के बाद हाथ में कमजोरी अथवा उसकी हरकत में कमी होने पर तुरंत प्लास्टिक सर्जरी विभाग में परामर्श लें, क्योंकि समय पर जांच और उपचार से बेहतर परिणाम मिलने की संभावना बढ़ती है। यह सलाह, एम्स भोपाल के बर्न्स एवं प्लास्टिक सर्जरी विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. अभिनव सिंह का।

- एम्स के डॉ. अभिनव ने पूरी की ब्रैकियल प्लेक्सस सर्जरी की फेलोशिप

डॉ अभिनव ने हाथ की नसों के जाल (ब्रैकियल प्लेक्सस) की जटिल चोटों के उपचार के लिए सर्जरी की विशेष फेलोशिप पूरी की। उत्तराखंड के हल्द्वानी में विशेषज्ञ डॉ. पीएस भंडारी के मार्गदर्शन में फेलोशिप के दौरान डॉ. अभिनव सिंह ने ब्रैकियल प्लेक्सस की कई सर्जरी में भाग लिया और जांच, ऑपरेशन तथा नवीनतम सर्जिकल तकनीकों का व्यावहारिक अनुभव प्राप्त किया।

इस विशेष प्रशिक्षण से एम्स भोपाल में ब्रैकियल प्लेक्सस की चोटों से पीड़ित मरीजों के बेहतर उपचार में मदद मिलेगी और हाथ की कार्यक्षमता बहाल करने की संभावनाओं को बेहतर बनाने में सहायता मिलेगी।

बदली से हुई चांद के दीदार में देरी, थोड़ी-थोड़ी देर में चलती रही चांद की लुका-छिपी

बादलों में छिपता रहा चांद, छलनी लेकर आसमान की ओर निहारती रहीं महिलाएं



करवाचौथ पर चांद और पति का पूजन करतीं महिलाएं।



छलनी की ओट से चांद और पति को निहारती श्रद्धालु महिला।

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

दिन में हुई बारिश और शाम को आसमान में छाए बादलों ने करवा चौथ का व्रत रखने वाली महिलाओं का इंतजार बढ़ा दिया। रात में चांद निकला, लेकिन बादलों की ओट में बार-बार छिपता रहा। ऐसे में महिलाएं कभी छत पर तो कभी घर के बाहर खड़े होकर आसमान निहारती रहीं। चांद थोड़ी देर दिखाई देता और फिर बादलों में छिप जाता। चांद की इस लुका-छिपी के बीच महिलाओं को उसके स्पष्ट दर्शन के लिए इंतजार करना पड़ा। आखिरकार चांद के दर्शन होते ही महिलाओं ने अर्घ्य देकर पूजा की और छलनी से पहले चंद्रमा, फिर पति का चेहरा देखकर आरती उतारी। इसके बाद पति के हाथ से जल ग्रहण कर निर्जला व्रत खोला और अखंड सौभाग्य के साथ पति की लंबी आयु की कामना की। कार्तिक कृष्ण पक्ष की चतुर्थी पर गुरुवार को राजधानी में करवा चौथ का पर्व श्रद्धा और उल्लास के साथ



मनाया गया। महिलाओं ने सुबह से निर्जला व्रत रखकर भगवान गणेश, कार्तिकेय और चौथ माता की पूजा-अर्चना की। दिनभर व्रत और पूजन की तैयारियों के बाद शाम होते ही महिलाओं की निगाहें चांद के निकलने पर टिक गईं। हालांकि दिन में हुई बारिश के बाद आसमान में बादल छाए रहने से चंद्र दर्शन में परेशानी हुई। कटारा हिल्स क्षेत्र में रात करीब 8:58 बजे चांद दिखाई दिया, लेकिन कुछ ही देर बाद बादलों में छिप गया। इसके बाद भी चांद के थोड़ी-थोड़ी देर में दिखाई देने और फिर ओझल होने का सिलसिला चलता रहा।

आठ शुभ योगों में हुआ पूजन

इस बार करवा चौथ पर लक्ष्मी नारायण, राजयोग, बुधादित्य, त्रिग्रही, शुक्रादित्य, परिधि, गौरी और सर्वार्थ सिद्धि योग सहित आठ विशेष योगों का संयोग बताया गया। महिलाओं ने विधि-विधान से पूजन कर परिवार की सुख-समृद्धि और वैवाहिक जीवन की खुशहाली की कामना की। शहर के मंदिरों और कॉलोनियों में सामूहिक पूजन के आयोजन भी हुए। इस दौरान महिलाओं ने करवा चौथ के गीत गाए और एक-दूसरे को हल्दी-कुमकुम लगाकर सुहाग की सामग्री भेंट की। बुजुर्गों के चरण स्पर्श कर आशीर्वाद भी लिया।

चौथ माता की पूजा कर मांगा अखंड सौभाग्य: मां चामुंडा दरबार के पुजारी रामजीवन दुबे ने बताया कि करवा चौथ पर महिलाएं पति की लंबी आयु और अखंड सौभाग्य के लिए निर्जला व्रत रखती हैं। परंपरा के अनुसार चंद्रमा को अर्घ्य देने के बाद छलनी से चंद्र दर्शन किए जाते हैं और फिर पति का चेहरा देखकर व्रत खोला जाता है। इस अवसर पर कई स्थानों पर सामूहिक पूजन के साथ सुहागिन महिलाओं ने एक-दूसरे को सुहाग सामग्री भेंट की और सुखी वैवाहिक जीवन की कामना की।

यहां हुए सामूहिक कार्यक्रम: कुछ जगहों पर सामूहिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसके तहत टीला जमालपुरा के शीतला माता मंदिर,गुफा मंदिर,श्रीकृष्ण मंदिर तलैया।



करुणाधाम आश्रम के मां लक्ष्मी मंदिर परिसर में हुआ आयोजन

101 जोड़ों ने करवाचौथ का सामूहिक पूजन कर किए चंद्रदेव के दर्शन

भोपाल। *नेहरू नगर के करूणाधाम आश्रम के मां लक्ष्मी जी के मंदिर परिसर में सहज शिक्षा समाधान समिति के तत्वाधान में 101 जोड़ों के साथ सामुहिक करवाचौथ का आयोजन किया गया। आयोजन समिति के अध्यक्ष कमलगर्ग और प्रवक्ता रमेश राठौर के द्वारा बताया कि भारतीय परंपरा और संस्कृति के अनुसार सुदेश शांडिल्य महाराज के सानिध्य में पंडित विष्णु राजोरिया द्वारा विधिवत पूजन के साथ आयोजन किया गया। समिति के द्वारा सामुहिक करवाचौथ पुजन का यह दसवां वर्ष था। पूजन के बाद व्रतधारी महिलाओं के द्वारा भगवान चंदउेव के दर्शन किए। चंद्र देव के दिखाई देने पर भव्य आतिशबाजी की गई। कार्यक्रम स्थल को दीपिका भार्गव, शीतलवर्मा, कविता अनुरागी प्रिसी चंद्रवशी के द्वारा सुंदर रांगोली और फूलों से सजाया गया था, पूजन के पश्चात आए हुए परिवारों ने सैल्फी पाइंट पर सैल्फी ली और मां लक्ष्मी जी के दर्शन किए। समिति के पदाधिकारियों ने सुदेश शांडिल्य महाराज और पं. विष्णु राजौरिया का शाल, श्रीफल और समृति चिन्ह देकर उनसे आर्शीवाद लिया। करवाचौथ पूजन से पूर्व निलेश आचार्य सुदरकाण्ड मण्डली के द्वारा भजन संध्या का आयोजन किया गया।*

युवाओं के साथ जन सुरक्षा का संवाद, 60 हजार से अधिक कॉलेज विद्यार्थी जुड़े

भोपाल। युवाओं को संविधान और कानून की जानकारी देने, साइबर अपराधों के प्रति सतर्क बनाने तथा नागरिक अधिकारों और कर्तव्यों के प्रति संवेदनशील करने के उद्देश्य से मध्यप्रदेश पुलिस एवं उच्च शिक्षा विभाग द्वारा जन सुरक्षा युवा सृजन संवाद आयोजित किया जा रहा है। प्रदेश के विभिन्न महाविद्यालयों में चल रही इन गतिविधियों से अब तक 60 हजार से अधिक छात्र-छात्राएं जुड़ चुके हैं। मध्यप्रदेश पुलिस की सामुदायिक पुलिसिंग शाखा द्वारा उच्च शिक्षा विभाग के साथ समन्वय से संचालित इस पहल का उद्देश्य युवाओं को केवल कानून और सुरक्षा संबंधी जानकारी देना नहीं, बल्कि उन्हें जागरूक, सजग, संवेदनशील और जिम्मेदार नागरिक के रूप में विकसित करने के लिए प्रेरित करना है। कार्यक्रम के माध्यम से विद्यार्थियों को संविधान, कानूनी अधिकार, नवीन आपराधिक न्याय विधान, साइबर सुरक्षा, मानसिक स्वास्थ्य, सामाजिक सद्भाव एवं नागरिक कतर्ज्व्यों जैसे विषयों से जोड़ा जा रहा है। राष्ट्रीय एकता दिवस की पूर्व संध्या पर आयोजित हो रहे इन कार्यक्रमों में विद्यार्थियों को उनके दैनिक जीवन से जुड़े सुरक्षा एवं सामाजिक सरोकारों की जानकारी दी जा रही है।

एमओयू से पुलिस और उच्च शिक्षा विभाग की संयुक्त पहल: मध्यप्रदेश पुलिस एवं उच्च शिक्षा विभाग के मध्य हुए समझौता ज्ञापन के आधार पर इस कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की गई है। इसका उद्देश्य महाविद्यालयों और पुलिस के बीच संवाद को संस्थागत स्वरूप देना तथा विद्यार्थिय्रों को जन सुरक्षा से जुड़े विषयों की व्यावहारिक जानकारी उपलब्ध कराना है।

लुक बियॉन्ड माय स्किन थीम से बढ़ाई जागरुकता

मानसरोवर मेडिकल कॉलेज में मनाया विश्व सोरायसिस दिवस



लुक बियॉन्ड माई स्किन विषय पर कार्यक्रम आयोजित किया गया।

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मानसरोवर मेडिकल कॉलेज एवं एमजीयू हॉस्पिटल, बिलकिसगंज में त्वचा रोग विभाग द्वारा विश्व सोरायसिस दिवस के उपलक्ष्य में लुक बियॉन्ड माई स्किन विषय पर कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम का उद्देश्य सोरायसिस रोग के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा इससे पीड़ित मरीजों के प्रति संवेदनशीलता और समझ विकसित करना था। कार्यक्रम का आयोजन डॉ. अजय सिंह रघुवंशी, डॉ. प्राची राकेश श्रीवास्तव एवं डॉ. आशीष भदौरिया के मार्गदर्शन में किया गया।

इस दौरान विशेषज्ञों ने सोरायसिस रोग के लक्षणों, इसके प्रति प्रचलित भ्रांतियों तथा मरीजों को होने वाली शारीरिक एवं सामाजिक परेशानियों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि ऐसे मरीजों के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाना, उनकी समस्याओं को समझना और उन्हें उचित चिकित्सा एवं सहयोग प्रदान करना आवश्यक है।

मेडिकल लैबोरेटरी साइंस के शिक्षकों का कार्यक्रम

मेडिकल लैबोरेटरी साइंस विद्यार्थियों को प्रशिक्षित स्वास्थ्य पेशेवर बनाना भी जरूरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मेडिकल लैबोरेटरी साइंस शिक्षा को अधिक व्यावहारिक, कौशल-आधारित, अनुसंधानपरक और रोजगारोन्मुख बनाने की आवश्यकता है। शिक्षकों की जिम्मेदारी केवल विद्यार्थियों को पाठ्यक्रम पढ़ाने और परीक्षाओं के लिए तैयार करने तक सीमित नहीं है, बल्कि उन्हें सक्षम, आत्मविश्वासी, नैतिक और आधुनिक तकनीकों के अनुरूप प्रशिक्षित स्वास्थ्य पेशेवर बनाना भी आवश्यक है।

यह उद्गार डॉ. संतोष कुमार यादव ने फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम को संबोधित करते हुए कही। फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम मेडिकल लैबोरेटरी साइंस शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार, शिक्षकों की शैक्षणिक दक्षता बढ़ाने, अनुसंधान एवं नवाचार को प्रोत्साहित करने तथा विद्यार्थियों को भविष्य की स्वास्थ्य सेवाओं और डायग्नोस्टिक इंडस्ट्री की आवश्यकताओं के अनुरूप तैयार करने के उद्देश्य से आयोजित किया गया।



ये थी कार्यक्रम की थीम

कार्यक्रम की थीम 'ट्रांसफॉर्मिंग मेडिकल लेबोरेटरी साइंस एजुकेशनः एनसीएचपी, योग्यता, अनुसंधान, नवाचार और भविष्य के लिए तैयार कौशल' रही। इस कार्यक्रम का आयोजन जेएफएमएलटी इंडिया, एमएलटीडब्ल्यूए, एएएमएलएस इंडिया एवं विज्ञान भारती के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। मप्र के विभिन्न यूनिवर्सिटी के अलाइड हेल्थ साइंसेज, अलाइड हेल्थ साइंसेज इंस्टिट्यूट जैसे इंदौर, बालाघाट, आदि के मेडिकल लैबोरेटरी साइंस के शिक्षकों, डायग्नोस्टिक क्षेत्र से जुड़े लोग शामिल हुए।

माउंट आबू में ब्रह्माकुमारीज डॉ. रीना को मिला सम्मान

भोपाल दस करोड़ नशा मुक्ति जन प्रतिज्ञा महाअभियान में रहा पहले स्थान पर

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

10 करोड़ नशा मुक्ति प्रतिज्ञा महा अभियान के अंतर्गत भोपाल गुलमोहर कॉलोनी को 7 लाख से अधिक नशा मुक्ति प्रतिज्ञा कराने के लिए मप्र एवं भोपाल जोन में प्रथम स्थान एवं भारत में पांचवां स्थान प्राप्त हुआ है। इसके लिए ब्रह्मा कुमारीज के 90 वर्ष पूर्ण होने पर माउण्ट आबू में वैश्विक शिखर सम्मेलन में ब्रह्मा कुमारीज गुलमोहर कॉलोनी प्रभारी एवं ब्लेसिंग हाउस निदेशिका बीके डॉ. रीना दीदी को सम्मानित किया गया। मेडिकल विंग के सचिव डॉ. बनारसी शाह और जाने-माने कैंसर सर्जन डॉ. अशोक मेहता द्वारा ब्रह्माकुमारी डॉ. रीना दीदी को विशेष स्मृति चिन्ह और प्रशस्ति पत्र प्रदान किया।



ब्रह्माकुमारी डॉ. रीना दीदी को विशेष स्मृति चिन्ह-प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया।

भोपाल से नौ लाख से अधिक लोग अभियान से जुड़े

भारत सरकार के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय तथा नाराकोटिक्स कन्ट्रोल ब्यूरो के साथ प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय द्वारा किए गए समझौता ज्ञापन (एमओयू) के अनुरूप भोपाल जिले से नौ लाख से अधिक लोगों को इस महाअभियान से जोड़कर गुलमोहर कॉलोनी भोपाल सेवाकेन्द्र ने अकेले 7 लाख प्रतिज्ञाएं कराई।

कुलगुरु प्रो. आलोक शर्मा ने विद्यार्थियों को प्रेरित कर व्यक्त किए उद्गार

आरजीपीवीः इम्प्रेनडिटोर 5.0 का आगाजः युवाओं में दिखा नवाचार और उद्यमिता का अपार उत्साह

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (आरजीपीवी) में ई-सेल द्वारा आयोजित दो दिवसीय वार्षिक फ्लैगशिप इवेंट इम्प्रेनडिटोर 5.0 का गुरुवार की शुरूआत हुई। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में उद्यमिता, तकनीकी कौशल और व्यावहारिक समस्या समाधान की क्षमता को बढ़ावा देना है। पहले दिन आयोजित हैकाथॉन, वेंचर हंट, स्टॉक मार्केट सिमुलेशन



आरजीपीवी में वार्षिक फ्लैगशिप इवेंट इम्प्रेनडिटोर 5.0 शुरू हुआ।

और स्टार्टअप प्रदर्शनी जैसी विभिन्न तकनीकी व व्यावसायिक प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों ने भाग लिया।

उपभोक्ताओं से पूरी राशि लेकर ढाई से तीन किलो तक कम दी जा रही गैस

एजेंसी के 18 हजार से अधिक उपभोक्ताओं के साथ ठगी

कोलार इंडेन एजेंसी संचालक पर होगी एफआईआर, दूसरी बार पकड़ाई चोरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

राजधानी के कोलार इंडेन गैस एजेंसी में सिलेंडरों से गैस चोरी दूसरी बार पकड़ी गई है। इसके पहले भी सिलेंडरों में कम गैस मिली थी, जबकि बुधवार को भी सात सिलेंडरों में ढाई से तीन किलो तक गैस कम मिली। कर्मचारी ने बताया कि वह सीलपैक सिलेंडरों से बंसी की मदद से खाली सिलेंडरों में गैस निकालता है। जबकि गैस निकालने



के बाद सील को दोबारा से लगा दिया जात है। ऐसे में उपभोक्ता को पूरा दाम देने के बाद भी कम गैस मिलती है। जिला आपूर्ति नियंत्रक चंद्रभान सिंह जादौन ने बताया कि कोलार इंडेन गैस एजेंसी में सिलेंडरों से गैस चोरी के मामले को लेकर एजेंसी संचालक दीपा गाड़ी पर एफआईआर दर्ज कराई जाएगी। मंगलवार को कोलार इंडेन गैस एजेंसी के वाहन में रखे सिलेंडरों से गैस रिफलिंग करते हुए पकड़ा गया था। जिससे 7 सिलेंडरों में गैस कम निकली थी। टीम ने 98 सिलेंडर जब्त कर कलेक्टर कोर्ट में केस पेश कर दिया है, जबकि गैस चोरी के मामले में एजेंसी संचालक पर एफआईआर दर्ज कराई जा रही है।

94 फीसदी परिवारों को मिला पीडीएस का राशन

दीवाली को देखते हुए उपभोक्ताओं ने अक्टूबर माह का राशन ले लिया है, अब चार नवंबर से राशन बांटा जाएगा, हालांकि आठ नवंबर को दीवाली होने से सभी उपभोक्ता राशन नहीं ले पाएंगे। ऐसे में अक्टूबर माह में अब तक 94 फीसद उपभोक्ताओं ने राशन ले लिया है। हालांकि शुक्रवार और शनिवार को भी पीडीएस दुकानों से राशन बांटा जाएगा। उपभोक्ताओं को प्रति सदस्य चार किलो गेहूं, एक किलो फोर्टिफाइड चावल और प्रति परिवार एक किलो नमक एक रुपए की दर पर दिया जा रहा है।

केमिकल फैक्ट्री में मैनेजर था युवक, हादसे ने ली जान

परवलिया सड़क एयरपोर्ट रोड पर ढाबे से पैदल लौट रहे फैक्ट्री मैनेजर को वाहन ने कुचला

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

परवलिया सड़क एयरपोर्ट रोड पर ढाबे से पैदल लौट रहे केमिकल फैक्ट्री के मैनेजर को बुधवार-गुरुवार की दरमियानी रात अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। हादसे में गंभीर रूप से घायल मैनेजर की हमीदिया अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

परवलिया सड़क पुलिस के अनुसार, शांति नगर निवासी अजय राठौर (32) एक केमिकल फैक्ट्री में मैनेजर थे। बुधवार देर रात वह अपने चचेरे भाई के साथ घर के पास स्थित ढाबे पर खाना खाने गए थे। खाना खाने के बाद उनका भाई



बाइक से परिचित को लेने गांधी नगर की ओर चला गया, जबकि अजय पैदल ही उसी दिशा में जाने लगे। रात करीब दो बजे कंकाली ढाबे के पास अज्ञात वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी।

गंभीर हालत में उन्हें हमीदिया अस्पताल पहुंचाया गया, जहां तड़के करीब चार बजे उनकी मौत हो गई। पोस्टमार्टम के बाद पुलिस ने शव परिजन को सौंप दिया है।

दूसरी मंजिल से कूदकर युवक ने दी जान

भोपाल। कटारा हिल्स थाना क्षेत्र स्थित स्वामी विवेकानंद परिसर में बुधवार सुबह एक युवक ने मकान की दूसरी मंजिल से छलांग लगा दी।

■ पारिवारिक विवाद की आशंका

पोर्च में गिरने से उसकी मौत हो गई। प्राथमिक जांच में मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। फिलहाल आत्महत्या के पीछे पारिवारिक विवाद की आशंका जताई जा रही है। पुलिस के अनुसार, स्वामी विवेकानंद परिसर कटारा हिल्स निवासी अजय जोशी पिता कैलाश जोशी (34) ड्राइवरी करता था, जबकि उसके पिता भी इसी पेशे में हैं। परिवार किराए के डुप्लेक्स में रह रहा था। अजय की बहन अपेक्षा जोशी ने पुलिस को बताया कि उसकी भाभी करीब छह महीने से मायके में हैं। बुधवार सुबह करीब 11 बजे अजय ने डुप्लेक्स की दूसरी मंजिल से छलांग लगा दी। वह मकान के सामने बने पोर्च में गिरा। परिजन उसे तत्काल अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। प्रारंभिक जांच में घटना के पीछे पारिवारिक विवाद की आशंका सामने आई है। हालांकि, पुलिस का कहना है कि अभी परिजनों के विस्तृत बयान दर्ज नहीं हो सके हैं।

मजदूर की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

बिलखिरिया थाना क्षेत्र स्थित प्रेमजी यूनिवर्सिटी के पास शापुरजी कंपनी के स्टाफ रूम में युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। रात में वह बिना खाना खा सोया था। सुबह उसकी नींद नहीं खुली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन सौंप दिया है। पुलिस के अनुसार अक्षय मंडल पिता अनिल मंडल (29) मूलता गणेशपुर बारहवां झारखंड का रहने वाला था। वह अपने पिता और साले के साथ अजीम प्रेमजी यूनिवर्सिटी के पास शापुरजी कंपनी में काम कर रहा था। कंपनी ने कर्मचारियों को रहने के लिए बैरिक बना कर दिए हैं। मंगलवार रात वह अपने बैरिक में था। उसका साला उसे खाना देने पहुंचा, लेकिन उसने खाना नहीं खाया। अगले ही दिन बुधवार सुबह वह बैरिक में बेसुध मिला। उसे अस्पताल ले जाया गया, वहां डॉक्टर ने चेक करने पर मृत घोषित कर दिया। अक्षय के पिता और साले ने पुलिस को बताया कि 2 दिन से अक्षय की तबीयत खराब थी। वह कुछ खा भी नहीं रहा था।

करवा चौथ के दिन महिला ने फांसी लगाकर दी जान

बिलखिरिया थाना क्षेत्र स्थित गांव जमुनिया कलां में महिला ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उसका शव कमरे में फंदे पर लटका मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। उसके पास से सुसाइड नोट नहीं मिला है। प्राथमिक जांच में यह बात सामने आई कि तीन महीने से उसका मानसिक संतुलन बिगड़ चुका था। परिजन उसका इलाज भी करा रहे थे। पुलिस के अनुसार अनीता मैथिल पति मोहन मैथिल (42) गांव जमुनिया कलां, बिलखिरिया में रहती थीं। पति मोहन मैथिल खेती किसानी करता है। अनीता और मोहन के चार बच्चे हैं। अनीता बुधवार रात यह कहकर सोयी थी कि गुरुवार को उसका करवा चौथ का व्रत है। गुरुवार सुबह परिजन की नींद खुली तो अनीता का शव फांसी के फंदे पर लटके मिला।

बिलखिरिया थाना क्षेत्र स्थित गांव जमुनिया कलां की घटना

खबर संक्षेप

चारा काट रहा युवक नदी में गिरा, मिली लाश

भोपाल। बैरसिया थाना क्षेत्र स्थित गांव कढैया शाह पारदी टोला में खेत पर चारा काटने निकला युवक नदी में गिर गया। वह घर नहीं लौटा तो परिजन ने उसकी तलाश की, लेकिन कुछ पता नहीं चला। परिजन थाने पहुंचे और गुमशुदगी दर्ज कराई। गुमशुदगी दर्ज कराने के अगले ही दिन बुधवार सुबह परिजन ने उसकी लाश नदी में बने डैम में देखी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से लाश बाहर निकालकर पीएम के लिए भेज दी। पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस के अनुसार रवि पारदी पिता बड़ा लीटर (33) गांव कढैया शाह पारदी टोला में रहता था। रवि के बड़े भाई जसवान पारदी ने बताया कि मंगलवार सुबह रवि घर से चारा काटने का कहकर निकला था। इसके बाद घर नहीं लौटा। परिजन खेत पर उसे देखने भी पहुंचे, लेकिन वह नहीं मिला। लगातार तलाश करने के बाद भी रवि नहीं मिला तो रात में थाने पहुंचकर उसकी गुमशुदगी दर्ज कराई। बुधवार सुबह परिजन खेत गए थे। इस दौरान खेत से लगे डैम में रवि का शव नजर आया। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। निरीक्षण में पता चला कि रवि जिस जगह घांस काट रहा था, वहां नीचे बाह नदी पर डैम बना हुआ था।

स्व. कृष्णा तिवारी को अर्पित की श्रद्धांजलि

औबेदुल्लागंज। गुरुवार को प्रसिद्ध कथा वाचक संतोष तिवारी के निवास पर उनके स्वर्गीय पुत्र



कृष्णा तिवारी के आकस्मिक निधन पर श्रद्धांजलि सभा में भाजपा नेता जयप्रकाश शर्मा, नीरज चावला, पत्रकार ऋषभ जैन, मनोज चौरसिया, बंटी जोशी, मनीष गोसिंदे डैनी साहू, आरती यादव, दिनेश दांडगे आदि ने श्रद्धांजलि अर्पित कर शोक व्यक्त किया।

राज्यस्तरीय भजन प्रतियोगिता स्थगित

औबेदुल्लागंज। प्रतिकूल मौसम एवं लगातार बारिश की संभावना को देखते हुए औबेदुल्लागंज में आज 30 अक्टूबर को होने वाली राज्यस्तरीय विशाल भजन प्रतियोगिता को स्थगित कर दिया गया है। यह निर्णय श्रद्धालुओं एवं प्रतिभागियों की सुरक्षा और सुविधा को ध्यान में रखते हुए लिया गया है। राज्यस्तरीय विशाल भजन प्रतियोगिता समिति, ओबेदुल्लागंज की ओर से समिति के सदस्य संजय सिंह, उत्तम यादव एवं राजेंद्र नागर ने जानकारी देते हुए बताया कि मौसम की प्रतिकूल परिस्थितियों और निरंतर वर्षा की संभावना के कारण कार्यक्रम को स्थगित करना पड़ा है। समिति ने इस परिस्थिति पर खेद व्यक्त किया है। उन्होंने बताया कि मौसम अनुकूल होने पर प्रतियोगिता की आगामी तिथि निर्धारित की जाएगी। नई तिथि की सूचना सभी श्रद्धालुओं, भजन प्रेमियों एवं प्रतिभागियों को समय पर दी जाएगी। समिति ने सभी श्रद्धालुओं एवं भजन प्रेमियों से सहयोग और धैर्य बनाए रखने की अपील की है।

शुभांक

कल्याणः	0549		
दिनः	130	48	558
रातः	678	13	139
तारा:			
दिनः	170	84	158
रातः	245	16	268

गाड़ी की डिक्की में मिले ब्यूप्रेनॉरफिन के 292 इंजेक्शन, युवक गिरफ्तार

निशातपुरा में डिलीवरी से पहले पुलिस ने पकड़ा नशीले इंजेक्शनों का जखीरा





जब्त इंजेक्शनों की कीमत करीब 20 हजार रुपए

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

नशीले इंजेक्शनों की सप्लाई करने निकले एक युवक को निशातपुरा पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके कब्जे से प्रतिबंधित नारकोटिक दवा ब्यूप्रेनॉरफिन हाइड्रोक्लोराइड के 292 इंजेक्शन बरामद किए हैं। आरोपी इन इंजेक्शनों की डिलीवरी देने के लिए दोपहिया वाहन से जा रहा था।

जब्त इंजेक्शनों की कीमत करीब 20 हजार रुपए बताई गई है। पुलिस अब आरोपी से पूछताछ कर नशीली दवाओं की सप्लाई से जुड़े नेटवर्क का पता लगाने में जुटी है।

निशातपुरा पुलिस ने मौके पर घेराबंदी की

पुलिस के अनुसार, मुखबिर से सूचना मिली थी कि जेल रोड स्थित सी साइट रेस्टोरेंट के पास एक युवक नशीले इंजेक्शन लेकर पहुंचने वाला है। सूचना के आधार पर निशातपुरा पुलिस ने मौके पर घेराबंदी की। इसी दौरान संदिग्ध हालत में एक्सेस स्कूटर से जा रहे युवक को रोककर तलाशी ली गई। वाहन की डिक्की खोलने पर उसमें रखे नशीले इंजेक्शन मिले। पुलिस ने सभी इंजेक्शन जब्त कर युवक को हिरासत में ले लिया। पकड़े गए आरोपी की पहचान प्रेम शर्मा (22), पिता भगतराम शर्मा, निवासी गली नंबर-1, बावड़ी के पास, द्वारिका नगर, बजरिया के रूप में हुई है। उसके पास से 2-2 एमएल के कुल 292 इंजेक्शन बरामद किए गए हैं। पुलिस यह पता लगाने का प्रयास कर रही है कि आरोपी इंजेक्शन कहां से लेकर आया था और इनकी डिलीवरी किसे दी जानी थी। मामले में आगे की कार्रवाई जारी है।

होटल के रूम में चल रहा था जुआ, 9 जुआरियों से 1 लाख 43 हजार की नगदी बरामद

पिपलानी थाना क्षेत्र स्थित नीरजा नगर में एक होटल पर दबिश देकर पुलिस ने 9 जुआरियों को गिरफ्तार किया है। जुआरियों के पास से 1 लाख 43 हजार रुपए की नगदी सहित ताश की गड्डी बरामद की गई। पुलिस ने उक्त मामले में जुआ खिलाने वाले होटल संचालक पर भी कार्रवाई की है। पुलिस के अनुसार मुखबिर से सूचना मिली कि होटल सेंडल में रूम नंबर 208 में जुए की फड़ बैठी हुई है। सूचना मिलते ही बुधवार रात करीब साढ़े 8 बजे पुलिस ने होटल सेंडल वुड में दबिश दी। इस दौरान रूम में हार-जीत का दांव लगाते हुए सात जुआरियों को पकड़ा गया। होटल के मैनेजर आकाश मगरे और होटल संचालक यादवेन्द्र सिंह सहित रोशन पांडे ने जुएं की फड़ का होटल मे संचालन करने की बात स्वीकारी है। पुलिस ने होटल के मैनेजर आकाश मगरे और होटल के संचालक यादवेन्द्र सिंह सहित रोशन पांडे को आरोपी बनाया है। पुलिस ने कुल 10 आरोपियों के खिलाफ जुआ एक्ट की धाराओं में प्रकरण दर्ज किया है। मौके से पुलिस ने ताश की गड्डी और 1 लाख 43 हजार बीस रुपए की नगदी जब्त की गई।

होटल संचालक देता था उधार रुपए

होटल संचालक आरोपी यादवेन्द्र सिंह, जुआरियों को जुआ खेलने के लिए उधार रकम देता था, जिसकी कार हाईराईडर वाहन की तलाशी में गाड़ी की डिग्गी के अंदर रखे थैले मे 500-500 रू की 10 गड्डी में 4 लाख 93 हजार रुपए की नगदी मिली है। आरोपी रवि राय की बलेनो कार की तलाशी में 8 हजार 800 रुपए की नगदी मिली।

कोच फैक्ट्री के पास सुनसान इलाके में वारदात

दूध बेचकर लौट रहे किसान से लूट की कोशिश दो आरोपी गिरफ्तार, छुरी-चोरी की बाइक जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

स्टेशन बजरिया थाना पुलिस ने दूध बेचकर घर लौट रहे किसान से लूट की कोशिश के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने कोच फैक्ट्री के पास वंदे भारत प्रोजेक्ट के नजदीक सुनसान इलाके में किसान को रोककर तलवारनुमा छुरी दिखाते हुए उसका पर्स छीनने का प्रयास किया था। विरोध करने पर उन्होंने किसान के पैर और अंगुली में छुरी से चोट पहुंचाई थी। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से वारदात में इस्तेमाल की गई तलवारनुमा छुरी और चोरी की बाइक जब्त की है।

पुलिस के मुताबिक 11 अक्टूबर 2026 को आलोक यादव निवासी गायत्री फार्म के पास, करारिया ने थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। उन्होंने बताया कि वह अयोध्या बायपास से दूध बेचकर घर लौट रहे थे। इसी दौरान कोच फैक्ट्री के पास वंदे भारत प्रोजेक्ट के नजदीक जंगलनुमा सुनसान इलाके में चार अज्ञात युवकों ने उन्हें रोक लिया। आरोपियों ने तलवारनुमा छुरी दिखाकर उनका पर्स छीनने का प्रयास किया। किसान ने विरोध किया तो आरोपियों ने छुरी से हमला कर उन्हें पैर और उंगली में घायल कर दिया। शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया।



हुलिए और सीसीटीवी फुटेज से आरोपियों की पहचान

घटना के खुलासे के लिए पुलिस ने वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में टीम गठित की। फरियादी द्वारा बताए गए हुलिए के आधार पर संदिग्धों की तलाश की गई। पुलिस ने घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगालकर आने-जाने के रास्तों का मैप तैयार किया। मुखबिरों से मिली जानकारी के आधार पर पुलिस ने दो संदिग्धों की पहचान की। इसके बाद शहजहानाबाद निवासी इमरान खान और ऐशबाग निवासी अर्शलान को गिरफ्तार कर लिया।

निशातपुरा क्षेत्र से चोरी की थी बाइक

पुलिस पूछताछ में आरोपियों ने वारदात में इस्तेमाल की गई मोटरसाइकिल थाना निशातपुरा क्षेत्र से चोरी करना बताया। पुलिस ने उनके कब्जे से वारदात में प्रयुक्त तलवारनुमा छुरी और चोरी की बाइक जब्त कर ली है। पुलिस अब मामले में शामिल अन्य आरोपियों के संबंध में पूछताछ और उनकी तलाश कर रही है। गिरफ्तार आरोपियों को न्यायालय में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया।

महादेव कॉलोनी में घर के सामने से बर्गमैन चोरी

वन ट्री हिल्स स्थित महादेव कॉलोनी में घर के सामने खड़ी मैट ब्लैक रंग की बर्गमैन स्कूटर रात में चोरी हो गई। वाहन का नंबर एमपी जीरोफोर-जेडएन 3192 बताया गया है। वाहन मालिक सोनू रायचंदानी (जय माता दी) ने चोरी हुए वाहन की रिपोर्ट बैरागढ़ थाने में दर्ज करवाई है। स्थानीय रहवासियों के अनुसार, क्षेत्र में आए दिन चोरी की घटनाएं सामने आने से लोगों में चिंता और दहशत का माहौल है। घर के बाहर खड़े वाहन भी सुरक्षित नहीं रहने से रहवासी परेशान हैं। लोगों ने पुलिस से क्षेत्र में गश्त बढ़ाने और चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने की मांग की है।

■ क्षेत्र में बढ़ती चोरी की घटनाओं से दहशत

शिविर में 40 साधकों ने सीखी स्वस्थ जीवनशैली

10 दिन में 10 किलो वजन घटाया साझा किए स्वास्थ्य लाभ अनुभव

हरिभूमि न्यूज ⏭ संतनगर

संत हिरदाराम योगा एवं नेचर क्योर हॉस्पिटल (आरोग्य केन्द्र) में आयोजित दस दिवसीय रोग निवारण एवं प्रशिक्षण शिविर का अनुभव समारोह 29 अक्टूबर को सिद्ध भाऊ की उपस्थिति में हुआ।

इस 184वें शिविर में विभिन्न राज्यों के 40 साधकों ने योग, प्राकृतिक चिकित्सा और संतुलित दिनचर्या का प्रशिक्षण लिया। शिविर के संचालक डॉ. गुलाब राय टेवानी ने कहा कि नियमित दिनचर्या और स्वास्थ्य रक्षक सिद्धांत अपनाकर स्वस्थ जीवन की दिशा में आगे बढ़ा जा सकता है। शिविर में योगाभ्यास, ध्यान, प्राकृतिक आहार और



चिकित्सा की विभिन्न गतिविधियां कराई गईं। अनुभव साझा करते हुए कोटा की स्वाति सचदेव ने 10 दिन में 10 किलो और गोरखपुर के संजय राव ने 8 किलो वजन कम होने की जानकारी दी। भोपाल की वंदना तोमर सहित अन्य साधकों ने भी स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं में राहत मिलने की बात कही। सिद्ध भाऊ ने कहा कि शिविर का उद्देश्य लोगों को स्वस्थ बनाना है।

नाना चौपाल में मनाया करवा चौथ उत्सव मेहंदी के साथ हुई खेलकूद प्रतियोगिताएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ औबेदुल्लागंज

गुरुवार को नाना चौपाल में करवा चौथ उत्सव का भव्य आयोजन किया गया, जिसमें महिलाओं ने पूरे उत्साह और के साथ भाग लिया। कार्यक्रम में अतिथियों का फूलों से भव्य स्वागत किया गया।

करवा चौथ के अवसर को खास बनाने के लिए कई मनोरंजक एवं रोचक खेलों का आयोजन किया गया। सभी गेम्स करवा चौथ की थीम पर आधारित थे, जिसका व्यवस्थित संचालन किया गया।

महिलाओं ने इन खेलों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और खूब आनंद उठाया। कार्यक्रम में मेहंदी लगवाने की विशेष व्यवस्था के साथ स्वादिष्ट व्यंजनों का भी इंतजाम किया गया। रंग-बिरंगे



परिधानों में सजी महिलाओं ने उत्साह के साथ करवा चौथ उत्सव मनाया। यह आयोजन मनोरंजन, आपसी मेल-मिलाप और त्योहार की खुशियों से सराबोर रहा।

इस भव्य आयोजन की मेजबानी रानू मित्तल एवं स्वाति दुबे ने की। दोनों ने पूरे कार्यक्रम को आकर्षक एवं सुव्यवस्थित ढंग से आयोजित किया। इस अवसर पर नपा उपाध्यक्ष नमीता अग्रवाल, नेहा कोठारी, श्रुति कोठारी, गूंजा सक्सेना, डॉली अग्रवाल, मन्नी नेहा दुबे, निधि साधना पांडे, पूजा कोठारी, प्रतिमा अग्रवाल, बिंदु रानी काले रश्मि दीक्षित, ऋतु माहेश्वरी, सीमा तिवारी, उमा माहेश्वरी ने करवा चौथ उत्सव आयोजन का भरपूर आनंद उठाया एवं सभी आभार व्यक्त किया।

कांग्रेस नेता कटारे के बंगले के सामने वारदात

छात्र के हाथ से मोबाइल छीन कर भागा स्कूटर सवार बदमाश

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

कांग्रेस नेता हेमंत कटारे के बंगले के सामने गुरुवार सुबह एक युवक के साथ झपटमारी की वारदात हुई। स्कूटर सवार बदमाश युवक के हाथ से मोबाइल फोन छीनकर फरार हो गया। गोविंदपुरा पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर अज्ञात आरोपी के खिलाफ झपटमारी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के मुताबिक, उत्तर प्रदेश के बिजनौर जिले के अफजलगढ़ निवासी सनी सिंह (23), पिता जय मंगल सिंह, भोपाल में रहकर पढ़ाई करता है। गुरुवार सुबह वह चेतक ब्रिज से जा रहा था। भारती निकेतन, गोविंदपुरा के पास पहुंचने पर उसके



हाथ में मोबाइल फोन था। इसी दौरान सफेद रंग के स्कूटर पर सवार एक युवक उसके पास आया और झपट्टा मारकर मोबाइल छीन लिया। सनी ने शोर मचाया, लेकिन आरोपी मौके से भाग निकला। पुलिस आरोपी की पहचान करने के लिए इलाके में लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाल रही है।

प्रदर्शनकारियों ने धरना स्थल पर दाल-बाटी बनाकर किया भोजन

दूसरे दिन भी वार्ड नंबर-4 की सरकारी जमीन की फर्जी रजिस्ट्री के मामले में प्रदर्शन जारी





नगरवासियों का धरना प्रदर्शन को मिल रहा समर्थन

हरिभूमि न्यूज ⏭ औबेदुल्लागंज

नगर के वार्ड नंबर 4 की शासकीय भूमि की कथित फर्जी रजिस्ट्री के विरोध में धरना प्रदर्शन आंबेडकर चौराहे पर लगातार दूसरे दिन गुरुवार को भी जारी रहा।

प्रदर्शन कर रहे लोगों ने धरना स्थल पर ही दाल बाटी बनाकर भोजन ग्रहण किया। धरने पर बैठे लोगों ने आरोप लगाया कि वार्ड 4 की शासकीय भूमि की कुछ लोगों द्वारा फर्जी तरीके से रजिस्ट्री करा दी गई है।

डेढ़ महीने पहले कलेक्टर से शिकायत की थी, कार्रवाई नहीं हुई

भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा डेढ़ महीने पहले कलेक्टर को शिकायत की गई थी, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। धरने को आसपास के क्षेत्र से भारी समर्थन मिल रहा है। सभी लोगों का कहना है कि रजिस्ट्री जिन लोगों के नाम हुई है, उनके नाम रजिस्ट्री में स्पष्ट हैं और जिसने रजिस्ट्री कराई है, उसका नाम भी स्पष्ट है फिर प्रशासन कार्रवाई में टालमटोल क्यों कर रहा है। डेढ़ माह बीत जाने के बाद भी इतने बड़े घोटाले में कार्रवाई क्यों नहीं हो रही है। इसको लेकर प्रशासन के विरुद्ध लोगों में रोष है। महिलाओं ने धरना स्थल पर सुझाव दिया कि आरोपियों के विरुद्ध शीघ्र कार्रवाई नहीं होती है तो भोपाल पद यात्रा करके राज भवन के सामने धरना देंगे और राज्यपाल को ज्ञापन सौंपेंगे। भाजपा के ज्यादातर लोग धरने को सहयोग कर रहे हैं एवं नगर के व्यापारी, पत्रकार, छात्र संघ, महिलाओं का संगठन सभी ने समर्थन दिया है। वार्ड नंबर 4 की महिलाएं नगर में एवं आसपास जन जागरण अभियान चला कर इससे भ्रष्टाचार का भंडाफोड़ करने के लिए तैयारी में जुटी है।

भेल की जेसीएम पात्रधारी यूनियनों ने मिलकर जताया विरोध

बीएमएस, एचएमएस व सीटू को स्वीकार नहीं 35 हजार रुपए स्पेशल इंसेंटिव पेमेंट

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

भेल प्रबंधन द्वारा स्पेशल इंसेंटिव पेमेंट (एसआईपी) 35 हजार निर्धारित करने के विरोध में भेल की तीनों यूनियन हेवु बीएमएस, हेस्टू एचएमएस और भेक्टू सीटू ने मिलकर विरोध दर्ज कराते हुए 35 हजार रुपए एसआईपी स्वीकार करने से मना कर दिया है। तीनों यूनियन ने प्रबंधन द्वारा एसआईपी राशि 35 हजार का सर्कुलर जारी करने के विरोध किया। साथ ही संयुक्त पत्र सौंपकर प्रबंधन पर एकतरफा और दुर्भाग्यपूर्ण कार्यप्रणाली का आरोप लगाया है।

तीनों यूनियनों के पदाधिकारियों की मांग है कि जारी सर्कुलर पर तत्काल पुनर्विचार किया जाए, एसआईपी राशि पर चर्चा के लिए



प्रत्यक्ष जीसीएम बुलाई जाए और कर्मचारियों के हितों से जुड़े निर्णय सभी संबंधित प्रतिनिधि यूनियनों को विश्वास में लेकर किए जाएं। हेवु बीएमएस, हेस्टू एचएमएस, भेक्टू सीटू के पदाधिकारी का कहना है कि कर्मचारियों की मेहनत से भेल की प्रगति है। कर्मचारियों की आवाज को नजरअंदाज करके निर्णय थोपना स्वीकार नहीं किया जाएगा। प्रबंधन तत्काल संवाद स्थापित करे और एसआईपी राशि 40 हजार निर्णारित करें। बता दें कि एसआईपी 35 हजार की बजाए 60 हजार देने समेत अन्य मांगों को लेकर को बुधवार को भी हेवु बीएमएस, हेस्टू एचएमएस और भेक्टू सीटू तीनों ने मिलकर कारखाने में प्रदर्शन किया था।

पेज एक का शेष...

भोपाल सहित 30...

रायसेन, गुना, मलाजखंड, सिवनी सहित कई जिलों में 3 से 5 मिमी तक बारिश हुई। साथ ही रीवा, शहडोल संभाग के अधिकांश शहरों में, बैतलू, छिंदवाड़ा, पांढुर्णा, सिवनी, मंडला, बालाघाट, डिंडोरी, छतरपुर, दमोह, पन्ना, कटनी जिलों में मध्यम से हल्की बारिश हुई है। बदले मौसम के बीच नर्मदापुरम, जबलपुर, मंडला, रीवा, सतना में 5 से 6 डिग्री तक गिरा। सर्वाधिक गिरावट सागर में 8.9 डिग्री की रही। प्रदेशभर में दिन का पारा औसतन 3 डिग्री तक गिरने से दिन में हल्की सर्दी का अहसास रहा।

तीन शहरों में ...

गृह मंत्री अमित शाह या भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन को आमंत्रित करने की तैयारी है। हालांकि, अभी किसी का कार्यक्रम तय होने की पुष्टि नहीं हुई है। भोपाल में 4 नवंबर को अटल पथ से रोशनपुरा चौराहे तक पदयात्रा प्रस्तावित है। इसमें रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के शामिल होने की संभावना है। तीनों कार्यक्रमों में मुख्यमंत्री और प्रदेश अध्यक्ष की मौजूदगी भी प्रस्तावित है। भाजपा के परिपत्र के अनुसार अभियान 22 अक्टूबर से 5 नवंबर तक चलेगा। इसके तहत प्रेस कॉन्फ्रेंस, प्रमुख नागरिकों से संवाद, युवा और विद्यार्थी कार्यक्रम तथा सोशल मीडिया अभियान भी चलाए जाएंगे। पार्टी का उद्देश्य मतदाता सूची की शुद्धता और एसआईआर के समर्थन में जनमत तैयार करना तथा कांग्रेस के आरोपों का जवाब देना है।

पीड़ित के पूरे ...

की तुलना में डिजिटल अरेस्ट के दर्ज मामलों में लगभग 50 प्रतिशत की कमी आई है।

असामान्य लेन-देन...

के दबाव, धमकी अथवा धोखाधड़ी का शिकार होकर ऐसा कर रहा है।

दो बहनों ने ...

को घटना की जानकारी दी। परिजनों के मुताबिक करीब डेढ़ महीने पहले सड़क हादसे में अंजली के पति धर्मवीर सिंह रावत की मौत हो गई थी। इसके बाद से वह मानसिक तनाव में थीं। दूसरी घटना सेसई गांव की बताई जा रही है। अंजली की 40 वर्षीय सगी बहन सीता रावत बुधवार को अपने तीन बच्चों राखी (14), प्रियंका (11) और श्लोक (6) के साथ खेत पर गई थीं। शाम तक घर नहीं लौटने पर परिजनों ने तलाश शुरू की। बाद में कुए से सीता और उनके तीनों बच्चों के शव बरामद हुए। सीता आठ महीने की गर्भवती थीं। दोनों बहनों के बीच गहरा लगाव था। आशंका जताई जा रही है कि अंजली की मौत के सदमे में सीता ने यह कदम उठाया। पुलिस ने दोनों मामलों में मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

रश्मि ने किडनी ...

शांतिनगर निवासी दीपक गुप्ता लंबे समय से किडनी की गंभीर बीमारी से जूझ रहे थे। ऐसे में पत्नी रश्मि ने अपनी किडनी दान करने का फैसला लिया। अस्पताल की नेफ्रोलॉजी एवं प्रत्यारोपण इकाई की टीम ने प्रत्यारोपण की प्रक्रिया पूरी की। इसमें डॉ. राजेश पटेल और ट्रांसप्लांट सर्जन एवं कंसल्टेंट नेफ्रोलॉजिस्ट डॉ. विशाल वडेरा सहित अन्य चिकित्सा कर्मियों ने भूमिका निभाई। फिलहाल रश्मि और दीपक दोनों स्वस्थ हैं। अस्पताल के निदेशक राजीव बडेरिया ने बताया कि रश्मि का यह निर्णय अंगदान के प्रति जागरूकता बढ़ाने वाला है।

इनसे 5 करोड़ ...

होने की चर्चा है। बरामद रकम की वास्तविक राशि की पुष्टि गिनती पूरी होने के बाद होगी। कार्रवाई के दौरान गांव की बिजली आपूर्ति बंद कराई गई और 40 से अधिक पुलिसकर्मियों ने मकान को घेर लिया। तलाशी के दौरान जमीन की खुदाई कराई गई, जिसमें तीन ड्रम मिले। मामले में चार लोगों को हिरासत में लिया गया है। मकान राकेश यादव उर्फ महाकाल का बताया गया है। उसका भाई बबलू यादव कई वर्षों से पुणे में रहता था। कोरोना लॉकडाउन के दौरान 2020 में वह अपने रिश्तेदारों के साथ गांव आया था। राकेश ने पिछले कुछ वर्षों में करीब 50 बीघा जमीन खरीदी और लगभग डेढ़ करोड़ रुपए की लागत से मकान बनवाया। पुलिस ने आयकर विभाग और संबंधित एजेंसियों को सूचना दी है। आयकर विभाग नकदी की गिनती कर रहा है।

'नागपुर' स्नातक सीट ...

पूर्व विधायक सुधाकर कोहाले को 3,271 मतों से हराया। वंजारी को 67,231, जबकि कोहाले को 63,960 वोट मिले। मतगणना मंगलवार सुबह शुरू हुई थी और गुरुवार तड़के पूरी हुई। यह जीत भाजपा के लिए बड़ा झटका मानी जा रही है, क्योंकि नागपुर केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी और महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस का गृह क्षेत्र है। दोनों नेताओं ने कोहाले के समर्थन में प्रचार किया था। पेशे से वकील और शिक्षाविद अभिजीत वंजारी ने 2020 में भी भाजपा उम्मीदवार संदीप जोशी को हराकर यह सीट जीती थी।

हमारा व्रत है, आपको ...

हैं, लेकिन बात नहीं सुनी जा रही है। अगर नियुक्ति नहीं देनी है, तो हमें जहर दे दो। पुलिस ने जब उन्हें हिरासत में लेना शुरू किया, तो प्रदर्शनकारी राष्ट्रगान गाने लगे। अभ्यर्थियों ने कहा कि जब तक नियुक्ति पत्र और ज्वॉइनिंग को लेकर कोई ठोस फैसला नहीं होता, तब तक उनका आंदोलन जारी रहेगा। हालांकि पुलिस ने इसके बाद अभ्यर्थियों को चौराहे से हटा दिया। उल्लेखनीय है कि इसके पहले भी अभ्यर्थियों ने प्रदर्शन किया था।

सीबीआई ने सुप्रीम कोर्ट में दाखिल किया जवाब

भोपाल में गवाहों को प्रभावित करने की जताई आशंका



सुनवाई भोपाल से दिल्ली स्थानांतरित करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

ट्विशा शर्मा की मौत के मामले की सुनवाई भोपाल से दिल्ली स्थानांतरित करने की मांग का सीबीआई ने समर्थन किया है। सुप्रीम कोर्ट में दाखिल जवाब में एजेंसी ने आशंका जताई है कि मामले की आरोपी ट्विशा की सास और पूर्व प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश गिरिबाला सिंह तथा उनके वकील बेटे समर्थ सिंह भोपाल में अपने प्रभाव का इस्तेमाल कर गवाहों को प्रभावित कर सकते हैं। मृतका के पिता नवनिधि शर्मा ने भी निष्पक्ष सुनवाई सुनिश्चित करने के लिए सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की है।

सीबीआई की ओर से गुरुवार को अदालत में जवाब दाखिल किया। इसमें बताया गया कि घटना के समय गिरिबाला सिंह भोपाल जिला उपभोक्ता आयोग की अध्यक्ष थीं। इससे पहले वह भोपाल जिला न्यायालय में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश रह चुकी हैं।

आरआर-आरजीपीवी क्रिकेट टूर्नामेंट

क्वार्टर फाइनल में आरजीआई ने आरईसी को 76 रन से हराया

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

राधारमण ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के क्रिकेट मैदान पर आयोजित राधारमण आरजीपीवी नोडल क्रिकेट टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में आरजीआई ने राधारमण इंजीनियरिंग कॉलेज (आरईसी) को 76 रन से हराया। आरजीआई की टीम ने 18.2 ओवर में 142 रन बनाए। कप्तान शिवम कुमार ने 54, जबकि अनीश रे ने 28 रन बनाए। आरईसी के अमन कुमार ने 4 , जबकि शिवम सिंह और सुजीत ने 2-2 विकेट हासिल किए। जवाब में आरईसी 13.2 ओवर में मात्र 66 रन पर सिमट गई।



आरईसी के हर्ष रहांगडाले ने 11 रन बनाए। आरजीआई के अनीश रे 3 , जबकि शिवम, अरमान और रौशन ने 2-2 विकेट लेकर टीम की जीत सुनिश्चित की। इसके साथ आरजीआई ने सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया।

तीन दिनी टेक फेस्ट 'एलएन यूनिवर्स 26' का शुभारंभ

भोपाल। लक्ष्मी नारायण कॉलेज ऑफ टेक्नोलॉजी (एलएनसीटी) के रायसेन रोड में तीन दिवसीय तकनीकी एवं सांस्कृतिक महोत्सव 'एलएन यूनिवर्स 2026' का भव्य शुभारंभ हुआ। उद्घाटन जेएनसीटी के चांसलर एवं एलएनसीटी के सचिव डॉ. अनुपम चौकसे ने विद्यार्थियों से 'यूनि' शब्द से प्रेरणा लेकर एक परिवार की तरह सहभागिता करने का आह्वान किया।

न्यायालय नायब तहसीलदार, वृत रतनपुर सडक तहसील-कोलार, जिला भोपाल

इश्तहार

ममला क्रमांक 2590/अ-6/2026-27

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है

प्रकरण का संक्षिप्त विवरण आवेदक गिरिश चन्द्र वर्मा आत्मज कृष्ण किशोर वर्मा निवासी भोपाल म.प्र. आवेदन पत्र अन्तर्गत धारा 109-110 मध्यप्रदेश भू-राजस्व संहिता 1959 के तहत आवेदन पत्र प्रस्तुत कर लेख किया है कि ग्राम मिसरोद स्थित भूमि खसरा क्रमांक, 341/3, के अंश भाग पर स्थित भूखण्ड कमांक 602 छटवा तल ब्लाक नं 2 ए जिसका रकबा 47.94 वर्गमीटर के आधार पर आवेदक की स्वर्गीय बहन कुमारी शिवा रानी वर्मा पुत्री स्व कृष्ण किशोर वर्मा का देहान्त दिनांक 01/05/2021 को हो जाने के उपरान्त आवेदक की बहन की कोई सन्तान नही है अत: उनके वैध वारिसानो के आधार पर फौथी नामांतरण किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। 2-उक्त संबंध में किसी व्यक्ति / संस्था को कोई आपत्ति हो तो वह 17/11/26 को या इससे पूर्व इस न्यायालय में उपस्थित होकर पेश कर सकता है। समयावधि पश्चात् प्रस्तुत किसी भी आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेग। उक्त उद्घोषणा पत्र मेरे द्वारा न्यायालय की पदमुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से आज दिनांक 29/10/26 को जारी किया गया।

नायब तहसीलदार
तहसील कोलार, भोपाल

न्यायालय नायब तहसीलदार, वृत रतनपुर सडक तहसील-कोलार, जिला भोपाल

इश्तहार

ममला क्रमांक 2591/अ-6/2026-27

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है

प्रकरण का 'संक्षिप्त विवरण आवेदक गिरिश चन्द्र वर्मा आत्मज कृष्ण किशोर वर्मा निवासी भोपाल म.प्र. आवेदन पत्र अन्तर्गत धारा 109-110 मध्यप्रदेश भू-राजस्व संहिता 1959 के तहत आवेदन पत्र प्रस्तुत कर लेख किया है कि ग्राम मिसरोद स्थित भूमि खसरा क्रमांक, 341/3, के अंश भाग पर स्थित भूखण्ड कमांक 602 छटवा तल ब्लाक नं 2 बी जिसका रकबा 47.94 वर्गमीटर के आधार पर आवेदक की स्वर्गीय बहन कुमारी शिवा रानी वर्मा पुत्री स्व कृष्ण किशोर वर्मा का देहान्त दिनांक 01/05/2021 को हो जाने के उपरान्त आवेदक की बहन की कोई सन्तान नही है अत: उनके वैध वारिसानो के आधार पर फौथी नामांतरण किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है।
2-उक्त संबंध में किसी व्यक्ति / संस्था को कोई आपत्ति हो तो वह 17/11/26 को या इससे पूर्व इस न्यायालय में उपस्थित होकर पेश कर सकता है। समयावधि पश्चात् प्रस्तुत किसी भी आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेग। उक्त उद्घोषणा पत्र मेरे द्वारा न्यायालय की पदमुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से आज दिनांक 29/10/2026 को जारी किया गया।

नायब तहसीलदार
तहसील कोलार, भोपाल

कार्यालय सहायक आबकारी आयुक्त, जिला भोपाल, (म.प्र.)

Emal deo.mpedbpl@mp.gov.in & Phone No 0755-2540771)

// वाहन निविदा विज्ञप्ति //

आबकारी आयुक्त, म.प्र., ग्वालियर के पत्र क्रमांक/9-लेखा/बजट /2025-26/ई-1163732 ग्वालियर, दिनांक 26.10.2026 के द्वारा प्रदत्त अनुमति के परिप्रेक्ष्य में अपराध नियंत्रण प्रवर्तन कार्य हेतु वित्तीय वर्ष 2026-27 की शेष अवधि अर्थात दिनांक 01.11.2026 से 31.03. 2027 तक के लिये सहायक आबकारी आयुक्त जिला भोपाल में कुल 07 (सात) अतिरिक्त चार पहिया वाहन शासन स्वीकृति के पत्र क्रमांक एफ बी-2 (ए)/09/2010/2/V/1/1383384/2026, भोपाल, दिनांक 17.10.2026 एवं मध्यप्रदेश शासन वित विभाग मंत्रालय वल्लभ भवन भोपाल द्वारा जारी आदेश कमांक एफ11-16/2012/ नियम / चार, भोपाल दिनांक 06.10.2012 तथा 24.09.2013 तथा मध्यप्रदेश शासन वित्त विभाग के पत्र कमाक 11-16/2025/ नियम / चार, भोपाल दिनांक 02.05.2025 एवं मध्यप्रदेश शासन वित विभाग मंत्रालय वल्लभ भवन भोपाल द्वारा जारी पत्र पृ.क्रमांक एफ11-16/2012/नियम/चार, भोपाल दिनांक 24.12.2013 में वर्णित मार्गदर्शी सिद्धांतो का पालन की शर्त सहित अन्य समस्त निर्धारित शर्तों के पालन की शर्त के साथ पृथक-पृथक दरों पर मासिक किराये पर लेने हेतु सेवाकर हेतु पंजीकृत इच्छुक फर्मो / संस्थाओं से एम.पी. टेण्डर्स पोर्टल पर ई-टेण्डर आमंत्रित किये जाते हैं।

ई-टेण्डर कार्यक्रम का विवरण निम्नानुसार है :-

1	ई-टेण्डर हेतु ऑनलाइन टेण्डर प्रपत्र डाउनलोड एवं ऑफर सबमिट करने की तिथि एवं समय	दिनांक 28.10.2026 को प्रातः 11:00 बजे से दिनांक 31.10.2026 को अपराहन 03:00 बजे तक
2	ई-टेण्डर खोलने की तिथि एवं समय	दिनांक 31.10.2026 को अपराहन 03:05 बजे से कार्यवाही पूर्ण होने तक
3	ई-टेण्डर आवेदन का मूल्य	1000/- रुपए
4	निष्पादन स्थल	कार्यालय सहायक आबकारी आयुक्त भोपाल

इच्छुक आवेदको द्वारा ई-टेण्डर के माध्यम से निष्पादन की प्रक्रिया शर्त एवं निर्बन्धन NIC के पोर्टल (https//mptenders.gov.in) से डाउनलोड की जा सकती है। ई-टेण्डर के सम्बन्ध में कोई भी जानकारी सहायक आबकारी आयुक्त कार्यालय भोपाल से कार्यालयीन दिवस व समय पर प्राप्त की जा सकती है।

सहायक आबकारी आयुक्त
जिला-भोपाल

जी - 20695/26 स्वच्छता ही सेवा

कार्यालय कार्यपालन यंत्री (भवन) लोक निर्माण विभाग, सिवनी (म.प्र.)

निर्माण भवन, प्रथम तल, कलेक्टर कैम्पस, जिला सिवनी (मध्यप्रदेश)

दूरभाष क्र. 07692-225559 E-mail:-dpepiu.seoni@mp.gov.in, dpepiuseoni@gmail.com

एनआईटी नं.- 29/2026 / केन्द्रीयकृत निविदा आमंत्रण/जी/मु.अ. (भ) जबलपुर दिनांक 21.10.2026

निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाईन निविदा पंजीकृत ठेकेदारों अथवा पंजीयन हेतु उपयुक्त पात्रता वाली प्रतिष्ठित फर्म से आमंत्रण की जाती है :-

स. क्र.	पोर्टल टेंडर क्र.	कार्य का नाम	जिला	ठेके की अनुमानित राशि (पीएसी) (रू. लाख में)	अमानत राशि (ईएमडी) (रू. में)	निविदा प्रपत्र का मूल्य (रू. मे)	कार्य पूर्ण करने का समय (माह में वर्षाकाल सहित)
1	2	3	4	5	6	7	8
1	2026_PWPIU_544768_1	जिला जेल सिवनी मे एच टाईप मल्टीस्टोरी (12 नग आवासग्रह) एवं एच टाईप सिंगल स्टोरी (4 नग आवासगृह) के निर्माण कार्य (द्वितीय आमंत्रण)	सिवनी (म.प्र.)	269.69	270000.00	15000.00	12 माह

1-निविदा से संबंधित बिड डॉक्यूमेंट बेवसाईट http://mptenders.gov.in पर बिना भुगतान के देखे एवं डाउनलोड किये जा सकेंगे।
2- निविदा प्रपत्र का मूल्य ऑन लाईन पोर्टल पर केडिट/डेबिट/कैशकार्ड / इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम से भुगतान कर निविदा प्रपत्र खरीदा जा सकेगा।
3-निविदा प्रपत्र केवल ऑन-लाईन दिनांक 24.10.2026 से दिनांक 13.11.2026 तक खरीदा जा सकेगा। अन्य जानकारी बेबसाईट पर देखी जा सकती है।
4- निविदा से संबंधित समस्त आवश्यक संशोधन उपरोक्त बेवसाईट पर ही दर्ज किये जायेंगे, पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

कार्यपालन यंत्री (भवन)
लोक निर्माण विभाग सिवनी (म.प्र)

जी -20683/26 स्वच्छता ही सेवा













R-30-07-2026,to 11-08-26

SUNDAY HOLD

आवश्यक सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (धन भेजने, लोन संबंधित, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित अथवा अनुबंध) से पहले अच्छी तरह जाँच पड़ताल कर लें। किसी भी उत्पाद या सेवायें के संबंध में किये किसी विज्ञापन दाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि की जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक संपादक और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाये किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

- व्यावस्थापक

कार्यालय प्राचार्य, शासकीय गीतांजलि कन्या स्नातकोत्तर (स्वशासी) महाविद्यालय, भोपाल

Website: www.mp.gov.in/highereducation/ggcbpl - Ph.No. 0755-2733166, 2733266
Fax-735266 E-mail: hegggpgcbho@mp.gov.in

पत्र क्रमांक- 1595/शागीकस्नामभो /स्था. / 26 भोपाल, दिनाँक -24/10/2026

NOTICE INVITING E-TENDER

S. No	Systems E Tender No.	Name of work	Cost of Bid Document & EMD	Period of Contract
1	2026_HED_544673	Notice Inviting for E-Tender supply Computers & UPS for Library	2000/-& 22500/-	01 Months

1. Interest bidders can view the detailed NIT on website http://www.mptenders.gov.in
2. The bid document can be purchased, Download and submittion of bid online from 24-10-2026 at 17.00 Hrs. to 16-11-2026 at 17.00 Hrs.
3. Bid Opening Online Envelope A (Technical Bid) 18-11-2026 at 11.00 Hrs.
4. Amendments to NIT, if any would be published on website only, and not in newspaper

Visit us.: www.mphighereducation.nic.in/ggcbpl
E-mail: hegggpgcbho@mp.gov.in
Contact No. 0755-2733166, 2733266

प्राचार्य
शा.गी.क. स्ना. महाविद्यालय
भोपाल

जी - 20685/26 स्वच्छा ही सेवा है।

कार्यालय नगर पालिक निगम, भोपाल

जोन क्रमाक -05, यांत्रिक विभाग

क्र. 875/ यां.वि/2026 **निविदा आमंत्रण घोषणा पत्र** भोपाल दिनांक 27/10/2026

निम्नलिखित निर्माण कार्यों हेतु दो लिफाफा पध्दति के अनुसार म.प्र. लोक निर्माण विभाग में केन्द्रीकृत व्यवस्था के अंतर्गत पंजीकृत ठेकेदार परसेन्टेज मोहरबंद निविदायें निर्धारित प्रपत्र पर आनलाईन आमंत्रित की जाती है।

क्र.	आनलाईन निविदा क्र.	कार्य का नाम	अनुमानित राशि	धरोहर राशि	प्रपत्र राशि	कार्य हेतु निर्धारित एस.ओ.आर	कार्य की अवधि
1.	2026_UAD_545710_1	Providing and Fixing of Paving Block at Pappan Bhai Gali in Sajida Nagar Karbala Road in Ward No.08, Zone No.05	1,31,140	2,623	1,000	MPUADD BUILDING ISSR 2021	01 माह
2.	2026_UAD_545731_1	Construction of C.C. Road From Anees Kirana to Nanhe Bhai House at Bag Mufti in Ward No.14, Zone No.05	10,21,567	8,173	2,000	MPUADD ROADS AND BRIDGES ISSR 2025	01 माह

नियम व शर्तें:-
01. निविदा प्रपत्र की निर्धारित राशि एवं धरोहर राशि एवं अन्य आवश्यक दस्तावेज आनलाईन प्रस्तुत करने होगे एवं अन्य समस्त विस्तृत जानकारी www.mptenders.gov.in। पर देखी जा सकती है।
02. किसी भी निविदा को स्वीकार अथवा अस्वीकार करने का अधिकार विभाग के पास सुरक्षित होगा।

सहायक यंत्री (सिविल)
जोन क्र.-05
नगर निगम, भोपाल

नि.क्र.953/026/027

राशिफल

मेष मन में नकारात्मक विचारों का प्रभाव हो सकता है। बातचीत में सन्तुलित रहें। भवन की साज-सज्जा पर खर्च बढ़ेगे। अचानक धन प्राप्ति के योग बन रहे है।

वृष मीठे खानपान में रुचि बढ़ सकती है। मन परेशान हो सकता है। नौकरी में कार्यक्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

मिथुन परिश्रम भी अधिक रहेगा। सेहत का ध्यान रखें। कुटुम्ब-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। जीवनसाथी से वैचारिक मतभेद हो सकते हैं।

कर्क शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। वस्त्र उपहार में मिल सकते हैं। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी।

सिंह मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें। व्यवधान आ सकते हैं। नौकरी में तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

कन्या भागदौड़ अधिक रहेगी। आय में वृद्धि होगी। परिवार का साथ मिलेगा। नौकरी में कार्यक्षेत्र में वृद्धि हो सकती है। क्रोध के अतिरेक से बचें।

तुला व्यर्थ के क्रोध से बचें। कारोबार में परिवर्तन के अवसर मिल सकते हैं। पिता से धन की प्राप्ति हो सकती है। कारोबार में वृद्धि होगी।

वृश्चिक कार्यक्षेत्र में वृद्धि होगी। आय भी बढ़ेगी। सेहत का ध्यान रखें। आत्मसंयत रहें। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। कारोबार में फायदा होगा।

धनु शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। उच्च शिक्षा के लिए विदेश भी जा सकते हैं। परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। खर्च बढ़ेगे। भाइयों का सहयोग मिलेगा।

मकर लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में मान-सम्मान की प्राप्ति हो सकती है। आय में वृद्धि होगी। नौकरी में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। परिश्रम की अधिकता रहेगी।

कुंभ क्रोध के अतिरेक से बचें। नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा, परन्तु स्थान परिवर्तन के योग बन रहे हैं। वाहन की प्राप्ति हो सकती है। यात्रा खर्च बढ़ेंगे।

मीन परिवार में सुख-शान्ति रहेगी। नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। स्वभाव में चिड़चिड़ापन हो सकता है। मान-सम्मान में वृद्धि होगी।

शब्द पहेली - 6393



बाएँ से दाए-
1. एक असुर जिसे शिव ने वरदान दिया था -4
4. दान देने वाला-4
7. सवारी गाड़ी-2
8. संख्या, रत्न-2
10. जाप, मंत्र पाठ-2
12. आक्रमणकारी-5
14. अपशिष्ट पदार्थ-2
15. दिन, प्रहार-2
16. भीगा हुआ-2
17. शिशु, पैदा हुआ बच्चा-4
19. कीमती-4
20. आलसी, निष्ठाहीन-5
21. जिसे दीक्षा नहीं दी गई हो-5
22. गारंटी, मुचलका-4
24. रिश्तेदार-2
25. शेर, नाहर-2
26. पिटाई, चोट-2
27. निम्नता, न्यूनता-5
31. परिणाम, निष्कर्ष-2
32. महेंद्रसिंह धोनी को इस नाम से भी जानते हैं-2
33. मूल, कंद-2
34. उदाहरणार्थ-4
35. पितृपक्ष-4

ऊपर से नीचे
2. सवेरा, भोर-3
3. सांभर जैसा आहार -3
4. दैत्य, असुर-3
5. शहर-3
6. तरुण, जवान-4
9. एक महीन व कीमती कपड़ा-4
11. ईश्वर, रब-7
13. डांट, फटकार, भर्त्सना -3,4
14. भारत के पुर्व प्रधानमंत्री-5,2
18. अधीन-3
19. निवेदन, प्रार्थना-3
21. असमतल-4
23. धमाका, सनसनी-4
27. करिश्मा-3
28. बारीक-3
29. कपड़े धोनेवाला-3
30. पिटाई करना, भांपना-3

शब्द पहेली - 6392 का हल

र	प	ट	ना	■	ज	■	अ	प	रा	ध
■	ल	■	म	■	ना	बि	क	■	ल	ड़
ह	■	■	ज	ल	न	■	ल	■	■	क
म	क	स	द	■	खा	ना	■	ध	का	न
रा	■	ब	■	म	न	■	ध्व	■	लि	■
ज	प	क	र	ना	■	रा	ज	कु	मा	र
■	ह	■	वा	■	या	त्री	■	ली	■	वा
क	रा	र	■	न	न	■	अ	न	ब	न
म	■	■	ज	■	चा	क	र	■	■	गी
सि	ला	■	ह	म	ल	■	दा	■	सां	■
न	क	सी	र	■	क	■	स	दा	चा	र

सूडोकु नवताल - 6403

कठिन

4					1	9		
						8	5	
			7	3				
			3				4	7
9								2
8	5				6			
				5	8			
	7	4						
		6	2					5

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु नवताल - 6402 का हल

2	4	5	6	9	8	1	7	3
1	7	6	4	3	5	8	2	9
3	8	9	1	2	7	6	5	4
9	1	7	3	6	2	4	8	5
5	6	3	8	7	4	9	1	2
4	2	8	5	1	9	3	6	7
7	3	1	9	5	6	2	4	8
8	9	2	7	4	1	5	3	6
6	5	4	2	8	3	7	9	1

खबर संक्षेप

अमित बने कल्याणी स्टील्स के चेयरमैन

मुंबई। कल्याणी समूह की कंपनी कल्याणी स्टील्स लिमिटेड ने अमित कल्याणी को अपने बोर्ड का चेयरमैन नियुक्त किया है। यह नियुक्ति 28 अक्टूबर 2026 को कारोबारी समय समाप्त होने के साथ प्रभावी हुई। यह बदलाव नेतृत्व हस्तांतरण की पूर्व नियोजित प्रक्रिया का हिस्सा है। इसके तहत डॉ. बाबासाहेब कल्याणी ने चेयरमैन का पद छोड़ दिया है। वह कंपनी की स्थापना के समय से इस पद पर कार्यरत थे।

वायासैट स्पेस चैलेंज में आदित्य उप्पल अव्वल

नई दिल्ली। एआई तकनीक से अंतरिक्ष के मलबे का पता लगाने और उपग्रहों को टकराव से बचाने का समाधान किया पेश, मिला पांच लाख रुपए का पुरस्कार नई दिल्ली। आईआईटी खड़गपुर के आदित्य उप्पल ने वायासैट स्पेस फॉर गुड इंडिया चैलेंज 2026 में पहला स्थान हासिल किया है। वायासैट ने इंडियन नेशनल स्पेस प्रमोशन एंड ऑथराइजेशन सेंटर के साथ मिलकर इस नवाचार प्रतियोगिता का आयोजन किया।

लायंसगेट की 500 करोड़ पोर्टफोलियो विस्तार योजना

नई दिल्ली। लायंसगेट प्ले ने भारत में हॉलीवुड कंटेंट के लिए अलग पहचान बनाई है। कंपनी ने पंजाबी और हिंदी मनोरंजन को समर्पित प्रीमियम स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म टाइगर टीवी लांच हुआ। संस्थापक एवं सीईओ रोहित जैन के अनुसार कंपनी अगले तीन वर्षों में पंजाबी और हिंदी कंटेंट का 500 करोड़ रुपए से अधिक का पोर्टफोलियो तैयार करेगी। भारत में सब्सक्रिप्शन शुल्क 349 रुपए प्रति तिमाही और 799 रुपए सालाना होगा।

एचवीएसीआर वर्ल्ड 23 से 26 नवंबर तक दुबई में

नई दिल्ली। एचवीएसीआर वर्ल्ड का आयोजन 23 से 26 नवंबर तक दुबई वर्ल्ड ट्रेड सेंटर के ट्रेड सेंटर एरिना में किया जाएगा। यह आयोजन भारतीय निर्माताओं और आपूर्तिकर्ताओं को पश्चिम एशिया, अफ्रीका और दक्षिण एशिया के बाजारों से जोड़ने के साथ जलवायु अनुकूल भवन समाधानों को बढ़ावा देगा। अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी के अनुसार,भारत में कूलिंग की मांग 2035 तक दोगुनी से अधिक होने का अनुमान है।

ईवी बाजार 51.9 % बढ़ा इंश्योरेंस की चुनौतियां

मुंबई। भारत में इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) की मांग तेजी से बढ़ रही है। जनवरी से सितंबर 2026 के बीच देश में 25.37 लाख ईवी पंजीकृत हुए, जो पिछले साल की समान अवधि के मुकाबले 51.9 प्रतिशत अधिक हैं। टाटा एआईजी जनरल इंश्योरेंस ने इस बढ़ते बाजार के बीच ईवी मालिकों से अपनी मोटर इंश्योरेंस पॉलिसी की समीक्षा करने की अपील की है। मोटर अंडरराइटिंग प्रमुख ए. किरण कुमार ने कहा कि ईवी का जोखिम पारंपरिक वाहनों से अलग है।

डाबर का 'रियल बॉन्ड्स विद ग्रीटिंग्स' अभियान

नई दिल्ली। डाबर इंडिया लिमिटेड के फ्रूट जूस एवं नेक्टर ब्रांड डाबर रियल ने दिवाली के अवसर पर अपना नया अभियान 'रियल बॉन्ड्स विद रियल ग्रीटिंग्स' लॉन्च किया है। डाबर इंडिया लिमिटेड के मार्केटिंग डायरेक्टर मयंक कुमार ने कहा कि दिवाली रिश्तों और खुशियां बांटने का पर्व है। रियल के माध्यम से कंपनी उपभोक्ताओं के साथ इस भावना का जश्न मनाना चाहती है।

अमेजन दिवाली सेल शुरू, स्मार्टफोन पर छूट

बेंगलुरु। अमेजन ग्रेट इंडियन फेस्टिवल का दिवाली एडिशन 28 अक्टूबर से शुरू हो गया है। सेल में स्मार्टफोन और एक्सेसरीज पर 40 प्रतिशत तक, जबकि इलेक्ट्रॉनिक्स, फैशन और ब्यूटी उत्पादों पर 80 प्रतिशत तक छूट मिल रही है। एचडीएफसी बैंक क्रेडिट कार्ड से भुगतान पर 10 प्रतिशत इंस्टेंट डिस्काउंट और प्राइम मेंबर्स को अतिरिक्त 250 रुपए कैशबैक का लाभ मिलेगा। सैमसंग गैलेक्सी एस25 अल्ट्रा 5जी की ऑफर कीमत 88,999 रखी गई है।

करोंद मंडी में 5 हजार बोरी की आवक, बढ़े भाव से किसानों को राहत

सोयाबीन 7 हजार के पार, भावांतर से 1500 रुपए क्विंटल ऊपर भाव

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

सोयाबीन के भाव में आई तेजी ने किसानों के चेहरे पर राहत की उम्मीद जगा दी है। राजधानी की करोंद कृषि उपज मंडी में सोयाबीन के दाम 7 हजार रुपए प्रति क्विंटल के पार पहुंच गए हैं। भावांतर भुगतान योजना के सहारे किसानों को भोपाल सहित प्रदेश की कृषि उपज मंडियों करीब 1500 रुपए प्रति क्विंटल तक लाभ हो रहा है।

भोपाल ग्रेन मर्चेंट एंड ऑयल सीड्स एसोसिएशन के प्रवक्ता संजीव जैन के अनुसार स्थानी गल्ला मंडी में सोयाबीन की करीब 5 हजार बोरी आवक रोजाना हो रही है। बढ़ते भाव के बीच अब किसानों की निगाहें इस बात पर टिकी हैं कि बाजार में मिल रही कीमत और योजना के तहत मिलने वाली सहायता का वास्तविक लाभ उनकी जेब तक कितना पहुंचेगा।



किसान भावांतर में उपज बेचने के बजाए सीधे मंडियों में सोयाबीन बेच रहे

अनाज कारोबारी संजीव जैन के अनुसार करोंद मंडी में सोयाबीन के बाजार भाव 7 हजार से 7100 रुपए प्रति क्विंटल है। वहीं, भावांतर की दर 5600 से 5700 रुपए प्रति क्विंटल बताई जा रही है। अतः किसान भावांतर में अपनी उपज बेचने के बजाय सीधे मंडियों में सोयाबीन बेच रहे हैं। उन्होंने बताया कि इस सीजन में सोयाबीन के भाव बीते साल की अपेक्षा काफी बढ़े हुए हैं।

लागत और मुनाफे के बीच फंसा किसान

सोयाबीन की खेती में बीज, खाद, कीटनाशक, डीजल, सिंचाई और मजदूरी पर लगातार खर्च करना पड़ता है। ऐसे में केवल मंडी में भाव बढ़ना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि किसान को उसकी उपज का उचित मूल्य मिलना भी जरूरी है। भावांतर योजना से मिलने वाली सहायता किसानों के लिए अतिरिक्त आर्थिक सहारा बन सकती है। किसानों के लिए जरूरी है कि वे जल्दबाजी में निर्णय लेने के बजाय मंडी के वास्तविक बिक्री भाव, गुणवत्ता के आधार पर मिलने वाली कीमत और भावांतर भुगतान की पात्रता की जानकारी प्राप्त करें। कुल मिलाकर, सोयाबीन के 7 हजार रुपए प्रति क्विंटल के पार पहुंचने से किसानों को राहत की उम्मीद जरूर बंधी है, लेकिन इस तेजी का असली फायदा तभी मिलेगा।

रामदेव बोले-सनातन ग्रंथों की गलत व्याख्या दूर करने की जरूरत

पतंजलि विश्वविद्यालय में 52वें अखिल भारतीय प्राच्य विद्या सम्मेलन का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरिद्वार

योगगुरु स्वामी रामदेव ने आरोप लगाया है कि सनातन धर्म के प्राचीन ग्रंथों में मिलावट और उनकी गलत व्याख्या के माध्यम से हिंदू धर्म, देवी-देवताओं और महान पूर्वजों की छवि खराब करने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस विषय पर विद्वानों की समिति गठित कर शास्त्रों की प्रामाणिकता की समीक्षा की जाएगी। इसके लिए सनातन शास्त्र शुद्धिकरण अभियान शुरू करने की घोषणा की गई है।

29 से 31 अक्टूबर 2026 तक पतंजलि विश्वविद्यालय में आयोजित होने वाले 52वें अखिल भारतीय प्राच्य विद्या सम्मेलन के संदर्भ में स्वामी रामदेव और आचार्य बालकृष्ण की उपस्थिति में कनखल स्थित दिव्य योग मंदिर, कृपालु बाग आश्रम में प्रेस वार्ता आयोजित की गई। इस दौरान स्वामी रामदेव ने कहा कि सनातन धर्म के मूल सिद्धांत सत्य, न्याय, समानता और सर्वहित पर आधारित हैं। उनके अनुसार, कुछ ग्रंथों में बाद के समय में प्रक्षेप यानी मिलावट किए जाने की जांच जरूरी है। स्वामी रामदेव ने कहा कि रामायण, महाभारत, पुराण, स्मृति ग्रंथों और विभिन्न दर्शनों के प्रामाणिक पाठ तथा उनकी व्याख्याओं की समीक्षा की जाएगी। उन्होंने जोर दिया कि संस्कृत में लिखी प्रत्येक रचना को स्वतः प्रामाणिक शास्त्र नहीं माना जाना चाहिए। शास्त्रों की व्याख्या करने वालों को संस्कृत और संबंधित विषयों का पर्याप्त ज्ञान होना चाहिए। उन्होंने जाति और लिंग के आधार पर भेदभाव का विरोध करते हुए कहा कि सनातन धर्म में मनुष्य का मूल्यांकन उसके कर्मों के आधार पर होना चाहिए। उनके अनुसार, समाज में भेदभाव की दीवारें खड़ी करने के बजाय समानता और आपसी सद्भाव को बढ़ावा दिया जाना चाहिए।

सनातन शास्त्रों के संरक्षण और शुद्धिकरण पर जुटेंगे विद्वान



अभियान शुरू करने की घोषणा करते हुए

सम्मेलन में जुटेंगे देशभर के विद्वान और धर्माचार्य

आयोजकों के अनुसार, तीन दिवसीय सम्मेलन में देशभर के संस्कृत विद्वान, धर्माचार्य, शंकराचार्य और विभिन्न संप्रदायों के प्रतिनिधि शामिल होंगे। सम्मेलन में लगभग चार से पांच हजार संस्कृत विद्वानों और सैकड़ों आध्यात्मिक गुरुओं के भाग लेने की संभावना जताई गई है। स्वामी रामदेव ने कहा कि सम्मेलन का उद्देश्य सनातन धर्म के मूल स्वरूप को प्रस्तुत करना और प्राचीन ग्रंथों के अध्ययन को प्रोत्साहित करना है। उन्होंने इसे गैर-राजनीतिक आयोजन बताते हुए कहा कि इसमें सांस्कृतिक, आध्यात्मिक और दार्शनिक विषयों पर चर्चा की जाएगी। आयोजकों के मुताबिक, सम्मेलन का उद्घाटन राज्यपाल द्वारा किया जाएगा। कार्यक्रम में आचार्य बालकृष्ण सहित देश-विदेश के प्रतिष्ठित संस्कृत विद्वानों की सहभागिता प्रस्तावित है।

बैंक अधिकारियों और डीलरों के बीच बेहतर समन्वय पर हुई चर्चा

बैंक ऑफ इंडिया ने आयोजित की वाहन डीलर मीट, ऋण कारोबार बढ़ाने पर जोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

बैंक ऑफ इंडिया, भोपाल अंचल की ओर से ग्वालियर में वाहन डीलर मीट का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य वाहन डीलरों के साथ बैंक के व्यावसायिक संबंधों को मजबूत करना, वाहन ऋण कारोबार का विस्तार करना और नए व्यावसायिक अवसरों की संभावनाएं तलाशना रहा।

कार्यक्रम में बैंक ऑफ इंडिया, भोपाल अंचल के आंचलिक प्रबंधक विकास रंजन पटनायक विशेष रूप से उपस्थित रहे। बैठक में ग्वालियर क्लस्टर की विभिन्न शाखाओं के शाखा प्रबंधकों के साथ शहर के प्रमुख वाहन डीलरों ने भाग लिया। बैठक के दौरान बैंक अधिकारियों और वाहन डीलरों के बीच बेहतर तालमेल स्थापित करने तथा ग्राहकों को सरल, सुगम और गुणवत्तापूर्ण बैंकिंग सेवाएं उपलब्ध कराने पर चर्चा की गई। इसके साथ ही वाहन ऋण कारोबार को गति देने और बैंक की वित्तीय योजनाओं को अधिक से अधिक ग्राहकों तक पहुंचाने के उपायों पर विचार-विमर्श हुआ।

ग्वालियर मेले को ध्यान में रखते हुए वाहन वित्तपोषण के अवसरों का लाभ उठाने की रणनीति पर भी चर्चा की गई। इसमें वाहन खरीदने वाले ग्राहकों को ऋण सुविधाओं की जानकारी देने और डीलरों तथा बैंक अधिकारियों के बीच प्रभावी समन्वय स्थापित कर बेहतर परिणाम हासिल करने पर जोर दिया गया। बैंक की इस पहल से वाहन ऋण संबंधी सेवाओं को अधिक प्रभावी बनाने और ग्राहकों तक वित्तीय सुविधाओं की पहुंच बढ़ाने की दिशा में सहयोग मिलने की उम्मीद है। बैंक ऑफ इंडिया ने ऐसी पहलों के माध्यम से वाहन ऋण कारोबार का विस्तार करने, ग्राहकों को बेहतर वित्तीय सेवाएं उपलब्ध कराने और क्षेत्र में अपनी व्यावसायिक उपस्थिति को और मजबूत बनाने की प्रतिबद्धता दोहराई।

ईडीआईआई महिलाओं को बना रहा उद्यमी, 600 से अधिक व्यवसाय शुरू

भोपाल। एंटरप्रेन्योरशिप डेवलपमेंट इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया ने महत्वपूर्ण पहल की है। संस्थान के इको-एक्शन लर्निंग सेंटर के माध्यम से ग्रामीण महिलाओं को तकनीकी कौशल, व्यावहारिक प्रशिक्षण और कारोबार स्थापित करने के लिए जरूरी सहयोग दिया जा रहा है। अब तक 2,000 से अधिक महिलाओं को प्रशिक्षण दिया जा चुका है, जबकि 600 से अधिक महिलाओं ने नए उद्यम शुरू किए हैं या अपने मौजूदा कारोबार का विस्तार किया है। ईडीआईआई के महानिदेशक डॉ. सुनील शुक्ला ने कहा कि उद्यमिता ग्रामीण महिलाओं को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने का सशक्त माध्यम है।

मंगलसूत्र-अंगूठी और पायल की रही मांग

करवा चौथ पर हल्की ज्वेलरी की डिमांड, अब पुष्य नक्षत्र और धनतेरस-दिवाली पर व्यापार की उम्मीद

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

करवा चौथ पर राजधानी भोपाल के सराफा बाजार में हल्की ज्वेलरी की खरीदारी देखने को मिली। त्योहार के चलते ग्राहकों ने बजट के अनुसार हल्के वजन के आभूषणों को प्राथमिकता दी।

अब सराफा कारोबारियों को पुष्य नक्षत्र, धनतेरस और दिवाली पर बाजार में रौनक बढ़ने तथा कारोबार में तेजी आने की उम्मीद है। करवा चौथ पर महिलाओं ने अपनी पसंद और बजट के मुताबिक आभूषणों की खरीदारी की। हल्की चेन, अंगूठी, कानों के टॉप्स और अन्य आकर्षक डिजाइन के आभूषण ग्राहकों के लिए विकल्प



बने। वहीं, चांदी की पायल और बिछिया की भी खरीदारी हुई। त्योहार पर पत्नी को गहने उपहार देने की परंपरा के चलते ज्वेलरी दुकानों पर ग्राहकों की दिलचस्पी रही। वहीं सोने के ऊंचे भाव के बीच ग्राहकों ने कम वजन वाले आभूषणों को प्राथमिकता दी। मंगलसूत्र, हल्की चेन और अंगूठियां ऐसे विकल्प रहे, जिन्हें त्योहार पर खरीदने के साथ रोजाना भी पहना जा सकता है। करवा चौथ के बाद अब सराफा कारोबारियों की नजर धनतेरस और दिवाली पर टिकी है। इन त्योहारों पर सोने-चांदी की खरीदारी को शुभ माना जाता है। ऐसे में कारोबारियों को उम्मीद है कि आगामी दिनों में बाजार में ग्राहकों की आवाजाही बढ़ेगी और बिक्री में सुधार होगा। कारोबारियों को उम्मीद है कि त्योहारों के दौरान लोग पारंपरिक आभूषणों के साथ हल्की और आकर्षक डिजाइन वाली ज्वेलरी भी पसंद करेंगे। सोने-चांदी की कीमतों और ग्राहकों के बजट के बीच हल्के वजन के आभूषण खरीदारी का अहम विकल्प बन सकते हैं।

बिजनेस न्यूज

इजी.सक्सेना के मार्गदर्शन में निःशुल्क मेहंदी महोत्सव, 11 हजार महिलाओं ने रचाई मेहंदी

भोपाल। इंजीनियर संजीव सक्सेना के मार्गदर्शन में मातृभूमि सेवा संगठन द्वारा करवा चौथ के अवसर पर 27 एवं 28 अक्टूबर को दक्षिण-पश्चिम विधानसभा क्षेत्र सहित भोपाल में 300 से अधिक स्थानों पर निःशुल्क मेहंदी शिविर आयोजित किए गए। दो दिवसीय अभियान में 11 हजार से अधिक माताओं एवं बहनों ने मेहंदी रचाई। इंजीनियर संजीव सक्सेना ने बताया कि संगठन द्वारा पिछले 16 वर्षों से करवा चौथ पर निःशुल्क मेहंदी महोत्सव आयोजित किया जा रहा है। इसका उद्देश्य महिलाओं को निःशुल्क मेहंदी की सुविधा उपलब्ध कराने के साथ भारतीय संस्कृति एवं पारंपरिक त्योहारों की खुशियों को साझा करना है। महोत्सव के अंतर्गत महिलाओं से प्रेम स्वरूप एक चुटकी सिंदूर, एक बिंदी एवं एक रुपया अर्पित करने का आग्रह किया गया। एकत्रित अर्पण को विधि-विधान एवं पूजा-अर्चना के साथ माँ कंकाली मंदिर में माता रानी के श्रीचरणों में समर्पित कर महिलाओं के सुहाग की दीर्घायु, सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की मंगलकामना की जाती है।



एसबीआई लाइफ का बिजनेस प्रीमियम 20,259 करोड़ रुपए पहुंचा

मुंबई। एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस ने 30 सितंबर 2026 को समाप्त अवधि में शानदार प्रदर्शन करते हुए 20,259 करोड़ रुपए का नया बिजनेस प्रीमियम दर्ज किया। पिछले वर्ष की समान अवधि में यह 18,349 करोड़ रुपए था। कंपनी के नियमित प्रीमियम में सालाना आधार पर 21 प्रतिशत की वृद्धि हुई। पनी का कर पश्चात लाभ 17 प्रतिशत बढ़कर 1,274 करोड़ रुपये हो गया। वहीं, सुरक्षा बीमा कारोबार के नए प्रीमियम में 46 प्रतिशत की वृद्धि के साथ यह 3,235 करोड़ रुपये रहा। व्यक्तिगत नया बिजनेस प्रीमियम 13 प्रतिशत बढ़कर 13,732 करोड़ रुपए दर्ज किया गया। एसबीआई लाइफ का सॉल्वेंसी रेशियो 1.97 रहा, जो नियामकीय आवश्यकता 1.50 से अधिक है।

पार्ले और सेवलाइफ ने आयोजित किया दो दिवसीय प्रशिक्षण अभियान

भोपाल। सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली मौतों को रोकने के उद्देश्य से सेवलाइफ फाउंडेशन ने खरगोन जिला प्रशासन और पार्ले बिस्किट्स प्राइवेट लिमिटेड के सीएसआर सहयोग से दो दिवसीय प्रशिक्षण अभियान आयोजित किया। जीरो फैटैलिटी डिस्ट्रिक्ट कार्यक्रम के तहत आयोजित इस अभियान में सड़क इंजीनियरों और पुलिसकर्मियों को प्रशिक्षित किया गया। पहले दिन आयोजित कार्यशाला में 67 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। लोक निर्माण विभाग के कार्यकारी अभियंता आकाश दुबे ने कहा कि सड़क सुरक्षा सभी विभागों की साझा जिम्मेदारी है। वहीं, सेवलाइफ फाउंडेशन के सीईओ पीयूष तिवारी ने कहा कि सुरक्षित सड़क डिजाइन और दुर्घटना के बाद त्वरित सहायता से कई जानें बचाई जा सकती हैं। इसमें विभिन्न विभागों के इंजीनियरों और अधिकारियों को सुरक्षित सड़क डिजाइन, दुर्घटना संभावित क्षेत्रों की पहचान, रोड साइनेज, रोड मार्किंग, स्कूलों के आसपास यातायात प्रबंधन और कम लागत वाले सड़क सुरक्षा उपायों की जानकारी दी गई।

सीआईआई ग्लोबल एजुकेशन समिट : ब्रिटेन की यूनिवर्सिटीज भारत में कैंपस खोलेगी

नई दिल्ली। भारत में ब्रिटेन के प्रतिष्ठित विश्वविद्यालयों की बढ़ती मौजूदगी से दोनों देशों के बीच शिक्षा, अनुसंधान और नवाचार के क्षेत्र में सहयोग मजबूत हो रहा है। इससे भारतीय विद्यार्थियों को अंतरराष्ट्रीय स्तर की शिक्षा हासिल करने के नए अवसर मिलेंगे और भविष्य की जरूरतों के अनुरूप कुशल प्रतिभा विकसित करने में मदद मिलेगी। यह बात ब्रिटिश काउंसिल की डायरेक्टर एजुकेशन इंडिया, सुश्री रित्तिका चंदा पर्रुक एमबीई ने सीआईआई ग्लोबल एजुकेशन समिट में कही। उन्होंने बताया कि भारत-ब्रिटेन विजन 2035 के अनुरूप एबरडीन, यॉर्क और ब्रिस्टल विश्वविद्यालय भारत में अपने कैंपस स्थापित कर रहे हैं। सीआईआई ग्लोबल एजुकेशन समिट में उद्योग, शिक्षा जगत, सरकार और अंतरराष्ट्रीय संस्थानों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। 'एजुकेशन 2035: डिजाइनिंग टैलेंट फॉर ए ट्रांसफॉर्मेटिव फ्यूचर' विषय पर आयोजित इस सम्मेलन में शिक्षा के भविष्य, कौशल विकास और नवाचार से जुड़े मुद्दों पर चर्चा की गई। सम्मेलन में भारत और ब्रिटेन के बीच शैक्षणिक सहयोग को विस्तार देने, विद्यार्थियों के लिए वैश्विक अवसर बढ़ाने तथा उद्योग की जरूरतों के अनुरूप कौशल विकसित करने पर जोर दिया गया।



नया गाना 'आई मेट हर अगेन' रिलीज

इंदौर। इंडी पॉप सिंगर-सॉन्गराइटर मान पन्नू का नया गाना 'आई मेट हर अगेन' रिलीज हो गया है। यह गाना दिल टूटने के दर्द, पुरानी यादों और खुद को दोबारा तलाशने के भावनात्मक सफर को खूबसूरती से प्रस्तुत करता है। इसमें बिछड़ने के बाद बीते रिश्ते को स्वीकार करने और अकेलेपन में सुकून ढूंढने की कहानी दिखाई गई है। गाने का म्यूजिक वीडियो पहाड़ों की प्राकृतिक सुंदरता के बीच फिल्माया गया है।

कार्यालय अधीक्षक केन्द्रीय जेल भोपाल (म.प्र.)

(Office-0755-2742263, Fax-0755-2742250, Email-Jscjbpl@mp.gov.in)

क्रमांक 643/निर्वाह/26 :: ई-टेण्डरिंग निविदा सूचना :: भोपाल, दिनांक 26/10/2026

वर्ष 2026-27 हेतु

(प्रथम आमंत्रण)

केन्द्रीय जेल भोपाल एवं क्षेत्रीय जेल प्रबंधन एवं शोध संस्थान में पदस्थ अधिकारियों के उपयोग हेतु किराये से वाहन लिये जाने हेतु निविदायें ई-टेण्डरिंग पद्धति (Online sytem) के माध्यम से निम्नानुसार आमंत्रित की जाती है। विस्तृत जानकारी सेन्ट्रल वेबसाईट https://www.mptenders.gov.in पर देखी जा सकती है।

1	प्री-बीड मिटिंग की तिथि	दिनांक 12.11.2026 प्रातः 11:00 बजे	जेल अधीक्षक केन्द्रीय जेल भोपाल कार्यालय में
2	निविदा फार्म क्रय करने की अंतिम तिथि (निविदा फार्म का मूल्य 500 रुपयें प्रतिफार्म राशि लेखा शीर्ष 0056, जेले-800 अन्य प्राप्तियां में आनलाईन जमा की जावेगी)	दिनांक 21.11.2026 समय शाम 6:00 बजे तक	वेबसाईट https://www.mptenders.gov.in पर प्राप्त किये जा सकेगें।
3	निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि	दिनांक 21.11.2026 समय शाम 6:00 बजे तक	वेबसाईट https://www.mptenders.gov.in पर ऑनलाईन स्वीकार की जायेगी।
4	तकनीकी निविदा खोलने की तिथि -	दिनांक 21.11.2026 समय दोपहर 12:00 बजे	जेल अधीक्षक केन्द्रीय जेल भोपाल कार्यालय में
5	वित्तीय निविदा खोलने की तिथि -	दिनांक 27.11.2026 समय दोपहर 12:00 बजे	जेल अधीक्षक केन्द्रीय जेल भोपाल कार्यालय में

निविदा फार्म ऊपर दर्शित वेबसाईट पर (Online System) क्रेडिट कार्ड या ऑनलाईन भुगतान कर ही क्रय किये जा सकते है। निविदा एवं उससे संबंधित समस्त जानकरी ऊपर दशाई गई वेबसाईट पर देखे। निविदा के संबंध में किया जाना वाला कोई भी संशोधन संबंधित वेबसाईट पर किया जायेगा। जिसका प्रकाशन पृथक से समाचार पत्रों में नहीं किया जायेगा।

G-20673/26 " स्वच्छता ही सेवा " जेल अधीक्षक, केंद्रीय जेल भोपाल

कार्यालय नगर पालिका परिषद् गंजबासौदा जिला विदिशा (म.प्र.)

नगर पालिका भवन, पुराना मेला ग्राउण्ड, शा. राजीव गांधी जनचिकित्सालय के पीछे, वार्ड क्र 15 गंजबासौदा

Email_cmoganjbasoda@mpurban.gov.in ☎ 07594-221104

ई-निविदा आमंत्रण सूचना

क्र/SWM/2026/ गंजबासौदा दिनांक .....

नगर पालिका परिषद् गंजबासौदा द्वारा निम्न कार्य हेतु ई-निविदा का आमंत्रण किया गया है जिसका विवरण निम्नानुसार है -

ई-निविदा क्र.	कार्य का विवरण	कार्य की अनुमानित लागत	अमानत राशि	ई-निविदा प्रपत्र का मूल्य	ई-निविदा क्रय अंतिम दिनांक
2026_UAD_545656_1	SELECTION OF AN AGENCY NON-PROFIT ORGANIZATION FOR PROVIDING END-TO-END MANAGEMENT OF SOLID WASTE IN NAGAR PALIKA PARISHAD GANJBASODA	8835490.00	66300.00	10000.00	16.11.2026

निविदा प्रपत्र क्रय, डाउनलोड, करने एवं निविदा से संबंधित समस्त शर्तें एवं जानकारी mptenders.gov.in से एवं नगर पालिका परिषद् गंजबासौदा की स्वास्थ्य शाखा से प्राप्त की जा सकती हैं। इसके बाद किसी प्रकार का संशोधन होने पर बेवसाईट पर या कार्यालय से जानकारी प्राप्त होगी संशोधन का प्रकाशन समाचार पत्र में नहीं किया जावेगा।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद गंजबासौदा

कार्यालय कलेक्टर एवं पदेन उपसचिव, मध्यप्रदेश शासन राजस्व विभाग जिला विदिशा मध्यप्रदेश

क्रमांक...../2026-27/भू-अर्जन / 2026 / 1383025 विदिशा दिनांक 19.10.2026

अंतर्गत धारा-19 भू-अर्जन पुनर्वास और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम 2013 (क्र. 3 सन् 2013) चूंकि राज्य शासन को इस बात का समाधान हो गया है कि नीचे दी गई अनुसूची में कोठा बैराज परियोजना तहसील कुरवाई जिला विदिशा के ग्राम कस्वा कुरवाई के लिए बैराज डूब में प्रभावित भूमि हेतु आवश्यक वर्णित भूमि जिसका कृषक वार सर्वे क्रमवार विवरण अनुसूची में उल्लेखित है, सार्वजनिक प्रयोजन के लिए आवश्यकता है। अतः भूमि अर्जन पुर्नवास एवं पुनर्व्यस्थापना उचित प्रतिकर एवं पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम 2013 (क्र. 3 सन् 2013) धारा-19 के अन्तर्गत यह घोषित किया जाता है कि निम्न वर्णित सूची की भूमि में अंकित सार्वजनिक प्रयोजनार्थ आवश्यकता है।

अनुसूची

तहसील-कुरवाई कोठा बैराज परियोजना के निर्माण हेतु ग्राम-कस्वा कुरवाई जिला - विदिशा

क्र.	भूमि स्वामी का नाम	स्वामित्व का प्रकार	खसरा नंबर	क्षेत्रफल कुल रकवा (हैं. मैं.)	अर्जित सिंचित	अर्जित असिंचित	अर्जित पड़ती	भूमि पर स्थित परिसंपत्तियां
1	2	3	4	5	6	7	8	9
01	श्रीमति केशरजमा पुत्री नबाब सरबरअली खां पत्नि श्री सईदअली खां जाति मुसलमान पता कस्बा कुरवाई कुरवाई विदिशा मध्य प्रदेश भूमि स्वामी	भूमि स्वामी	1952/1/1	4.180	0.900	-	-	जामुन-2 केंजी -2
02	जुमरतबी पत्नी तारिक मोहम्मद जाति मुसलमान पता कस्बा कुरवाई कुरवाई विदिशा मध्यप्रदेश भूमि स्वामी	भूमि स्वामी	1952/2	4.185	0.260	-	-	-
03	मोहम्मद इल्यास खां पुत्र नौशे खां जाति मुसलमान पता कस्बा कुरवाई कुरवाई विदिशा मध्यप्रदेश 224/1568 भाग भूमि स्वामी मोहम्मद इसाद खां पुत्र नौशे खां जाति मुसलमान पता कस्बा कुरवाई कुरवाई विदिशा मध्यप्रदेश 224/1568 भाग भूमि स्वामी मोहम्मद असलम खां पुत्र नौशे खां जाति मुसलमान पता कस्बा कुरवाई कुरवाई विदिशा मध्यप्रदेश 224/1568 भाग भूमि स्वामी मोहम्मद इकवाल खां पुत्र नौशे खां जाति मुसलमान पता कस्बा कुरवाई कुरवाई विदिशा मध्यप्रदेश 224/1568 भाग भूमि स्वामी अंजुम बी पुत्री नौशे खां जाति मुसलमान पता कस्बा कुरवाई कुरवाई विदिशा मध्यप्रदेश 224/1568 भाग भूमि स्वामी सबिस्ता बी पुत्री नौशे खां जाति मुसलमान पता कस्बा कुरवाई कुरवाई विदिशा मध्यप्रदेश 224/1568 भाग भूमि स्वामी शाबरा बी बेवा नौशे खां जाति मुसलमान पता कस्बा कुरवाई कुरवाई विदिशा मध्यप्रदेश 224/1568 भाग भूमि स्वामी	भूमि स्वामी	1954/4/1	1.190	0.080	-	-	-
		भूमि स्वामी	1971/2/1	0.378	0.070	-	-	-
04	शरीफ खां पुत्र बख्शर खां जाति मुसलमान पता कस्बा कुरवाई कुरवाई विदिशा मध्यप्रदेश 1567/4338 भाग भूमि स्वामी मेहमूद खां पुत्र दराज खां जाति मुसलमान पता कस्बा कुरवाई कुरवाई विदिशा मध्यप्रदेश 1568/4338 भाग भूमि स्वामी सईदउद्दीन पुत्र ग्यासुद्दीन जाति मुसलमान पता कस्बा कुरवाई कुरवाई विदिशा मध्यप्रदेश 301/4338 भाग भूमि स्वामी गुफरानआजमखां पुत्र इस्लामउद्दीन खां जाति मुसलमान पता कस्बा कुरवाई कुरवाई विदिशा मध्यप्रदेश 150/4338 भाग	भूमि स्वामी	1954/4/2	0.273	0.110	-	-	-
	भूमि स्वामी अजहरउद्दीनखां पुत्र इस्लामउद्दीन खां जाति मुसलमान पता कस्बा कुरवाई कुरवाई विदिशा मध्यप्रदेश 150/4338 भाग भूमि स्वामी मेहराजउद्दीन पुत्र ग्यासुद्दीन खां जाति मुसलमान पता कस्बा कुरवाई कुरवाई विदिशा मध्यप्रदेश 301/4338 भाग भूमि स्वामी यूनिस खां पुत्र ग्यासुद्दीन खां जाति मुसलमान पता कस्बा कुरवाई कुरवाई विदिशा मध्यप्रदेश 301/4338 भाग भूमि स्वामी	भूमि स्वामी	1972/2	2.089	0.060	-	-	-
05	चांदमल पुत्र धन्नालाल जाति जैन पता कुरवाई कुरवाई विदिशा मध्य प्रदेश भूमि स्वामी	भूमि स्वामी	1971/1	6.146	0.180	-	-	बबूल -2
			1980/1	0.909	0.055	-	-	-
		कुल योग		8 किता	19.350	1.715		

:: अनुसूची -02 ::

जिला	तहसील	ग्राम	निजी भूमि का लगभग क्षेत्रफल (हे. में)	शासकीय भूमि का लगभग (हे. में)	धारा-19 की उपधारा (1) द्वारा प्रधिकृत अधिकारी	सार्वजनिक प्रयोजन का वर्णन
1	2	3	4	5	6	7
विदिशा	कुरवाई	कस्बा कुरवाई	1.715	0.020	अनुविभागीय अधिकारी / भू-अर्जन अधिकारी राजस्व कुरवाई जिला विदिशा	कोठा बैराज परियोजना के पम्प हाउस एवं पहुंच मार्ग हेतु।

प्रस्तावित भूमि के अर्जन से किसी भी व्यक्ति अथवा परिवार का पुनर्व्यवस्थापन किया जाना अपेक्षित नहीं है अतः पुनर्व्यवस्थापन क्षेत्र की पहचान किया जाना एवं पुर्नवासन और पुनर्व्यवस्थापन स्कीम का प्रकाशन किया जाना आवश्यक नहीं है।

भूमि के नक्शे तथा प्लान का निरीक्षण कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) कुरवाई जिला विदिशा एवं परियोजना प्रशासक कोठा बैराज परियोजना क्रियान्वयन इकाई जल संसाधन विभाग गंजबासौदा जिला विदिशा के कार्यालय में किया जा सकता है

चिंतन

ठगी मामलों में जिम्मेदारी से नहीं बच सकते बैंक

डिजिटल बैंकिंग ने लेन-देन को जितना आसान बनाया है, साइबर अपराधियों ने भी उसी रफ्तार से लोगों की जमा-पूंजी पर सेंध लगाने के तरीके खोज लिए हैं। मोबाइल की एक घंटी, वीडियो कॉल पर पुलिस की वर्दी और गिरफ्तारी का डर दिखाकर लोगों को उनकी जीवनभर की कमाई से वंचित किया जा रहा है। डिजिटल अरेस्ट के नाम पर होने वाली ठगी अब केवल साइबर अपराध की समस्या नहीं, बल्कि बैंकिंग व्यवस्था की सुरक्षा और जवाबदेही की भी गंभीर परीक्षा है। सुप्रीम कोर्ट ने इसीलिए बैंकों की जिम्मेदारी पर सवाल उठाते हुए कहा है कि उनकी लापरवाही से ठगी होती है तो उन्हें पीड़ितों को हर्जाना देना चाहिए। यह टिप्पणी बैंकिंग प्रणाली को उसकी बुनियादी जिम्मेदारी याद दिलाती है। ग्राहकों के धन की सुरक्षा केवल खाताधारक की सतर्कता पर नहीं छोड़ी जा सकती। आंकड़े समस्या की गंभीरता को रेखांकित करते हैं। वर्ष 2026 में अब तक डिजिटल अरेस्ट के 22 हजार से अधिक मामले सामने आए हैं और 800 करोड़ रुपये से ज्यादा की ठगी हुई है। वर्ष 2025 में ऐसे 58,239 मामलों में लगभग 1,211 करोड़ रुपये गंवाए गए। ये आंकड़े बताते हैं कि जागरूकता अभियान और लगातार सामने आ रही खबरों के बावजूद अपराधियों का जाल कमजोर नहीं पड़ा। सवाल यह है कि जब डिजिटल लेन-देन का पूरा तंत्र बैंकों की निगरानी में संचालित होता है, तब असामान्य और संदिग्ध लेन-देन को समय रहते पकड़ने की व्यवस्था कितनी प्रभावी है? कोई खाताधारक अचानक अपनी जमा-पूंजी कुछ ही मिनटों में दूसरे खातों में भेजने लगे, किसी खाते में असामान्य रकम आने और तत्काल आगे हस्तांतरित होने का सिलसिला शुरू हो जाए या किसी खाते का इस्तेमाल लगातार संदिग्ध लेन-देन के लिए हो, तो बैंकिंग प्रणाली को सतर्क होना चाहिए। बैंक अपनी जिम्मेदारी से नहीं बच सकते। असामान्य लेन-देन पर तत्काल अतिरिक्त सत्यापन, ग्राहक से स्वतंत्र माध्यम से संपर्क, संदिग्ध खातों की त्वरित जांच और ठगी की आशंका होने पर धन हस्तांतरण को अस्थायी रूप से रोकने की प्रभावी व्यवस्था बनाई जानी चाहिए। ऐसे मामलों में पुलिस, साइबर अपराध इकाइयों, बैंकों और भुगतान सेवा प्रदाताओं के बीच तत्काल सूचना साझा करने का तंत्र भी जरूरी है। बैंकों की जवाबदेही तय करने के मामले में भी स्पष्ट नियम जरूरी हैं। यदि जांच में साबित हो कि बैंक ने निर्धारित सुरक्षा मानकों का पालन नहीं किया, संदिग्ध गतिविधियों पर अपेक्षित कार्रवाई नहीं की या शिकायत मिलने के बाद धन रोकने में अनुचित देरी की, तो पीड़ित को मुआवजा दिया जाना चाहिए। भारतीय रिजर्व बैंक को इस दिशा में ठोस नियम बनाने चाहिए, ताकि ग्राहकों को मुआवजे के लिए भटकना न पड़े। दूसरी ओर, डिजिटल अरेस्ट के नाम पर भयभीत किए जा रहे लोगों को यह समझाना भी जरूरी है कि पुलिस, सीबीआई या अन्य जांच एजेंसियां वीडियो कॉल पर किसी व्यक्ति को गिरफ्तार नहीं करतीं और न ही गिरफ्तारी से बचने के लिए किसी खाते में रकम जमा कराने की वैध प्रक्रिया है। अपराधी सरकारी प्रतीकों, फर्जी पहचान और मनोवैज्ञानिक दबाव का इस्तेमाल करते हैं। ऐसे में लोगों को अनजान वीडियो कॉल पर भरोसा नहीं करना चाहिए, न ही ओटीपी, बैंक विवरण या गोपनीय जानकारी साझा करनी चाहिए। यदि ग्राहक को यह आशंका रहने लगे कि उसकी जीवनभर की कमाई कुछ मिनटों में गायब हो सकती है और उसके बाद उसे केवल शिकायतों के चक्कर लगाने पड़ेंगे, तो डिजिटल बैंकिंग की विश्वसनीयता प्रभावित होगी।

अब जीएसटी सुधारों का नया दौर



आर्थिकी
डॉ. जयंतीलाल भंडारी

एक नवंबर से भारत में वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) सुधारों का नया दौर आकार लेने जा रहा है। इन दिनों भारतीय अर्थव्यवस्था पर प्रकाशित हो रही विभिन्न राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय रिपोर्टों में यह रेखांकित हो रहा है कि भारत के अप्रत्यक्ष कर (इन डायरेक्ट टैक्स) ढांचे में 1 जुलाई 2017 को लागू हुई जीएसटी कर प्रणाली भारत के आर्थिक इतिहास का एक ऐतिहासिक मोड़ साबित हो रही है और अब इससे भारत की आर्थिक मजबूती का एक नया अध्याय लिखा जाएगा। 'एक राष्ट्र, एक कर, एक बाजार' के विजन के साथ शुरू हुई यह व्यवस्था विगत वर्षों में निरंतर प्रशासनिक, तकनीकी और प्रक्रियागत सुधारों से गुजरते हुए अब अपने सबसे परिपक्व चरण में प्रवेश कर रही है। उल्लेखनीय है कि पिछले दिनों नई दिल्ली में वित्त मंत्री की अध्यक्षता में आयोजित 57वीं जीएसटी परिषद की बैठक में लिए गए निर्णयों ने कर व्यवस्था को अधिक सरल, पारदर्शी, नागरिक-अनुकूल और व्यवसाय-सुगम बनाने की दिशा में एक नया अध्याय जोड़ दिया है।

> एक नवंबर से भारत में वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) सुधारों का नया दौर आकार लेने जा रहा है। इन दिनों भारतीय अर्थव्यवस्था पर प्रकाशित हो रही विभिन्न राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय रिपोर्टों में यह रेखांकित हो रहा है कि भारत के अप्रत्यक्ष कर (इन डायरेक्ट टैक्स) ढांचे में 1 जुलाई 2017 को लागू हुई जीएसटी कर प्रणाली भारत के आर्थिक इतिहास का एक ऐतिहासिक मोड़ साबित हो रही है और अब इससे भारत की आर्थिक मजबूती का एक नया अध्याय लिखा जाएगा। 'एक राष्ट्र, एक कर, एक बाजार' के विजन के साथ शुरू हुई यह व्यवस्था विगत वर्षों में निरंतर प्रशासनिक, तकनीकी और प्रक्रियागत सुधारों से गुजरते हुए अब अपने सबसे परिपक्व चरण में प्रवेश कर रही है।

1 नवंबर से लागू होने वाले जीएसटी के चरणबद्ध बदलाव और फिर एक अप्रैल 2027 के भावी जीएसटी रोडमैप से जीएसटी प्रणाली करदाताओं को नौकरशाही के जटिल जाल से राहत दिलाने, कार्यशील पूंजी (वर्किंग कैपिटल) के प्रवाह को गति देने और भरोसे पर आधारित प्रशासन (ट्रस्ट-बेस्ड गवर्नेंस) को स्थापित करने के मद्देनजर मील का पत्थर बनने जा रही है। यह सर्वविदित है कि भारत में जीएसटी का वर्तमान स्वरूप रातों-रात तैयार नहीं हुआ, बल्कि यह पिछले चार दशकों में किए गए क्रमिक आर्थिक एवं प्रशासनिक सुधारों का प्रतिफल है। भारत में आधुनिक अप्रत्यक्ष कर सुधारों की नींव 1976 में एल. के. झा समिति की सिफारिशों से पड़ी, जिसने तत्कालीन जटिल उत्पाद शुल्क (एक्साइज ड्यूटी) को समाप्त कर संशोधित मूल्य वर्धित कर लागू करने का सुझाव दिया था। इसके उपरांत वर्ष 1987 में मॉडवैट लागू होने के साथ ही भारतीय कर व्यवस्था में पहली बार इनपुट टैक्स क्रेडिट (आईटीसी) की अवधारणा ने मूर्त रूप लिया, जिसने कर पर कर (कैस्केडिंग इफेक्ट) के बोझ को कम किया। 2000 के दशक की शुरुआत में डॉ. विजय केलकर टास्क फोर्स ने देश में एक एकीकृत 'नेशनल जीएसटी मॉडल' का प्रस्ताव रखा, जिसने व्यापक कर सुधारों का खाका खींचा। फिर राज्यों के वित्त मंत्रियों के अधिकार प्राप्त समूह ने रेवेन्यू न्यूट्रल रेट, प्लेस ऑफ सप्लाई नियमों और अंतरराज्यीय लेन-देन के लिए क्लियरिंग हाउस मैकेनिज्म पर काम किया। आखिरकार, राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) सरकार की दृढ़ राजनीतिक इच्छाशक्ति और आवश्यक संवैधानिक संशोधन के माध्यम से 1 जुलाई 2017 से पूरे देश में एकीकृत जीएसटी कानून लागू किया गया। निसंदेह जीएसटी लागू होने के बाद से भारत का कर आधार (टैक्स बेस) तेजी से विस्तृत हुआ है और संपूर्ण आपूर्ति श्रृंखला (सप्लाई चेन) के डिजिटलीकरण, ई-वे बिल और ई-इन्वॉयसिंग जैसे तकनीकी नवाचारों ने कर चोरी पर अंकुश लगाकर असंगठित क्षेत्र को औपचारिक अर्थव्यवस्था से जोड़ा है। इन सुधारों के कारण राजस्व संग्रह में अभूतपूर्व वृद्धि देखी गई है; जहां वित्तीय वर्ष 2017-18 के शुरुआती दौर में औसत मासिक संग्रह



लगभग 90,000 करोड़ रुपये प्रति माह रहता था, वहीं सितंबर 2026 में यह बढ़कर 2,00,000 करोड़ रुपये से अधिक पहुंच गया है। यह ऐतिहासिक राजस्व संग्रह भारतीय अर्थव्यवस्था की आंतरिक मजबूती, कर अनुपालन में आई पारदर्शिता और कर प्रणाली की उच्च दक्षता का प्रत्यक्ष प्रमाण है।

यह बात भी महत्वपूर्ण है कि जीएसटी परिषद की हालिया बैठक में करीब 9 वर्षों के अनुभवों के आधार पर दूरगामी सुधारों को हरी झंडी दी गई है। इनसे नए रिफंड आवेदनों को पूरी तरह से डिजिटल और जोखिम मूल्यांकन आधारित ऑटोमेटेड सिस्टम पर स्थानांतरित कर दिया गया है, जिससे रिफंड पावती की अवधि घटेगी और दावा की गई राशि बिना किसी अनावश्यक मानवीय हस्तक्षेप के सीधे कारोबारियों के बैंक खातों में जमा होगी। इनवर्टेड ड्यूटी स्ट्रक्चर से जूझ रहे उद्योगों को बड़ी राहत देते हुए 90 प्रतिशत तक का अस्थायी रिफंड तुरंत स्वीकृत करने की व्यवस्था की गई है, जिससे एमएसएमई और विनिर्माण इकाइयों की फंसी हुई पूंजी तुरंत अनलॉक होगी। सामान की बिक्री के बाद दी जाने वाली छूट (पोस्ट-सेल डिस्काउंट) और क्रेडिट नोट से जुड़े अनुपालन नियमों को व्यावहारिक और लचीला बनाया गया है, जिससे व्यापारी अपनी वास्तविक कर देनदारी का सटीक संतुलन बना सकेंगे। कर प्रशासन में पारदर्शिता लाने और व्यापारियों में विश्वास जगाने के लिए कानूनी और प्रशासनिक प्रक्रियाओं में क्रांतिकारी बदलाव किए गए हैं। एक ऐतिहासिक कदम के तहत जीएसटी अधिकारियों की सीधी गिरफ्तारी की शक्तियों को सीमित कर दिया गया है; अब अधिकारी महज कानून का हवाला देकर कारोबारियों को गिरफ्तार नहीं कर सकेंगे और इसके लिए अदालत से पूर्व आदेश प्राप्त करना अनिवार्य होगा। अभियोजन (प्रॉसिक्यूशन) की सीमा को बढ़ाए जाने से छोटे और ईमानदार व्यापारियों में फैला 'टैक्स टेरर' का डर समाप्त होगा। इसके अतिरिक्त, ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म्स के माध्यम से व्यापार करने वाले छोटे व असंगठित विक्रेताओं के लिए पंजीकरण और अनुपालन की शर्तों को बेहद आसान बनाया गया है, जिससे वे वेयरहाउस का उपयोग कर बिना जटिल कागजी कार्रवाई के व्यापार कर सकेंगे। छोटे विवादों से राहत देते हुए 10,000 रुपये से कम की कुल कर देनदारी पर अब कारण बताओ नोटिस (शो कॉज नोटिस) जारी न करने और धारा 125 के तहत सामान्य जुर्मानों की सीमा घटाने के फैसले लिए गए हैं। कर ढांचे को व्यावहारिक बनाने के लिए कर दरों और स्लैब का पुनर्गठन एक अत्यंत प्रभावी कदम सिद्ध हुआ है। जीएसटी के शुरुआती वर्षों में मुख्य रूप से चार कर स्लैब (5 प्रतिशत, 12 प्रतिशत, 18 प्रतिशत, और 28 प्रतिशत) तथा विभिन्न उपकर (सेस) प्रभावी थे, जिन्हें बाद में जीएसटी परिषद द्वारा व्यापक समीक्षा के बाद पुनर्गठित कर मुख्य रूप से दो प्रमुख स्लैब- 5 प्रतिशत और 18 प्रतिशत के अंतर्गत सुव्यवस्थित किया गया। निसंदेह जीएसटी संबंधी हालिया सुधार सराहनीय हैं, परंतु जीएसटी को पूर्णतः गुड एंड सिंपल टैक्स बनाने के लिए अभी भी कुछ महत्वपूर्ण मोर्चों पर काम किया जाना शेष है। पेट्रोल, डीजल, प्राकृतिक गैस, बिजली और एविऐशन टर्बाइन फ्यूल को अभी भी जीएसटी के दायरे से बाहर रखा गया है, जब तक ये वस्तुएं जीएसटी के तहत नहीं आतीं, तब तक समूची मूल्य श्रृंखला में इनपुट टैक्स क्रेडिट का निर्बाध प्रवाह संभव नहीं है। उम्मीद करें कि एक नवंबर से चरणबद्ध तरीके से लागू हो रहे सुधारों और एक अप्रैल 2027 से लागू होने वाले जीएसटी के दीर्घकालिक सुधारों से जीएसटी प्रक्रियाओं के सरलीकरण और कर आतंक की समाप्ति से उद्योग-कारोबार जगत लाभान्वित होगा।

(लेखक प्रसिद्ध अर्थशास्त्री हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया haribhoomi@gmail.com पर दे सकते हैं।

विधान परिषद चुनाव
बाल मुकुन्द ओझा



भाजपा और कांग्रेस दोनों के लिए खतरे की घंटी

देश के 4 राज्यों की 28 विधान परिषद सीटों के चुनाव नतीजों ने भाजपा और कांग्रेस दोनों पार्टियों में खलबली मचा दी है। भाजपा ने प्रतिष्ठा वाली सीटों पर हार के मद्देनजर आत्म चिंतन और विश्लेषण शुरू कर दिया है। बैठकों का दौर चल रहा है। कांग्रेस अपनी बुरी हार के बावजूद एक नवंबर की रैली में व्यस्त है। कांग्रेस ने 12 सीटों पर चुनाव लड़ा और महज एक सीट पर विजय हासिल की। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कांग्रेस की बैलेट पेपर पर हार से तंज कसते हुए कहा, चार बड़े राज्यों उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, बिहार और कर्नाटक में विधान परिषद चुनाव में 28 सीटों पर मतदान पर्ची से हुए। अनुमान लगाइए कि इनमें कांग्रेस को कितनी सीट मिली हैं। वहीं कांग्रेस ने पलटवार करते हुए बनारस और नागपुर की हार पर भाजपा को आईना दिखाया है। दोनों पार्टियां एक-दूसरे पर हमलावर हो रही हैं। कर्नाटक में सत्तारूढ़ होने के बावजूद कांग्रेस ने चारों सीटें गंवा दी।

इनमें एक सीट पहले कांग्रेस के पास थी। वहीं भाजपा को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की बनारस संसदीय सीट पर हुए स्नातक और शिक्षक दोनों सीटों पर शर्मनाक हार का सामना करना पड़ा है। यही नहीं, आरएसएस मुख्यालय की नागपुर सीट भी भाजपा ने कांग्रेस के हाथों गंवा दी। नागपुर आरएसएस का मुख्यालय होने के अलावा महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी का भी गृह क्षेत्र है। हालांकि भाजपा ने अपने सहयोगी दलों के साथ 28 में से 16 सीटों पर जीत हासिल की है। अकेले भाजपा को इनमें से 13 सीटें मिली हैं। उसकी सहयोगी जदयू, जदएस और शिवसेना (शिंदे) को एक-एक सीट मिली है। इसी के साथ ईवीएम के स्थान पर बैलेट पेपर से चुनाव कराने के नतीजे भी कांग्रेस को मुफीद नहीं रहे। चुनावों में क्षेत्रीय पार्टियों ने भाजपा को कड़ी टक्कर दी, जबकि कांग्रेस बुरी तरह पिछड़ गई। यूपी में कुछ ही माह बाद विधान सभा चुनाव होने जा रहा है। इस दृष्टि से इन चुनावों को महत्वपूर्ण माना जा रहा है। उत्तर प्रदेश, बिहार, महाराष्ट्र और कर्नाटक की 28 सीटों के लिए हुए चुनाव में भाजपा ने सबसे ज्यादा सीटों पर जीत हासिल की, जबकि सबसे पुरानी पार्टी कांग्रेस महज एक सीट पर जीत हासिल कर पाई है। यह कांग्रेस के लिए झटके की तरह है। वहीं भाजपा भले ही सबसे ज्यादा सीटों पर जीत हासिल करने में कामयाब रही हो, लेकिन वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संसदीय क्षेत्र वाराणसी की 2 सीट और केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी के संसदीय क्षेत्र नागपुर की स्नातक सीट से हार गई। यूपी में 11 सीटों पर विधान परिषद के चुनाव हुए थे। इनमें से 6 सीटों पर भाजपा जीती है और 5 सीटें मुख्य विपक्षी समाजवादी पार्टी ने जीती हैं। पहले सपा के पास 3 सीटें थीं और 2 सीटों पर निर्दलीय जीते थे। इस बार सपा ने 5 सीटें जीती हैं। सपा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के चुनाव क्षेत्र वाराणसी की स्नातक और शिक्षक दोनों सीटों पर जीत दर्ज की है। स्नातक सीट पर आशुतोष सिन्हा ने भाजपा के केदारनाथ सिंह को हराया तो शिक्षक सीट पर लाल बिहारी यादव ने प्रमोद मिश्रा को हराया। इसके अलावा राजधानी लखनऊ में सपा की कांति सिंह और इलाहाबाद-झांसी सीट पर सपा के मानसिंह यादव जीते। शिक्षक क्षेत्र में सपा ने आगरा और वाराणसी दो सीटों पर जीत हासिल की। गोरखपुर सीट पर कांटे की टक्कर में भाजपा के ध्रुव त्रिपाठी सिर्फ 307 वोट से जीते। भाजपा को शिक्षक क्षेत्र में मेरठ और लखनऊ में जीत मिली है, जबकि स्नातक क्षेत्र में आगरा और मेरठ-सहारनपुर में जीत मिली है। बिहार में आठ सीटों पर चुनाव हुए थे, जिनमें से 4 सीटें एनडीए के खाते में गई हैं, जबकि 4 सीटें अन्य को मिली हैं। पटना शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र में भाजपा 30 साल के बाद हारी है। राजद के डॉक्टर संजीव ने भाजपा को नवल किशोर यादव को हराया। भाजपा ने कोशी स्नातक, दरभंगा स्नातक, तिरहुत शिक्षक सीट पर जीत हासिल की है। जनता दल को सिर्फ एक पटना स्नातक की सीट मिली है।

दरभंगा शिक्षक सीट जनसुराज के सुरेश राय ने जीती है। सारण शिक्षक और तिरहुत स्नातक सीट पर निर्दलीय जीते हैं। महाराष्ट्र विधान परिषद की पांच सीटों के नतीजे आ गए थे। इनमें से 2 सीटें सत्तारूढ़ गठबंधन यानी भाजपा के नेतृत्व वाले महायुति ने जीती हैं और 3 सीटें विपक्ष यानी महाविकास आघाडी के खाते में गई हैं। पुणे शिक्षक सीट पर भाजपा के कौस्तुभ गावडे और अमरावती शिक्षक सीट पर एकनाथ शिंदे की शिव सेना के किरण सरनाइक जीते हैं। महाविकास अघाड़ी में दोनों सीटें शरद पवार की एनसीपी को मिली हैं। छत्रपति संभाजीनगर स्नातक सीट और पुणे स्नातक सीट उनके उम्मीदवार जीते हैं। नागपुर स्नातक सीट कांग्रेस ने जीत ली है।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

खोने के डर को मन पर हावी न होने दें



संकलित
दर्शन

कई बार छोटी-छोटी बातें भी मन को इतना परेशान कर देती हैं कि जरूरी काम करना मुश्किल हो जाता है। किसी बात के बिगड़ने का डर हो या कुछ खोने की चिंता, मन लगातार उलझा रहता है। ऐसे में श्रीमद्भगवद्गीता की सीख जीवन को देखने का नजरिया बदल सकती है। भगवान श्रीकृष्ण ने अर्जुन को उपदेश देते हुए मनुष्य को सुख-दुख और लाभ-हानि में संतुलन बनाए रखने का संदेश दिया है। भगवान श्रीकृष्ण की सीख के अनुसार, मनुष्य की चिंता का एक बड़ा कारण किसी चीज को खोने का डर है। जब हम किसी उपलब्धि, रिश्ते या सुख-सुविधा से बहुत ज्यादा जुड़ जाते हैं, तो उसे खोने की आशंका परेशान करने लगती है। कई बार मनुष्य किसी चीज को हासिल करने के बाद भी उसके छिन जाने की चिंता में रहता है। इसलिए जीवन में जो कुछ मिला है, उसका आनंद लें, लेकिन उसे हमेशा अपने पास बनाए रखने की जिद ना करें। यही सोच मन को हल्का रखने में मदद करती है। श्रीमद्भगवद्गीता में भगवान श्रीकृष्ण ने हर परिस्थिति में संतुलित रहने की सीख दी है। जीवन में कभी मन के मुताबिक परिणाम मिलते हैं, तो कभी निराशा हाथ लगती है। अगर हर अच्छी बात पर जरूरत से ज्यादा खुश और हर परेशानी में टूटने लगेंगे, तो मन हमेशा बेचैन रहेगा। इसलिए सुख मिलने पर अहंकार ना करें और दुख आने पर हिम्मत ना हारें। समय के साथ परिस्थितियां बदलती रहती हैं। इस बात को समझने वाला व्यक्ति मुश्किल समय में भी धैर्य बनाए रखता है।

दूसरों से सीखिए, नकल मत कीजिए



संकलित
प्रेरणा

जिंदगी में हम सभी किसी ना किसी से प्रभावित होते हैं। कोई अपने माता-पिता से कुछ सीखता है, कोई शिक्षक से, तो कोई किसी सफल व्यक्ति को देखकर आगे बढ़ने की कोशिश करता है। दूसरों की अच्छी आदतों और विचारों से सीखना गलत नहीं है। परेशानी तब शुरू होती है, जब हम सीखने के बजाय उसी व्यक्ति की नकल करने लगते हैं। स्वामी विवेकानंद की एक सीख इसी बात की ओर ध्यान दिलाती है। उनका संदेश था - दूसरों से जो भी अच्छा है, उसे सीखो, लेकिन उसे अपनी तरह से अपनाओ, किसी और जैसे मत बनो।' इस विचार में सीखने के साथ-साथ अपनी पहचान बनाए रखने की बात भी कही गई है। हर इंसान के पास कुछ ना कुछ ऐसा जरूर होता है, जिससे हम सीख सकते हैं। किसी का अनुशासन अच्छा हो सकता है, किसी की मेहनत, किसी का धैर्य तो किसी की सोचने का तरीका हमें प्रभावित कर सकता है। विवेकानंद की सीख है कि ऐसी अच्छी बातों को नजरअंदाज नहीं करना चाहिए। मन को खुला रखें और जहां से अच्छी बात मिले, उसे सीखने की कोशिश करें। ज्ञान किसी एक व्यक्ति या जगह तक सीमित नहीं होता है। किसी की बात अच्छी लगी, तो उसे तुरंत अपनी जिंदगी का नियम बना लेना जरूरी नहीं है। हर व्यक्ति की परिस्थितियां अलग होती हैं। जो तरीका किसी दूसरे के लिए सही है, जरूरी नहीं कि वह आपके लिए भी उसी तरह काम करे। इसलिए किसी अच्छी बात को पहले समझना चाहिए। फिर देखना चाहिए कि उसे अपनी जिंदगी और परिस्थितियों के हिसाब से कैसे अपनाया जा सकता है।

सटाका



आज की पाती

अपशिष्ट प्रबंधन के ठोस उपाय करना जरूरी

कम करें, पुनः उपयोग करना, रीसायकल करना एक ऐसा टिकाऊ अपशिष्ट प्रबंधन है, जो सामाजिक रूप से स्वीकार्य और पर्यावरण के अनुकूल है। अपशिष्ट उत्पाद आज दुनिया की सबसे बड़ी समस्याओं में से एक है। यह दुनिया भर में लाखों लोगों को प्रभावित करने वाले प्रदूषण का कारण बनता है। कम करना, पुनः उपयोग करना और रीसायकल करना भूमि, वायु और जल प्रदूषण के सबसे बड़े योगदानकर्ताओं में से एक को खत्म करने के तीन बेहतरीन तरीके हैं। कम करने का मतलब है कि अपशिष्ट की मात्रा कम हो जाती है। अपशिष्ट में कमी का सीधा मतलब है उन चीजों को कम करना जिन्हें हम उपयोग करते हैं और केवल वही उपयोग करते हैं जो आवश्यक है।

- नेहा, रोहतक

ट्रेंड

आयुष्मान वय वंदना योजना



हमारे बुजुर्गों के लिए सम्मानजनक जीवन, बेहतर स्वास्थ्य और आर्थिक सुरक्षा सुनिश्चित करना सरकार की प्राथमिकता रही है। इस दिशा में, 29 अक्टूबर 2024 को 'आयुष्मान वय वंदना योजना' की शुरुआत के आज दो साल पूरे हो गए हैं।

- जेपी नड्डा, केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री

टाटा को बर्बाद कर रहे



टाटा को आपराधिक तरीके से बर्बाद किया जा रहा है, और किसी भी कारोबारी नेता में एक शब्द बोलने की हिम्मत नहीं है। आप कब तक चुप रहेंगे? क्या तब तक, जब तक वे आप पर पूरी तरह कब्जा न कर लें? भारतीय कारोबार मोदी और शाह के खिलौने नहीं हैं।

- राहुल गांधी, सांसद, कांग्रेस

मतदान रोकने की साजिश



वाराणसी में मतदान को रोकने या धीमा करने के पीछे की साजिश को सब समझते हैं, लेकिन बीजेपी इसमें कामयाब नहीं होगी। वाराणसी में बीजेपी की हार राष्ट्रीय खबर न बन जाए, इसे रोकने के लिए हर तरह के हथकंडे अपनाए जा रहे हैं।

- अखिलेश यादव, सांसद, सपा

अधिकार की रक्षा



1 नवंबर को 'इंडिया' रामलीला मैदान में एकजुट होकर खड़ा होगा। 'वोट चोरी' के खिलाफ यह लड़ाई, हर भारतीय के चुनने के अधिकार की रक्षा करने की लड़ाई है। बंगाल और अन्य राज्यों में हुई 'वोट लूट' पर जवाब चाहिए, खामोशी नहीं!

- ममता बेनर्जी, पूर्व सीएम, प. बंगाल

करंट अफेयर

मंदिर पर गोलीबारी, दक्षिण एशियाई समुदाय में चिंता

शिकागो के पास एक हिंदू मंदिर में सामूहिक गोलीबारी की साजिश को नाकाम किए जाने के बाद क्षेत्र के दक्षिण एशियाई समुदाय में डर का माहौल है, जिसने आस्था और पारिवारिक समारोहों के आमतौर पर उल्लासपूर्ण मौसम को फीका कर दिया है। अभियोजकों के अनुसार, इस महीने की शुरुआत में, जब 11 अक्टूबर को नवरात्र का त्योहार शुरू होने पर श्रद्धालु हिंदू मंदिरों में इकट्ठा हुए थे, तब एलेक्जेंड्रोस पापोराकिस इलिनॉय के ऑरोरा स्थित श्री वेंकटेश्वर स्वामी (बालाजी) मंदिर पहुंचा और पार्किंग क्षेत्र में बैठ गया, लेकिन राइफल जाम होने के कारण गोली चलाए बिना ही भाग गया। अभियोजकों ने बताया कि पापोराकिस (19) को उसी दिन शिकागो से करीब 64 किलोमीटर दूर इलिनॉय के पैलेटाइन स्थित उसके घर के पास गिरफ्तार किया गया। 'टैको बेल' के एक कर्मचारी ने अधिकारियों को उसकी भारतीय लोगों को मारने की योजना के बारे में सूचना दी थी। उस पर आतंकवादी धमकी देने और अवैध रूप से आग्नेयास्त्र रखने के गंभीर आरोप हैं। उसे शुक्रवार को फिर अदालत में पेश होना है। दक्षिण एशियाई समुदाय को एकजुट करने वाले गैर-लाभकारी संगठन 'द शिकागो कसम' की कार्यकारी निदेशक आशा राव ने कहा कि समुदाय के लोग इस घटना से स्तब्ध और आक्रोशित हैं।



ऑफ बीट

ब्रिटिश पीएम बर्नहम आएंगे भारत, मजबूत होंगे रिश्ते

ब्रिटिश प्रधानमंत्री एंडी बर्नहम भारत का दौरा करने के इच्छुक हैं और जल्द ही उनकी यात्रा हो सकती है। एक शीर्ष राजनयिक ने बृहस्पतिवारक को दोनों देशों के बीच बढ़ती साझेदारी का उल्लेख करते हुए यह जानकारी दी। भारत में कार्यवाहक ब्रिटिश उच्चायुक्त बेन मेलर ने यहां बताया कि पदभार संभालने के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ बातचीत के दौरान, बर्नहम ने भारत आने की अपनी इच्छा जताई थी। मेलर ने कहा, मुझे पता है कि एंडी बर्नहम भारत आने के लिए बहुत उत्सुक हैं। उन्होंने कहा, जब बर्नहम ने प्रधानमंत्री का पद संभाला था, उसके तुरंत बाद उनकी प्रधानमंत्री मोदी से बातचीत हुई थी और उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी के सामने सीधे तौर पर यह बात रखी थी। मुझे यकीन है कि हम जल्द ही ऐसा होता हुआ देख पाएंगे। इस साल 20 जुलाई को बर्नहम को प्रधानमंत्री नियुक्त किया गया था। भारत-ब्रिटेन आर्थिक संबंधों पर, मेलर ने कहा, ''मुझे पूरा भरोसा है कि जैसे-जैसे ब्रिटेन और भारत की अर्थव्यवस्थाएं बढ़ेंगी, हम दोनों देशों के बीच व्यापार को दोगुना करने के लक्ष्य को पार कर लेंगे। उन्होंने कहा कि मुक्त व्यापार समझौता 100 दिन पहले लागू हुआ, लेकिन असल में इस पर एक साल से कुछ समय पहले ही हस्ताक्षर किए गए थे तथा तब से अब तक 12 अरब पाउंड के नए समझौते हो चुके हैं।



अपने विचार
हरिभूमि कार्यालय
पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016
aapkepatra.haribhoomi@gmail.com
पर भेज सकते हैं।



गौहर महल में सजा दीपोत्सव मेला

मिट्टी के दीयों के साथ पारंपरिक शिल्प ने मोहा मन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

दीपावली के पर्व को पारंपरिक रंगों और हस्तशिल्प की खूबसूरती से सजाने के उद्देश्य से गौहर महल में गुरुवार से दीपोत्सव मेला 2026 का शुभारंभ हुआ। मध्यप्रदेश हस्तशिल्प एवं हाथकरघा विकास निगम और द्वारा आयोजित इस मेले में प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए 50 से अधिक शिल्पी अपनी कलाकृतियों और पारंपरिक उत्पादों का प्रदर्शन कर रहे हैं। मेले में हस्तनिर्मित सजावटी वस्तुओं से लेकर मिट्टी के आकर्षक दीयों तक की विविधता देखने को मिल रही है। उद्घाटन अवसर पर हथकरघा विभाग के संजय श्रीवास्तव, उप संचालक उमेश श्रीवास्तव, खादी एवं ग्रामोद्योग के उप संचालक नीरज उइके और मेला प्रभारी अरविंद शर्मा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।



सजावटी वस्तुएं दिखाते धनीराम।

7 नवंबर तक चलेगा दीपोत्सव
50 से अधिक कारीगर पहुंचे

पारंपरिक कला को मिल रहा नया मंच

मेले में शामिल शिल्पी राधा प्रजापति, धमना-खजुराहो और धनीराम प्रजापति सहित अन्य कारीगर अपनी कला का प्रदर्शन कर रहे हैं। मिट्टी से तैयार दीपावली के विशेष उत्पादों के माध्यम से कारीगरों ने पारंपरिक शिल्प को नई पहचान देने का प्रयास किया है। इन कलाकृतियों में स्थानीय संस्कृति और धार्मिक आस्था की झलक भी देखने को मिलती है।



पारंपरिक दीयों की विविधता बनी आकर्षण

मेले में विभिन्न क्षेत्रों की विशिष्ट शिल्प परंपराओं से जुड़े उत्पाद भी प्रदर्शित किए गए हैं। इनमें बस्तर में बनने वाला लमानिया दीया भी शामिल है। इस तरह के पारंपरिक उत्पादों के माध्यम से प्रदेश के बाहर की लोककला और शिल्प परंपराओं की झलक भी देखने को मिलती है।

मेले में आकर्षक दीयों की बिक्री करती महिला कारीगर। **इनसेट :** मेले का शुभारंभ करते अतिथि।

खबर संक्षेप

मुवाकी क्लब में किटी पार्टी की धूम



भोपाल। सुंदरिमा ग्रुप की ओर से होशंगाबाद रोड स्थित मुवाकी क्लब में किटी पार्टी का आयोजन किया गया। इस विशेष आयोजन की मेजबानी आकांक्षा त्रिपाठी ने की। कार्यक्रम में भोपाल की कई जानी-मानी हस्तियों ने शिरकत कर आयोजन की रौनक बढ़ाई।

'किंग लियर' सहित तीन नाट्य प्रस्तुतियां आज

भोपाल। 'दी आर्ट रिवोल्यूशन' की ओर से शुक्रवार को पीडब्ल्यूएस, बड़वई में तीन नाट्य प्रस्तुतियों का मंचन किया जाएगा। कार्यक्रम में विलियम शेक्सपियर के 'किंग लियर', 'पंचतत्व महाभूतम' और माइम शैली पर 'द इवोल्यूशन ऑफ ह्यूमैनकाइंड' प्रस्तुत किए जाएंगे। तीनों नाटकों का निर्देशन आशीर्वाद झा ने किया है। इन्हें 40 दिनी रंगमंच कार्यशाला के तहत तैयार किया है, जिसमें 10 से 22 वर्ष के बच्चों और युवाओं ने अभिनय, संवाद अदायगी, चरित्र निर्माण एवं रंगमंच की बारीकियों का प्रशिक्षण लिया है।

जहांनुमा पैलेस में आयोजित हुआ 'सदा सुहागन' में शहर की करीब 100 महिलाओं ने की भागीदारी

करवा चौथ पर सजा 'सदा सुहागन 4.0' का मंच, परंपरा और उत्सव के रंगों में रंगीं महिलाएं





रैंप वॉक करती महिलाएं।

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

करवाचौथ पर सजी धजी महिलाएं, हाथों में सजी हुई थाली और दिल में चांद के जल्दी आने की उम्मीद, इतना ही नहीं नख से शिख से सौंदर्य से परिपूर्ण महिलाओं ने करवा चौथ थीम पर जब रैंप वॉक की तो नजारा देखने लायक था। वहीं, करवा चौथ पूजा के साथ करवा चौथ थीम पर खेले गए गेम्स ने भी समा को मनोरंजक बना दिया। यह नजारा देखने को मिला गुरुवार शाम जहांनुमा पैलेस में आयोजित 'सदा सुहागन 4.0' में। प्रेम, आस्था और दांपत्य के उत्सव का प्रतीक करवा चौथ के इस उत्सव में शहर की करीब 100 महिलाओं ने शिरकत की और पारंपरिक रीति-रिवाजों, मनोरंजक गतिविधियों और आपसी मेल-मिलाप के बीच पर्व की खुशियां साझा कीं।

आयोजक डॉली ने कहा कि सदा सुहागन 4.0 के रुप में यह हमारा करवाचौथ सेलिब्रेशन का चौथा साल है और हम हर साल किसी बड़े रेस्त्रां या होटल में यह सेलिब्रेशन करते हैं, जिसका उद्देश्य शहर की महिलाओं को एक साथ जोड़ने के साथ ही त्यौहार को मिल जुलकर मनाना भी है।



होटल जहांनुमा में सामूहिक पूजन करतीं सुहागर महिलाएं।



पूजा में लीन एक महिला।



फैशन शो में रैंप वॉक।





इस अवसर पर करवा चौथ को केवल एक धार्मिक पर्व तक सीमित न रखते हुए उसे परंपरा, साथ और उत्सव के साझा अनुभव के रूप में प्रस्तुत किया। तीन सफल संस्करणों के बाद आयोजित इस चौथे आयोजन में महिलाओं की भागीदारी ने उत्सव के प्रति उनके उत्साह को दर्शाया।

3 नवंबर तक जारी रहेगी प्रदर्शनी

दस्तकारी हाट में देशभर से 15 राज्यों के बुनकरों ने की शिरकत

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल



प्रदर्शनी में साड़ी का प्रदर्शन करती एक बुनकर।

भारत के अलग-अलग ग्रामीण क्षेत्रों के बुनकरों और विधवा महिलाओं की मदद के मकसद से शुरू की गई 'दस्तकारी हाट', हथकरघा और हस्तशिल्प क्षेत्र से जुड़े सैकड़ों परिवारों की आजीविका का लगातार मजबूत सहारा बनी हुई है। यह संस्था पूरे देश में इसी तरह के आयोजनों का संचालन करती है। दस्तकारी हाट में बनारसी, कोसा, जामदानी, भागलपुरी, जयपुरी और असमिया सिल्क इस प्रदर्शनी के मुख्य आकर्षण हैं। यहां 15 से अधिक राज्यों के लगभग 85 स्टॉल लगाए गए हैं। 3 नवंबर तक जारी इस प्रदर्शनी में पश्चिम बंगाल, उत्तर प्रदेश, बिहार, छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र, गुजरात, राजस्थान और देश के सुदूर क्षेत्रों जैसे असम, मेघालय और तमिलनाडु से पारंपरिक शिल्पी और कारीगर हिस्सा ले रहे हैं। जिसमें त्यौहारी सीजन को देखते हुए बड़ी संख्या में शहर की महिलाएं शिरकत कर रही हैं।

गांधी भवन में 'भारत की संतान' आयोजित

15 राज्यों के युवाओं ने दिया शांति और राष्ट्रीय एकता का संदेश



सहभागी युवाओं को सम्मानित करते अतिथि।

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

रबीन्द्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय (आरएनटीयू) में आयोजित राष्ट्रीय शांति, एकता एवं नेतृत्व शिविर का समापन समाजसेवी एस. एन. सुब्बाराव की पांचवीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा के साथ हुआ। नेशनल यूथ प्रोजेक्ट और नेशनल सीनियर कोऑर्डिनेटर्स फोरम द्वारा आयोजित शिविर में 15 राज्यों के युवाओं ने सहभागिता की। बौद्धिक सत्रों, सामूहिक गतिविधियों और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से युवाओं ने शांति, सामाजिक सद्भाव और राष्ट्रीय एकता का संदेश दिया। शिविर के अंतर्गत गांधी भवन में 'भारत की संतान' कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें संविधान में शामिल विभिन्न भाषाओं और सांस्कृतिक अभिव्यक्तियों के माध्यम से भारत की विविधता में एकता को दर्शाया गया। आरएनटीयू ने शिविर के आयोजन में सहयोगी संस्था के रूप में भूमिका निभाई।

ऑनलाइन धोखाधड़ी से बचाव के प्रति जागरुकता बढ़ाने साइंस सेंटर में आयोजन

साइबर सुरक्षा के प्रति जागरुकता का संदेश देगा पैनल डिस्कशन



हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

डिजिटल दुनिया में साइबर अपराधों और ऑनलाइन धोखाधड़ी से बचाव के प्रति जागरूकता बढ़ाने आंचलिक विज्ञान केंद्र में राष्ट्रीय साइबर सुरक्षा जागरूकता माह 2026 के तहत विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इस वर्ष की थीम साइबर स्मार्ट भारतः आज सुरक्षित, कल सशक्त है। गुरुवार को



पोस्टर निर्माण एवं साइबर सुरक्षा प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिताओं के माध्यम से प्रतिभागियों को सुरक्षित डिजिटल व्यवहार का संदेश दिया गया। वहीं, 30 अक्टूबर को सुबह 11 बजे साइबर सुरक्षा विषय पर पैनल चर्चा होगी।

कला के रंगों में उभरी मानसिक स्वास्थ्य के प्रति संवेदनशीलता

हमीदिया कॉलेज में 'मानसिक स्वास्थ्य-आशा की एक किरण' विषय पर चित्र प्रदर्शनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

हमीदिया कॉलेज में विश्व मानसिक स्वास्थ्य सप्ताह के अंतर्गत 'मानसिक स्वास्थ्य-आशा की एक किरण' विषय पर चित्र प्रदर्शनी और 'मानसिक स्वास्थ्य एवं व्यक्तित्व विकास' पर विशेष व्याख्यान आयोजित किया गया।

प्रदर्शनी में विद्यार्थियों ने कलाकृतियों के माध्यम से भावनात्मक संतुलन, सकारात्मक सोच और जीवन की चुनौतियों से उबरने में कला की भूमिका को प्रस्तुत किया। वहीं, मुख्य अतिथि एवं वक्ता सुधीर कोचर ने कहा कि स्वस्थ मन संतुलित व्यक्तित्व की नींव है।



प्रदर्शनी को देखते दर्शक।

लौहपुरुष सरदार पटेल जयंती पर व्याख्यान गोष्ठी कल

भोपाल। पटेल प्रवाह समिति के साहित्यिक प्रकोष्ठ के तत्वावधान में लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल जयंती पर व्याख्यान साहित्यिक गोष्ठी 31 अक्टूबर को होगी। अध्यक्ष होशियार सिंह पटेल और संरक्षक श्रीराम माहेश्वरी ने बताया कि वरिष्ठ साहित्यकार महेश सक्सेना मुख्य अतिथि होंगे और वरिष्ठ साहित्यकार गौरीशंकर शर्मा गौरीश अध्यक्षता करेंगे। दिव्यांगजन विभाग आयुक्त अजय खेमरिया, उस्ताद अलाउद्दीन खां अकादमी संचालक प्रकाश सिंह ठाकुर और वरिष्ठ पत्रकार रमेश शर्मा विशिष्ट अतिथि होंगे। साहित्यकार गोकुल सोनी सारस्वत अतिथि होंगे। वरिष्ठ साहित्यकार सुनीता यादव संचालन करेंगी। हिंदी भवन में गोष्ठी अपराह्न सवा तीन बजे शुरू होगी।

हस्तशिल्प शौकीनों के लिए आकर्षण का केंद्र बना मेला

भोपाल हाट में रीजनल सरल मेले में 15 राज्यों के 52 स्व-सहायता समूह और 45 शिल्पियों की भागीदारी

बांस के बारीक टुकड़ों से तैयार किया मोर, साथ देखने को मिली ताड़ के पत्तों पर लिखी रामायण



बांस का मोर का प्रदर्शन करता कारीगर।

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

भोपाल हाट परिसर में आयोजित रीजनल सरल मेला इन दिनों कला प्रेमियों और हस्तशिल्प के शौकीनों के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। मेले में देश के विभिन्न राज्यों की पारंपरिक कला, लोक संस्कृति और शिल्प कौशल की अनूठी झलक देखने को मिल रही है। मेले में सिवनी जिले से आए बांस शिल्पी रवींद्र सिंह ठाकुर ने देसी बांस से राष्ट्रीय पक्षी मोर की आकर्षक कलाकृति तैयार की है। बांस के बेहद बारीक चिप्स को जोड़कर बनाए गए इस आर्टवर्क को तैयार करने में करीब 20 दिन लगे। 4 नवंबर तक चलने वाले इस मेले में 15 राज्यों के 52 स्व-सहायता समूह और 45 शिल्पी शामिल हुए हैं।

उबले पानी में सल्फर डालकर बांस बनता है टिकाऊ

रवींद्र सिंह शिल्पी के अनुसार, बांस को टिकाऊ बनाने के लिए पहले उसे सल्फर डालकर पानी में उबाला जाता है, ताकि बारिश के दौरान उसमें फंगस लगने की आशंका कम हो। इसके बाद पेपर और कपास की मदद से मोर का ढांचा तैयार कर फेविकोल से उसकी पेस्टिंग की जाती है। बारीक कटिंग और संयोजन से तैयार यह कलाकृति पारंपरिक बांस शिल्प की रचनात्मकता को दर्शाती है।

मिट्टी के बर्तनों से स्टील-मुक्त रसोई का विकल्प



छतरपुर के माटीकला शिल्पी राम कुमार प्रजापति ने मेले में मिट्टी के बर्तनों का विशेष संग्रह प्रदर्शित किया है। उनके अनुसार, ये बर्तन चिकनी मिट्टी से तैयार किए जाते हैं। इनका उपयोग पारंपरिक तरीके से खाना पकाने के लिए किया जा सकता है। राम कुमार बताते हैं कि उपयोग के बाद बर्तनों को कुछ समय के लिए गैस स्टोव पर धीमी आंच में रखने से उनकी नमी कम करने में मदद मिलती है।

सजावटी वस्तुओं में दिखी जनजातीय संस्कृति



सजावटी सामान प्रदर्शित करती युवती।

अनूपपुर जिले से आईं जनजातीय कलाकार रीता श्याम ने बांस और जूट से बनी विभिन्न सजावटी वस्तुओं का प्रदर्शन किया है। उनकी कलाकृतियों में जनजातीय संस्कृति, परंपराओं और स्थानीय जीवनशैली की झलक दिखाई देती है। प्राकृतिक सामग्री से तैयार इन वस्तुओं में पारंपरिक शिल्प को आधुनिक सजावट की जरूरतों के अनुरूप प्रस्तुत करने का प्रयास नजर आता है।

'सबके राम-सबमें राम' भजन संध्या का आयोजन चार को

भोपाल। स्वदेशी भाव, मातृभूमि का गौरव, बच्चो का आनंद और प्रभु श्रीराम का गुणगान करने लिए 'सबके राम-सबमें राम' भजन संध्या का आयोजन चार नवंबर को एमवीएम कॉलेज ग्राउंड में. अयोजित 'स्वदेशी मेले' में किया जाएगा। 'सबके राम-सबमें राम' भजन संध्या में आहना कृष्ण पाठक, सुदीक्षा पाठक एवं श्लोका पाठक की अपने पिता कृष्णगोपाल पाठक के साथ संगीतमय प्रस्तुति देगी। बतादें कि 24 अक्टूबर से चार नवंबर तक एमवीएम कॉलेज ग्राउंड में आयोजित 'स्वदेशी मेले' में स्वदेशी उत्पादों की विविधता देखने के साथ-साथ सांस्कृतिक मंच के माध्यम से मातृभूमि के गौरव से शहरवासी जुड़ रहे हैं।

चक्रवात अर्नब के कहर से ओडिशा और आंध्र प्रदेश में बिगड़े हालात, कई बेघर

ओडिशा के गंजाम में 300 गांव बाढ़ में घिरे, कई ट्रेनें रद्द, प्रभावित इलाकों में फंसे लोगों को हवाई मार्ग से निकाला जा रहा, तटरक्षक बल और हेलिकॉप्टर तैनात

आंध्र प्रदेश और यानम तटों से टकराने के बाद मौसम विज्ञान विभाग ने 48 घंटों को बेहद अहम बताया है। दक्षिण अंडमान सागर में एक और नया निम्न दबाव का क्षेत्र विकसित हो गया है, जिससे समुद्र में एक और मौसमी बवंडर उठने की आशंका गहरा गई है।

एजेंसी ▶▶ भुवनेश्वर

चक्रवात अर्नब के कारण ओडिशा और आंध्र प्रदेश में भारी बारिश और बाढ़ से हालात बिगड़ गए हैं। ओडिशा के गंजाम जिले में करीब 300 गांव पानी से घिर गए हैं। राज्य सरकार प्रभावित इलाकों में फंसे लोगों को हवाई मार्ग से निकाला जा रहा है। ओडिशा की मुख्य सचिव अनु गर्ग ने गुरुवार को बताया कि एनडीआरएफ और ओडिशा आपदा त्वरित कार्रवाई बल की टीमें प्रभावित क्षेत्रों में बचाव अभियान चला रही हैं। लगातार बारिश और बादल नीचे होने के कारण हेलीकॉप्टर से लोगों को निकालने में परेशानी आ सकती है। राज्य सरकार केंद्रीय गृह मंत्रालय के संपर्क में है। पहले चरण में करीब 120 लोगों को हवाई मार्ग से निकालने की योजना बनाई है।

श्रीकाकुलम में रेल सेवाएं प्रभावित

ओडिशा की मुख्य सचिव ने बताया कि भारी बारिश से आंध्र प्रदेश के श्रीकाकुलम में रेल सेवाएं प्रभावित हुई हैं। रेलवे पुल पानी में डूब गया है, जिससे दोनों ओर से ट्रेनों की आवाजाही रुक गई है।



ओडिशा में लोगों को सुरक्षित पहुंचाया जा रहा

एक और मौसमी बवंडर उठने की आशंका

गंजाम में ऋषिकुल्या नदी उफान पर

गंजाम जिले के सोरड़ा समेत कई इलाके सबसे ज्यादा प्रभावित हैं। पिछले तीन दिनों से हो रही भारी बारिश के कारण ऋषिकुल्या नदी उफान पर है। इससे आसपास के कस्बों और गांवों में पानी भर गया है।

फसलों और बागवानी को नुकसान

मुख्यमंत्री ने बताया कि अल नीनो के प्रभाव से रायलसीमा क्षेत्र में मुश्किलें बढ़ रही हैं, जबकि उत्तर आंध्र, तटीय जिलों और गोदावरी नदी क्षेत्र में चक्रवात का असर देखने को मिला है। इन इलाकों में किसानों की खड़ी फसलों और नारियल के पेड़ों को नुकसान पहुंचा है।

माझी ने की शाह से बात, केंद्र ने मदद का दिया भरोसा



ओडिशा के सीएम माझी ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से फोन पर बात की और नुकसान की जानकारी दी। शाह ने ओडिशा और अन्य प्रभावित राज्यों को हरसंभव सहायता देने का आश्वासन दिया है।

मुख्यमंत्री नायडू ने की समीक्षा

आंध्र प्रदेश में बिजली बहाली और मुआवजे पर जोर



आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू ने कलेक्टरों और अधिकारियों के साथ टेलीकॉन्फ्रेंस कर चक्रवात से हुए नुकसान की समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिया कि बिजली आपूर्ति बहाल की जाए और नुकसान का आकलन कर मुआवजा दिया जाए।

खबर संक्षेप

ग्रेनो में 19वीं मंजिल से कूदा 18 साल का लड़का

ग्रेटर नोएडा। यहां स्थित बिसरख कोतवाली क्षेत्र के गौर सिटी-2 स्थित प्रिस्टीन एवेन्यू सोसायटी में



गुरुवार को 19वीं मंजिल से गिरकर 18 वर्षीय युवक की मौत हो गई। युवक की पहचान आदित्य अरोड़ा पुत्र अजय अरोड़ा के रूप में हुई है। वह इसी सोसाएटी में रहता था। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

गुजरात को आज 14 हजार करोड़ की सौगात

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शुक्रवार को गुजरात के 2 दिनी दौरे पर जाएंगे। इस दौरान वे 14,000



करोड़ से अधिक की विभिन्न विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और लोकार्पण करेंगे।'पीएम-किसान' योजना के तहत 19,000 करोड़ की 24वीं किस्त जारी करेंगे और दो ट्रेन सेवाओं को हरी झंडी दिखाएंगे।

गोहत्या के मामले में 3 लोगों को उम्रकैद

गांधीनगर। गुजरात के गांधीनगर जिले की एक अदालत ने 3आरोपियों को गोहत्या और 277



किलो गोमांस रखने का दोषी करार देते हुए उम्रकैद की सजा सुनाई। अदालत ने फैसले में गाय के धार्मिक महत्व को रेखांकित करने हुए हिंदू धर्मग्रंथों का हवाला दिया। उपमुख्यमंत्री हर्ष संघवी ने इस फैसले का स्वागत किया है।

टाइगर गोलीबारी: 11 आरोपी पुलिस हिरासत में

मुंबई। मुंबई की विशेष मकोका अदालत ने अभिनेता टाइगर श्रॉफ पर हुई गोलीबारी के मामले के सभी



11 आरोपियों छह नवंबर तक पुलिस हिरासत में भेज दिया है। आरोपियों को सख्त महाराष्ट्र संगठित अपराध नियंत्रण अधिनियम के तहत फिर से गिरफ्तार करने के बाद विशेष न्यायाधीश के समक्ष पेश किया।

दिल्ली-एनसीआर में बढ़ते प्रदूषण और पटाखों पर रोक पर बोला सुप्रीम कोर्ट

पटाखों पर पूरी तरह से रोक नहीं लगेगी प्रदूषण रोकें और 'नामी' लोगों की मदद लें

त्योहार के दौरान नियमों का पालन हो और प्रदूषण पर भी काबू रखा जाए

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली-एनसीआर में बढ़ते प्रदूषण और पटाखों पर रोक को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि वह पटाखों पर पूरी तरह रोक लगाने के पक्ष में नहीं है। कोर्ट ने साफ किया कि लोगों की भावनाओं को ठेस पहुंचाना उसका मकसद नहीं है। साथ ही, कोर्ट ने पटाखों से होने वाले प्रदूषण को रोकने के लिए नियमों पर सख्ती से अमल करने की जरूरत बताई।

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि दिवाली का त्योहार सकारात्मक माहौल बनाता है। ऐसे में जरूरी है कि त्योहार के दौरान नियमों का पालन कराया जाए और प्रदूषण पर भी काबू रखा जाए। कोर्ट ने अधिकारियों से दिवाली के दो दिनों के दौरान खास सतर्कता बरतने को कहा। कोर्ट ने दिल्ली सरकार से पूछा कि प्रदूषण के खिलाफ जागरूकता फैलाने के लिए विराट कोहली जैसे मशहूर लोगों की मदद क्यों नहीं ली जाती? हर व्यक्ति की सोच और व्यवहार को बदलना व्यावहारिक रूप से संभव नहीं है। लोगों की आदतें बदलने में समय लगेगा। इसलिए जागरूकता के साथ-साथ नियमों को सख्ती से लागू करना भी जरूरी है। कोर्ट ने समस्या से निपटने पर जोर दिया।



नियमों के पालन पर रहेगा जोर

सुनवाई में यह बात सामने आई कि प्रदूषण से निपटने के लिए सिर्फ पाबंदियां लगाना काफी नहीं है। लोगों को जागरूक करने के साथ यह भी जरूरी है कि अधिकारी नियमों का सही तरीके से पालन कराएं। कोर्ट ने दिवाली के दौरान विशेष निगरानी रखने और प्रदूषण कम करने के लिए किए जा रहे उपायों को प्रभावी ढंग से लागू करने पर जोर रहेगा।

दिल्ली सरकार ने बताई प्रदूषण से निपटने की तैयारियां

दिल्ली सरकार की ओर से पेश एडिशनल सॉलिसिटर जनरल ऐश्वर्या भाटी ने कोर्ट को बताया कि प्रदूषण के मौसम से निपटने के लिए सरकार ने तैयारियां तेज कर दी हैं। दिल्ली के बाहर से आने वाले बीएस-6 मानक से नीचे के वाहनों को राजधानी में प्रवेश की अनुमति नहीं दी जाएगी। ट्रैफिक कम करने के लिए सरकारी दफ्तरों के समय में बदलाव किया गया है। निर्माण स्थलों के पास एंटी-स्मॉग गन लगाई गई हैं। दिल्ली में 608 एंटी-स्मॉग गन लगाई जा चुकी हैं। सालाना प्रदूषण नियंत्रण योजना और कंट्रोल सेंटर भी काम कर रहे हैं।

अदालत का सरकार से सवाल

ई100 से चलने वाले वाहनों को ईंधन की आपूर्ति कैसे की जाएगी?

उच्चतम न्यायालय ने सरकार से यह सवाल पूछा कि 100 प्रतिशत एथनॉल वाले ईंधन से



चलने वाले वाहनों के लिए ईंधन की आपूर्ति किस तरह सुनिश्चित की जाएगी। केंद्र सरकार ने इसी सप्ताह फ्लेक्स फ्यूल वाहन में ई100 ईंधन के इस्तेमाल की अनुमति देने के लिए नियमों में संशोधन किया। पेट्रोल में एथनॉल का मिश्रण तत्काल 20 प्रतिशत से आगे बढ़ाने की उसकी कोई योजना नहीं है।

अटॉर्नी जनरल बोले- विनिर्माण व्यवस्था में बदलाव करने होंगे

इस पर अटॉर्नी जनरल आर वेंकटरमणी ने कहा कि इसके लिए बड़े पैमाने पर विनिर्माण



व्यवस्था में बदलाव करने होंगे। सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय ने 26 अक्टूबर को केंद्रीय मोटर वाहन नियम, 1989 में संशोधन अधिसूचित किया था। इसके तहत ई100 यानी लगभग शुद्ध एथनॉल से चलने वाले वाहनों को भी नियमों में शामिल किया गया है। इससे पहले ई-85 जैसे अधिक एथनॉल मिश्रण वाले ईंधन से चलने वाले वाहनों का प्रावधान था।

शेयर बाजार में पारदर्शिता पर की टिप्पणी

नहीं दे सकते निर्देश, मोइत्रा की याचिका खारिज

सुप्रीम कोर्ट ने टीएमसी सांसद महुआ मोइत्रा की भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) से जुड़ी एक याचिका का निपटारा कर दिया। सुप्रीम कोर्ट ने सेबी को वैकल्पिक निवेश फंड , विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों और उनके मध्यस्थों के वास्तविक लाभार्थी मालिकों तथा निवेश पोर्टफोलियो की पूरी जानकारी सार्वजनिक करने का निर्देश देने से इनकार कर दिया।



मोइत्रा से कहा- संसद में चर्चा करतीं

पीठ ने शुरुआत में मोइत्रा के याचिका दायर करने पर सवाल उठाया। अदालत ने कहा कि वह यह मुद्दा संसद में उठा सकती थीं और इस पर चर्चा की मांग कर सकती थीं। किसी मौजूदा कानूनी व्यवस्था के बिना परमादेश जारी नहीं किया जा सकता। पीठ ने कहा कि अगर कोई कानूनी व्यवस्था होती और सेबी उसका पालन नहीं कर रहा होता, तो अदालत अनुपालन का निर्देश दे सकती थी।

राहुल बोले महारैली में शामिल हों

आप लाठियों से मत डरिए भाजपा हिम्मत नहीं करेगी



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने गुरुवार को देशभर के छात्रों से इंडिया गठबंधन के प्रदर्शन में शामिल होने की अपील की। यह प्रदर्शन मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को पद से हटाने की मांग को लेकर किया जाएगा।

राहुल ने छात्रों से कहा कि वे पुलिस और लाठियों से न डरें। उन्होंने दावा किया कि भाजपा में इस तरह की कार्रवाई करने की हिम्मत नहीं होगी। राहुल ने वीडियो संदेश साझा करते हुए लिखा, पुलिस की चिंता मत कीजिए, लाठियों से मत डरिए। भाजपा में इस तरह की हरकत करने की हिम्मत नहीं होगी। राहुल एक नवंबर को दिल्ली के रामलीला मैदान में होने वाले 'चलो दिल्ली रामलीला मार्च' का नेतृत्व करेंगे।

'वोट चोरी' के खिलाफ अभियान जारी रहेगा

भाजपा संसद भंग करके मतपत्रों से चुनाव का सामना करेः खरगे

बेंगलुरू। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने बेंगलुरु में कहा कि कथित 'वोट चोरी' के



खिलाफ देशभर में विरोध प्रदर्शन जारी रहेंगे। उन्होंने भाजपा को चुनौती दी कि यदि उसे अपने चुनावी प्रदर्शन पर भरोसा है, तो वह संसद भंग करके मतपत्रों के जरिए चुनाव का सामना करे। कांग्रेस ने 'वोट चोरी' के खिलाफ एक नवंबर को दिल्ली में विशाल रैली करने की घोषणा की है। कांग्रेस ने आरोप लगाया है कि मतदाता सूचियों से बड़ी संख्या में मतदाताओं के नाम हटाए गए हैं। पार्टी का दावा है कि इससे विशेष रूप से अल्पसंख्यक तथा आर्थिक एवं सामाजिक रूप से कमजोर वर्ग प्रभावित हुए हैं। कुमार ने निर्वाचन आयोग में गड़बड़ी की है।

वोट का अधिकार खतरे में, हम चुप नहीं रहेंगे



पश्चिम बंगाल की पूर्व मुख्यमंत्री और टीएमसी नेता ममता बेनर्जी ने मतदाता सूची में बदलाव और वोटों में कथित गड़बड़ी के खिलाफ विपक्षी दलों से एकजुट होने की अपील की है। उन्होंने कहा कि जब लोगों के वोट देने के अधिकार पर खतरा हो, तब चुप नहीं रहा जा सकता। आईएनडीआईए ने एक नवंबर को दिल्ली के रामलीला मैदान में रैली बुलाई है। इस रैली का मुख्य मुद्दा मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण और चुनाव प्रक्रिया को लेकर उठ रहे सवाल हैं।

थिंक टैंक सीईईडब्ल्यू ने दी जानकारी

किसानों के 'पराली' जलाने से अगले माह दमघोंटू होगा प्रदूषण

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

राष्ट्रीय राजधानी में प्रदूषण के जानलेवा स्तर तक पहुंचने की चर्चा अक्सर सर्दियों के आगाज यानी नवंबर महीने में सुनाई पड़ती थी। लेकिन इस बार अक्टूबर के अंतिम सप्ताह से ही ये मामला चिंता को बढ़ाने लगा है। जिसके पीछे की असली वजह हरियाणा, पंजाब जैसे उत्तर भारत के राज्यों में पराली जलाने के मामलों की अधिकता वाले पखवाड़े की शुरुआत होना है। अब नवंबर के पहले 15 दिन दिल्ली में पराली के धुएं की वजह से दम



घोंटने वाले हो सकते हैं। जिसमें इस कारक का प्रदूषण बढ़ाने के लिए जिम्मेदार पीएम-2.5 में 40% तक योगदान रहेगा। अल नीनो भी इस वर्ष प्रदूषण को बढ़ाएगा। ये जानकारी थिंक टैंक 'काउंसिल ऑन एनर्जी, एनवायरनमेंट एंड वाटर' (सीईईडब्ल्यू) ने दी है।

राजकोट एयरपोर्ट के पास लगी आग

एयर इंडिया की फ्लाइट वडोदरा डायवर्ट, 100 यात्रियों ने ली सांस

एजेंसी ▶▶ राजकोट

राजकोट के हीरासर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर पक्षियों को भगाने पटाखे फोड़ने के दौरान रनवे के पास सूखी घास में अचानक आग भड़क उठी। इससे चारों तरफ धुएं का गुबार छा गया और रनवे पर दृश्यता काफी घट गई, जिससे विमानों की लैंडिंग की सुरक्षा खतरे में पड़ गई। दिल्ली से राजकोट आ रही एअर इंडिया की फ्लाइट को वडोदरा डायवर्ट कर सुरक्षित लैंडिंग कराई गई। एयरपोर्ट फायर ब्रिगेड की टीम तुरंत मौके पर पहुंची और आग



बुझाने का काम शुरू किया। फ्लाइट सुबह 10:25 बजे राजकोट पहुंचने वाली थी। रनवे पर भारी धुआं होने से लैंडिंग की अनुमति नहीं दी गई। सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए पायलट को विमान को हवा में ही 4 चक्कर लगाने पड़े। विमान में सवार 100 यात्रियों ने राहत की सांस ली।

'सहकार से समृद्धि': शाह की अध्यक्षता में सहकारी विकास निगम की बैठक

सहकारी आंदोलन को दूरस्थ क्षेत्रों तक पहुंचाया सुदृढ़ीकरण व वित्तपोषण के विस्तार पर की चर्चा

वित्तीय एवं संस्थागत उपलब्धियों, सहकारी विकास पर की बात

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री के 'सहकार से समृद्धि' के विजन को साकार करने तथा देश में सहकारिता आधारित सर्वस्पर्शी और सर्वसमावेशी विकास को गति देने की दिशा में राष्ट्रीय सहकारी विकास निगमकी महापरिषद की 93वीं बैठक आज नई दिल्ली स्थित निगम के मुख्यालय में केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में वित्तीय एवं संस्थागत



उपलब्धियों, सहकारी क्षेत्र में वित्तपोषण के विस्तार, नई बहुराज्यीय सहकारी संस्थाओं के विकास, ग्रामीण आजीविका के सुदृढ़ीकरण तथा निगम की भावी कार्ययोजना से जुड़े विभिन्न विषयों पर विचार-विमर्श किया गया।

कार्यों और उपलब्धियों की सराहना की

शाह ने कहा कि 5 वर्षों में निगम ने अत्यंत सराहनीय कार्य किया है। निगम ने न केवल वित्तीय प्रदर्शन और निर्धारित लक्ष्यों की प्राप्ति में उल्लेखनीय प्रगति की है, बल्कि प्रति कर्मचारी लाभ में वृद्धि, ऋण स्वीकृतियों एवं संवितरण में विस्तार और नेट एनपीए को शून्य बनाए रखने जैसी अहम उपलब्धियां भी हासिल की हैं।

पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री सुवेंदु अधिकारी ने घुसपैठियों को दी चेतावनी

उत्तर दिनाजपुर में बोले मुख्यमंत्री सुवेंदु अधिकारी

जेल का चावल नहीं खिलाऊंगा, जहां से आए उसी रास्ते से वापस भेजूंगा

एजेंसी ▶▶ कोलकाता

पश्चिम बंगाल के सीएम सुवेंदु अधिकारी ने घुसपैठ के मुद्दे पर सख्त रुख अपनाते हुए चेतावनी दी है। सुवेंदु ने कहा कि जिस रास्ते से



बांग्लादेश से आए हो, उसी रास्ते से वापस भेजूंगा। जेल में रखकर जेल का चावल नहीं खिलाऊंगा। उन्होंने कहा कि ऐसे लोगों को वापस भेजने से पहले होल्डिंग स्टेशन में रखा जाएगा। उत्तर दिनाजपुर जिले के रायगंज में एक जनसभा को संबोधित करते हुए सुवेंदु ने यह बात कही।

बंगाल की स्कूलों की किताबों में बदलाव

'पानी' की जगह 'जल', 'अब्बा' की जगह 'बाबा'

पश्चिम बंगाल के सरकारी स्कूलों में पढ़ाई जाने वाली बांग्ला भाषा की किताबों में जल्द बड़े बदलाव देखने को मिल सकते हैं। सीएम सुवेंदु अधिकारी की सरकार की ओर से गठित पाठ्यक्रम समीक्षा समिति ने किताबों में इस्तेमाल होने वाले कुछ शब्दों को बदलने, इतिहास के पाठ्यक्रम में संशोधन करने की सिफारिश की है। बांग्ला की किताबों में 'पानी' की जगह 'जल' और 'अब्बा' की जगह 'बाबा' जैसे शब्दों का इस्तेमाल किया जाएगा। इसके साथ ही हिंदू राष्ट्रवादी नेता डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के जीवन को पाठ्यक्रम में शामिल करने और मुगल शासन तथा मार्क्सवादी विचारधारा से जुड़े कुछ हिस्सों को कम करने का फैसला किया गया है। कल्याणी विश्वविद्यालय के प्रोफेसर देबाशीष चटर्जी इस पाठ्यक्रम और पाठ्यपुस्तक समीक्षा समिति के प्रमुख हैं।

उत्तर प्रदेश चुनाव से पहले भाजपा ने किया मंथन, राष्ट्रीय अध्यक्ष बोले

'कांग्रेस-इंदिरा' नहीं, ये अब 'इटैलियन कांग्रेस' बन गई

नवीन ने महासचिवों के साथ की बैठक, संगठन के कामकाज पर चर्चा

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने गुरुवार को पार्टी मुख्यालय में राष्ट्रीय महासचिवों के साथ बैठक की। इसमें संगठन से जुड़े विभिन्न मुद्दों और आने वाले कार्यक्रमों की तैयारियों पर चर्चा हुई। इस बैठक में पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव बीएल संतोष, स्मृति ईरानी, विनोद तावड़े और सुनील बंसल समेत अन्य नेता शामिल हुए। इस बैठक के बाद नितिन नवीन ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर इसकी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि बैठक में संगठन से जुड़े विभिन्न विषयों और आगामी कार्ययोजना पर विस्तार से चर्चा की गई।

चर्चा के विषय

- आगामी कार्ययोजना और संगठनात्मक विषयों पर विस्तार से चर्चा की
- आगामी विधानसभा चुनावों (2027) की तैयारियों और रणनीतियों पर मंथन हुआ
- इंडिया ब्लॉक की रैलियों और एसआईआर के विरोध से जुड़े मुद्दों पर विचार-विमर्श किया



विपक्ष के अभियान का जवाब देने की कोशिश

इससे पहले बुधवार को नितिन नवीन ने भाजपा के 'लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ' अभियान के तहत दिल्ली के चांदनी चौक में एक मार्च का नेतृत्व किया। यह मार्च ऐसे समय में निकाला गया, जब एसआईआर को लेकर राजनीतिक तनाव बढ़ रहा है और कांग्रेस तथा अन्य विपक्षी दलों ने 'वोट चोरी' के आरोप लगाए हैं। सत्ताधारी पार्टी ने अपने नेताओं और कार्यकर्ताओं को एकजुट करके विपक्ष के अभियान का जवाब देने की कोशिश की है।

चुनावी हार को नागरिकों द्वारा किया गया शुद्धिकरण कहा

इसी प्रयास के तहत भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नवीन ने बुधवार को चांदनी चौक में मार्च का नेतृत्व किया। उन्होंने गांधी परिवार पर निशाना साधते हुए कहा कि 'कांग्रेस-आई' (जिसे पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय इंदिरा गांधी ने जनवरी 1978 में बनाया था) का मतलब 'कांग्रेस-इंदिरा' नहीं, बल्कि 'इटैलियन कांग्रेस' है। साथ ही, उन्होंने कांग्रेस की चुनावी हार को नागरिकों द्वारा किया गया शुद्धिकरण करार दिया।

आर्मेनिया की संसद में मचा जमकर हंगामा

महिलाओं पर विवादित बयान से भड़के नेता, सांसदों के बीच लात-घूंसे चले

एजेंसी ▶▶ येरेवन

आर्मेनिया की संसद में गुरुवार को सत्तारूढ़ दल और विपक्षी सांसदों के बीच मारपीट हो गई। विवाद महिलाओं पर दिए गए विवादित बयान से शुरू हुआ था। सत्तारूढ़ पार्टी के सांसद तारोन चखोयान ने विपक्षी नेता नारेक कारापेटयन से माफी मांगने के लिए कहा था। चखोयान ने अपने भाषण में विपक्षी नेता कारापेटयन के चचेरे भाई सरगिस कारापेटयन के पुराने बयान का जिक्र करते हुए उनकी आलोचना की थी। सरगिस कारापेटयन ने एक पॉडकास्ट में महिलाओं की यौन संतुष्टि पर अपमानजनक टिप्पणी की थी।

सत्तारूढ़ पार्टी के सांसद तारोन चखोयान ने विपक्षी नेता नारेक कारापेटयन से माफी मांगने के लिए कहा था। उन्होंने कारापेटयन के परिवार को लेकर भी बयान दिया था। इससे नाराज विपक्षी सांसद स्पीकर के पोडियम की ओर बढ़े। देखते ही देखते बहस मारपीट में बदल गई

घटना के बाद संसदीय कार्यवाही रोकी सुरक्षाकर्मियों ने मामले को संभाला


आर्मेनिया की संसद में एक-दूसरे से हाथापाई करते सांसद

महिलाओं को लेकर की थी अपमानजनक टिप्पणी

इसी साल जनवरी में एक समाजशास्त्री ने कहा था कि आर्मेनिया में अधेड़ उम्र की महिलाओं की राजनीति में दिलचस्पी बढ़ रही है। समाजशास्त्री ने इसकी वजह यौन असंतुष्टि बताया था। जब एक पॉडकास्ट में विपक्षी नेता कारापेटयन के चचेरे भाई सरगिस कारापेटयन से इस पर चर्चा हुई तो उन्होंने कहा कि उनकी पार्टी के सत्ता में आने पर देश में कोई भी महिला यौन संतुष्टि से वंचित नहीं रहेगी।

चखोयान से माफी मांगने को कहा

सत्तारूढ़ पार्टी के सांसद तारोन चखोयान ने संसद में इसी बयान का जिक्र करते हुए विपक्षी नेता नारेक कारापेटयन पर निशाना साधा। चखोयान ने सवाल उठाया कि इस टिप्पणी के लिए अब तक महिलाओं से माफी क्यों नहीं मांगी गई। इसी बात पर दोनों के बीच बहस शुरू हुई, जो बाद में मारपीट में बदल गई।

कॉरिडोर में भी की मारपीट

संसद परिसर के कॉरिडोर में भी सत्तारूढ़ दल और विपक्ष के सांसद एक-दूसरे से मारपीट करते नजर आए। सुरक्षाकर्मी मारपीट कर रहे सांसदों को रोकने की कोशिश करते रहे लेकिन सांसद नहीं रुके।

स्पेन में पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच झड़प

बोतलें-पटाखे फेंके, पीएम और परिवहन मंत्री के इस्तीफे की मांग

मैड्रिड। स्पेन में दो हाईस्पीड ट्रेनों की टक्कर में 68 लोगों की मौत के बाद लोगों का गुस्सा भड़क गया है। गुरुवार को सैकड़ों लोगों ने राजधानी मैड्रिड में सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान स्पेन के परिवहन मंत्रालय के बाहर दक्षिणपंथी समूहों और पुलिस के बीच टकराव हुआ।


पुलिस और प्रदर्शनकारी

प्रदर्शनकारियों ने पीएम पीएम पेड्रो सांचेज और परिवहन मंत्री ऑस्कर पुएंते के इस्तीफे की मांग की है। कुछ लोगों ने उन्हें 'मौत का मंत्री' तक कहा। लोगों ने पुलिस पर बोतलें और पटाखे फेंके।

सरकार के खिलाफ की नारेबाजी

मैड्रिड में परिवहन मंत्रालय के बाहर करीब 500 प्रदर्शनकारी इकट्ठा हुए और सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। प्रदर्शनकारियों ने स्पेन के झंडे और सरकार से जवाबदेही की मांग वाले बैनर लेकर प्रदर्शन किया।

खबर संक्षेप

भूटान में ग्लेशियल झील फटी! बंगाल में अलर्ट

कोलाकाता। पड़ोसी देश भूटान में ग्लेशियल झील फटने की खबरों के बीच पश्चिम बंगाल के सीमावर्ती इलाकों में सतर्कता बढ़ा दी गई है। भूटान की अति-संवेदनशील शिंताफू झील से गुरुवार शाम से तेज बहाव के साथ पानी निकल रहा है। इसके चलते आसपास के इलाकों में अलर्ट जारी किया गया है। इलाकों में लगातार सायरन बज रहे हैं। बंगाल का अलीपुरद्वार और जलपाईगुड़ी जिला प्रशासन लोगों को सतर्क कर रहा है। अलीपुरद्वार जिले के कुमारग्राम में संकोश नदी के किनारे रह रहे लोगों को सुरक्षित स्थानों पर जाने की अपील की गई।



वीआईएसवी का रक्षा राज्य मंत्री उद्घाटन करेंगे

नई दिल्ली। रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ 30 अक्टूबर को नई दिल्ली के मानेकशॉ सेंटर में सेंटर फॉर ज्वाइंट वारफेयर स्टडीज के सहयोग से रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (डीआरडीओ) की ओर से आयोजित किए जा रहे विश्व-2026 (वीआईएसवी-2026: विजन, इनोवेशन, सिनर्जी, वैल्यूज) का उद्घाटन करेंगे। 'रक्षा क्षमताओं का प्रदर्शन, वैश्विक साझेदारी को मजबूत करना' विषय पर आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य देश की स्वदेशी रक्षा प्रौद्योगिकी क्षमताओं को प्रदर्शित करना और मित्र भागीदार देशों के साथ संबंधों को मजबूत करना है।



यूक्रेन के रेलवे स्टेशन पर हमला, 14 की मौत

कीव। यूक्रेन के मध्य में स्थित निप्रो शहर में गुरुवार सुबह रूसी ड्रोन ने रेलवे स्टेशन पर हमला किया। अधिकारियों के मुताबिक, हमले में 14 लोगों की मौत हो गई, जबकि 10 अन्य घायल हुए हैं। शहर के मेयर बोरिस फिलातोव ने कहा कि ड्रोन ने उस प्लेटफॉर्म को निशाना बनाया, जहां निप्रो से जापोरिजिया जाने वाली ट्रेन नंबर 866 खड़ी थी। वहां काफी लोग मौजूद थे। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने हमले को भयावह बताया। उन्होंने रूस पर और कड़े प्रतिबंध लगाने की मांग की, ताकि ऐसे हमलों को रोका जा सके।



आसियान रक्षा मंत्रियों की बैठक में राजनाथ सिंह की दो टूक

आतंकवादियों के खिलाफ भारत की जीरो टॉलरेंस नीति, तबाह किया आतंकी ढांचा

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

राजनाथ सिंह ने कहा कि आतंकवाद-निरोध के क्षेत्र में भारत का अनुभव, कक्षा या सैद्धांतिक ज्ञान भर नहीं है बल्कि यह दशकों तक जमीनी स्तर पर सीमा पार सुरक्षा चुनौतियों का सामना करने का अनुभव हासिल हुआ है। आतंकवादियों के खिलाफ हमारी हर रणनीति, वास्तविक संचालन में परखी हुई है और अपनी सफलता साबित कर दी गई है।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने फिलीपींस के सेबू में आयोजित 'आसियान रक्षा मंत्रियों की बैठक (एडीएमएम प्लस)' को संबोधित करते हुए कहा कि आतंकवादियों के खिलाफ भारत की जीरो टॉलरेंस की नीति है। आतंकवादियों के खिलाफ भारत के दृष्टिकोण का एक बड़ा उदाहरण, हमने पिछले साल ऑपरेशन सिंदूर में दिखाया था, जब हमने बड़ी संख्या में आतंकवादी बुनियादी ढांचे को नष्ट कर दिया था।

यह राज्य-प्रायोजित आतंक के खिलाफ, भारत के स्पष्ट दृष्टिकोण की भी घोषणा की गई थी। आतंकवाद-निरोध के क्षेत्र में भारत का अनुभव, कक्षा या सैद्धांतिक ज्ञान भर नहीं है बल्कि यह दशकों तक जमीनी स्तर पर सीमा पार सुरक्षा चुनौतियों का सामना करने का अनुभव हासिल हुआ है। आतंकवादियों के खिलाफ हमारी हर रणनीति, वास्तविक संचालन में परखी हुई है और अपनी सफलता साबित कर दी गई है।

उन्होंने कहा कि भारत एक ऐसे अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था में विश्वास रखता है जो कि आपसी विश्वास, सहयोग और सामूहिक जिम्मेदारी पर आधारित हो। सहयोगात्मक भावना की यही इच्छाशक्ति ही, हमें शांति और व्यवस्था के समक्ष आ रही चुनौतियों से निपटने में सक्षम बनाएगी।

राजनाथ सिंह ने कहा कि आतंकवाद-निरोध के क्षेत्र में भारत का अनुभव, कक्षा या सैद्धांतिक ज्ञान भर नहीं है बल्कि यह दशकों तक जमीनी स्तर पर सीमा पार सुरक्षा चुनौतियों का सामना करने का अनुभव हासिल हुआ है। भूटान की अति-संवेदनशील शिंताफू झील से गुरुवार शाम से तेज बहाव के साथ पानी निकल रहा है। इसके चलते आसपास के इलाकों में अलर्ट जारी किया गया है। इलाकों में लगातार सायरन बज रहे हैं। बंगाल का अलीपुरद्वार और जलपाईगुड़ी जिला प्रशासन लोगों को सतर्क कर रहा है। अलीपुरद्वार जिले के कुमारग्राम में संकोश नदी के किनारे रह रहे लोगों को सुरक्षित स्थानों पर जाने की अपील की गई।

सामूहिक क्षमताओं और मजबूत करने की अपील

आसियान देशों के साथ साझा हितों के लिए तैयार


आसियान रक्षा मंत्रियों की बैठक को संबोधित करते राजनाथ सिंह

हिंद-प्रशांत क्षेत्र में शांति और स्थिरता आवश्यक

राजनाथ सिंह ने कहा कि आसियान के साथ हमारा जो दीर्घकालिक रणनीतिक जुड़ाव है, वह साझा हितों, आपसी सम्मान और व्यावहारिक सहयोग पर आधारित है। भारत अपने एडीएमएम-प्लस साझेदारों के साथ, अपनी व्यावहारिक और युद्ध-परीक्षित आतंकवाद विरोधी लड़ाई को साझा करने के लिए पूरी तरह से तैयार है। संयुक्त सैन्य अभ्यास, क्षमता-निर्माण कार्यक्रम और मजबूत खुफिया जानकारी साझा करने के माध्यम से हम अपनी सामूहिक क्षमताओं को और मजबूत कर सकते हैं। हम एक ऐसे इंडो-पैसिफिक का समर्थन करते हैं, जो सुरक्षित हो, मजबूत हो और जहां केवल शांति और स्थिरता की आकांक्षाएं नहीं बल्कि हमारे सामूहिक प्रयास के परिणाम हों। भारत ने हमेशा एशियाई केंद्र की भूमिका को महत्वपूर्ण बताया है। हमने एक ऐसे हिंद-प्रशांत क्षेत्र की परिकल्पना की है, जो खुला हो, समावेशी हो और नियम आधारित अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था पर आधारित हो।

समुद्री क्षेत्र में अंतरराष्ट्रीय कानूनों का पालन हो

राजनाथ सिंह ने कहा कि आज, जब वैश्विक व्यापार मार्गों को अलग-अलग प्रकार के नए अंतर्राष्ट्रीय आदर्शों का सामना करना पड़ रहा है, तब समुद्री सुरक्षा के प्रति केवल बयान देना पर्याप्त नहीं है। भारत का कानून का नियम और विशेष रूप से समुद्र के कानून पर संयुक्त राष्ट्र कन्वेंशन पर जोर देना, नेविगेशन और ओवरफ्लाइट की स्वतंत्रता को अवैध बनाना, किसी भी देश के खिलाफ नहीं है बल्कि इसका उद्देश्य सभी क्षेत्रीय हितधारकों के सामूहिक हितों की रक्षा करना है, जो खुले समुद्री मार्ग और स्थिर समुद्री शासन पर अड़े हुए हैं। हम समुद्री सुरक्षा, खोज और बचाव, मानवीय सहायता, व्यावसायिक संपर्क, क्षमता निर्माण और अंतर्राष्ट्रीय कानून का सम्मान करते हैं और इन क्षेत्रों में सहयोग को मजबूत करने के लिए, आसियान भागीदारों के साथ सामूहिक कार्य करने के लिए तत्पर हैं।

रक्षा 'यूथ ब्रिज' स्थापित करने का प्रस्ताव

रक्षा मंत्री ने कहा कि भारत की ओर से एक मजबूत रक्षा "यूथ ब्रिज" स्थापित करने का प्रस्ताव है। इस ढांचे का उद्देश्य लोगों से लोगों की कनेक्टिविटी, डिजिटल नवाचार और क्षमता निर्माण को बढ़ावा देना होगा। सदस्य देश हमारे युवाओं की जोड़ी को जोड़ने में मदद करें। हमारी अगली पीढ़ी को सशक्त बनाने का यह दृष्टिकोण, इस बैठक का संयुक्त वक्तव्य 'युवा शांति और सुरक्षा' के साथ भी पूरी तरह से मेल खाता है। अपने विद्यार्थियों को एमबीएस कर, हम इस क्षेत्र का भविष्य तैयार कर रहे हैं। आज जब हम भारत और आसियान के सशक्तिकरण को और मजबूत करने की दिशा में कदम बढ़ा रहे हैं, भारत का संकेत है कि हमारी सबसे बड़ी ताकत हमारी युवा आबादी और उनकी ऊर्जा, गतिशीलता और आकांक्षाएं हैं। भारत और आसियान देशों की जनसंख्या, तुलनात्मक रूप से युवा है।

राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की बढ़ी मुश्किलें

रूसी डीजल सौदे पर रोक के लिए सांसदों ने पेश किया बिल


डोनाल्ड ट्रंप

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन की ओर से रूसी डीजल के आयात को दी गई छूट को रद्द करने के लिए डेमोक्रेटिक और रिपब्लिकन सांसदों ने मिलकर एक विधेयक पेश किया है। सांसदों का कहना है कि यह छूट वर्ष 2022 के उस कानून का उल्लंघन करती है, जिसके तहत रूसी तेल के आयात पर प्रतिबंध लगाया गया था। वॉशिंगटन राज्य की डेमोक्रेट सांसद मैरी ग्लूसेनकैंप पेरेज और पेंसिल्वेनिया के रिपब्लिकन सांसद ब्रायन फिट्जपैट्रिक तथा नेब्रास्का के रिपब्लिकन सांसद डॉन बेकन ने पिछले सप्ताह 'रॉनल्ड रीगन पीस थ्रू स्ट्रेंथ एक्ट' पेश किया। विधेयक का उद्देश्य अमेरिकी वित्त मंत्रालय की ओर से रूसी तेल के आयात को दी गई छूट को रद्द करना है। इसके पारित होने पर 'जनरल लाइसेंस 135 तत्काल प्रभाव से निष्प्रभावी हो जाएगा।' साथ ही, भविष्य में रूसी ऊर्जा उत्पादों के आयात की अनुमति देने वाली ऐसी छूट या सामान्य लाइसेंस जारी करने पर भी रोक लगाने का प्रस्ताव है।

2022 के कानून का उल्लंघन

विधेयक में अमेरिकी वित्त मंत्रालय को वर्ष 2022 के रूसी तेल आयात प्रतिबंध कानून का उल्लंघन करने वाले समझौतों पर सरकारी धन खर्च करने से रोकने का प्रावधान भी शामिल है। इसके अलावा, अमेरिकी खुफिया एजेंसियों को यूक्रेन की रक्षा में सहयोग देने और किसी भी व्यवधान की स्थिति में 24 घंटे के भीतर कांग्रेस की खुफिया समितियों को सूचित करने की जिम्मेदारी देने का प्रस्ताव है। पेरेज ने कहा कि राष्ट्रपति का रूसी तेल आयात करने का फैसला अमेरिकी राष्ट्रीय हितों, कांग्रेस की द्विदलीय सहमति और वर्ष 2022 में पारित कानून की अनदेखी करता है। यदि राष्ट्रपति वास्तव में ईंधन की कीमतें कम करना चाहते हैं, तो उन्हें ईरान में युद्ध समाप्त करने पर ध्यान देना चाहिए, न कि अमेरिकी करदाताओं का पैसा रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन तक पहुंचने देना चाहिए।


मैरी पेरेज

पहले आलोचना, अब रूस की मदद


डॉन बेकन

वहीं, डॉन बेकन ने ट्रंप के पुराने रुख का उल्लेख करते हुए कहा कि राष्ट्रपति पहले यूरोपीय देशों की रूसी ऊर्जा खरीद को लेकर आलोचना करते रहे हैं, लेकिन अब उनका प्रशासन रूस के लिए डीजल बेचने की राह आसान बना रहा है। यह विधेयक मध्य पूर्व में संघर्ष के कारण बढ़ी ईंधन कीमतों के बीच रूसी डीजल खरीदने के प्रशासन के फैसले के खिलाफ कांग्रेस की ताजा पहल है। रिपब्लिकन सीनेटर थॉम टिलिस भी आशंका जता चुके हैं कि ट्रंप संभवतः वर्ष 2022 के आयात प्रतिबंध का उल्लंघन कर रहे हैं। इस मामले का असर भारत-अमेरिका ऊर्जा संबंधों पर भी पड़ सकता है।

भारत की समुद्र में बड़ी बादशाहत

नौसेना को मिली बिना चालक वाली पहली 'स्वदेशी' नाव

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

वर्तमान समय में युद्ध लड़ने के तरीकों में बड़ा बदलाव हो रहा है। ऐसे समय में भारत ने एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। भारत अब उन चुनिंदा देशों की लिस्ट में शामिल हो गया है जो अनमैन्ड सरफेस वेसल यानी यूएसवी बना सकते हैं। इसका मतलब है पानी पर चलने वाली ड्रोन नाव। जिसका इस्तेमाल रूस-यूक्रेन युद्ध और स्ट्रेट ऑफ होर्मुज में हो रहा है। यह उपलब्धि केवल तकनीकी क्षेत्र तक सीमित नहीं है बल्कि आत्मनिर्भर भारत मिशन के लिए भी एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित हुई है। पुणे की निजी रक्षा कंपनी सागर डिफेंस इंजीनियरिंग ने स्वदेशी अनमैन्ड सरफेस वेसल (यूएसवी) का निर्माण किया है।


अनमैन्ड सरफेस वेसल

घर वापस आने का कर रहे इंतजार

6 महीने से कराची पोर्ट पर फंसे 6 भारतीय नाविक, लगाई गुहार

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

आठ महीने पहले 25 फरवरी को विनीत किशोर मिश्रा केवर नाम के जनरल कार्गो जहाज पर बतौर चीफ ऑफिसर सवार हुए थे। ईरान और ओमान के समुद्री रास्तों से होते हुए यह जहाज 17 अप्रैल को पाकिस्तान के कराची बंदरगाह पर पहुंचा। तब से विनीत और उनके साथ पांच अन्य भारतीय नागरिक इस बंदरगाह पर फंसे हुए हैं और उनके घर वापसी को लेकर कोई स्पष्ट जानकारी नहीं है। विनीत का परिवार उन्हें सुरक्षित घर वापस लाने की गुहार लगाते हुए पीएम नरेंद्र मोदी, यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ और विदेश मंत्री एस. जयशंकर से लगातार मदद की अपील कर रहा है। विनीत यूपी के प्रयागराज के रहने वाले हैं और उनके दो बच्चे हैं। विनीत की पत्नी नेहा मिश्रा के अनुसार, कराची पहुंचते ही एक ईरानी कंपनी और बंदरगाह के अधिकारियों के बीच हुए विवाद के चलते जहाज को जब्त कर लिया गया।


विनीत मिश्रा

अंतरिम सरकार के पूर्व प्रेस सचिव शफीकुल आलम का दावा

बांग्लादेश में साजिश से गिराई गई हसीना सरकार तख्तापलट से 2 दिन पहले यूनुस छात्रों से मिले

एजेंसी ▶▶ ढाका

बांग्लादेश में साजिश के तहत शेख हसीना की सरकार गिराई गई थी। उनके खिलाफ चल रहे आंदोलन के दौरान ही छात्र नेताओं ने इस बात पर चर्चा शुरू कर दी थी कि उनके बाद देश की कमान कौन संभालेगा। यह दावा अंतरिम सरकार के सलाहकार रहे मोहम्मद यूनुस के पूर्व प्रेस सचिव शफीकुल आलम ने किया है। आलम ने सोशल मीडिया पर लिखा कि छात्रों ने यूनुस से संपर्क करने में फ्रांस की न्यूज एजेंसी एफपी के पत्रकार कादरुद्दीन शिशिर की मदद ली थी।


शफीकुल आलम

हसीना के भागने का वीडियो बनाने वाले सैन्य अफसर की मौत



बांग्लादेश की पूर्व पीएम शेख हसीना के देश छोड़ने का वीडियो रिकॉर्ड करने वाले पूर्व एयरफोर्स अधिकारी केएम तौसीफ सौरी की मौत हो गई है। उनका शव गुरुवार को ढाका की तुराग नदी में मिला। 28 साल के फ्लाइट लेफ्टिनेंट सौरी 27 अक्टूबर से लापता थे। परिवार ने आरोप लगाया है कि हसीना का वीडियो साझा करने के कारण उन्हें परेशान किया गया और उनकी हत्या कर दी गई। अधिकारियों के मुताबिक मौत की असली वजह पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही पता चलेगी। फिलहाल यह स्पष्ट नहीं है कि उनकी मौत डूबने से हुई, उन्होंने आत्महत्या की या उनकी हत्या की गई। आलम ने दावा किया कि सुरक्षा एजेंसियों को इस बातचीत की जानकारी नहीं थी। अगर अधिकारियों को इसका पता चल जाता तो शिशिर और एएफपी की पूरी टीम को खतरा हो सकता था।

इजराइल में सत्ता की जंग तेज, पीएम नेतन्याहू ने लगाया चुनाव में धांधली का आरोप

एजेंसी एक हफ्ते में जांच रिपोर्ट सौंपेगी

चुनाव आयोग ने जांच एजेंसी 'शिन बेट' को दिए गहन जांच के आदेश

एजेंसी ▶▶ यरूशलम

इजराइल में मंगलवार को चुनाव हुए। पीएम बेंजामिन नेतन्याहू ने आरोप लगाया है कि अरब पार्टियों ने रिश्वत, धमकी, हिंसा और धोखाधड़ी के जरिए चुनाव को प्रभावित किया। उनके इस दावे के बाद इजराइल की चुनाव समिति ने इन आरोपों की जांच का आदेश दिया है। केंद्रीय चुनाव समिति के अध्यक्ष जस्टिस नोम सोलबर्ग ने देश की आंतरिक सुरक्षा एजेंसी शिन बेट के प्रमुख डेविड ज़िनी को इन आरोपों की जांच करने का निर्देश दिया है। उन्होंने जांच पूरी कर एक हफ्ते के भीतर रिपोर्ट सौंपने को कहा है। सोलबर्ग ने शिन बेट को लिखे पत्र में कहा कि उनके सामने चुनाव को गलत तरीके से प्रभावित करने के गंभीर आरोप आए हैं।


पीएम बेंजामिन नेतन्याहू

न बीबी के साथ बैठूंगा न टिबी के साथ



यिस्राएल बेतेनु पार्टी के प्रमुख एविग्डोर लिबरमैन ने ऐलान किया है कि वे पीएम बेंजामिन नेतन्याहू (उर्फ़ 'बीबी') के नेतृत्व वाली सरकार में शामिल नहीं होंगे। उन्होंने साफ किया कि वे न तो बेंजामिन नेतन्याहू की सरकार में बैठेंगे और न ही उनके नेतृत्व वाले दक्षिणपंथी गठबंधन (लिकुड ब्लॉक) का हिस्सा बनेंगे। उन्होंने स्पष्ट किया है कि वे विपक्षी खेमे की ऐसी किसी भी अल्पसंख्यक या वैकल्पिक सरकार का समर्थन नहीं करेंगे जो अरब पार्टियों (जैसे अहमद तिबी या मंसूर अब्बास के नेतृत्व वाली पार्टियों) के समर्थन पर टिकी हो।

नेतन्याहू ने अरब पार्टियों पर लगाए गंभीर आरोप

लिकुड पार्टी के प्रमुख और मौजूदा पीएम बेंजामिन नेतन्याहू ने आरोप लगाया है कि अरब पार्टियों ने रिश्वत, धमकी, हिंसा और धोखाधड़ी के जरिए चुनाव को प्रभावित किया। उनका दावा है कि मतदाताओं को जुटाने के लिए प्रतिबंधित सॉफ्टवेयर का भी इस्तेमाल किया गया। उनके मुताबिक, उनकी लिकुड पार्टी पुलिस, शिन बेट और केंद्रीय चुनाव समिति को कथित गड़बड़ियों से जुड़े सैकड़ों गवाहों के बयान और सबूत सौंप रही है।

बहुमत के आंकड़े से दूर सभी गठबंधन

इजराइल चुनाव में 99.7% वोटों की गिनती पूरी हो चुकी है। नेतन्याहू की लिकुड पार्टी को 26 सीटें मिली हैं। इसके साथ यूनाइटेड तोराह जुडाइज्म, शस और ओत्जमा येहुदित जैसे सहयोगी दल हैं। पूरे गठबंधन को करीब 53 सीटें मिली हैं। सरकार बनाने के लिए 120 सदस्यीय नेसेट में कम से कम 61 सीटें चाहिए। यहूदी नेतृत्व वाले दलों के पास 48 और अरब नेतृत्व वाले दलों के पास 19 सीटें हैं।

आरोप बेबुनियाद: डीन लिवने



चुनाव आयोग ने चुनाव में बड़े पैमाने पर धांधली के आरोपों को बेबुनियाद बताया है। आयोग के कार्यवाहक महानिदेशक डीन लिवने ने कहा कि चुनाव कानून के मुताबिक हुआ और अब तक गड़बड़ी के कोई सबूत नहीं मिले हैं। लिवने ने कहा कि मतदान केंद्रों पर चुनाव की निष्पक्षता बनाए रखने के पुख्ता इंतजाम किए गए थे।

यहूदी राष्ट्रवादी दल न करें गठबंधन

नेतन्याहू ने यह भी दावा किया कि कुछ मतदान केंद्रों पर मतदाताओं और मतपेटियों में मिले लिफाफों की संख्या में अंतर था। नेतन्याहू ने संबंधित एजेंसियों से मामले की जांच कर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है। उन्होंने यहूदी राष्ट्रवादी दलों से अरब दलों के साथ गठबंधन न करने की अपील की।

भारत-ओमान के बीच आठवें दौर की वार्ता

समुद्री सुरक्षा सहयोग बढ़ाएंगे साझा 'चुनौतियों' से निपटेंगे

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत और ओमान ने समुद्री सुरक्षा सहयोग को मजबूत करने और साझा चुनौतियों से निपटने के लिए नौसैनिक समन्वय बढ़ाने पर चर्चा की। भारतीय नौसेना ने गुरुवार को बताया कि दोनों देशों के बीच नौसेना स्टाफ वार्ता का आठवां संस्करण 27 और 28 अक्टूबर को नई दिल्ली में आयोजित किया गया। वार्ता की सह-अध्यक्षता भारतीय नौसेना के कमोडोर (विदेशी सहयोग) कार्तिक श्रीमल और रॉयल नेवी ऑफ ओमान के संचालन एवं योजना महानिदेशक कमोडोर अहमद जुमा सलीम अल खत्री ने की। दरअसल, भारत और ओमान के बीच हिंद महासागर क्षेत्र में समुद्री सुरक्षा सहयोग का विशेष महत्व है। दोनों नौसेनाओं की इस वार्ता में साझा समुद्री चुनौतियों से निपटने और इस समुद्री क्षेत्र में ऑपरेशनल तालमेल को मजबूत करने पर जोर दिया गया है।


कार्तिक श्रीमल और अहमद खत्री



हेलोवीन की रात, रंग-बिरंगी पोशाकें पहनकर किआन, फ्रेया, माइकल और रायन ट्रिक ऑर ट्रीट के लिए निकले थे, लेकिन रास्ते में उनका सामना हुआ कुछ ऐसे रहस्यों से, जिसने उनकी हंसी को चीखों में बदल दिया। रहस्य खुलने पर चीखें वापस हंसी में बदल गईं। हर कदम पर नया सरप्राइज देती हेलोवीन की वह शाम इन बच्चों के लिए बहुत ही रोमांचकारी थी।

सरप्राइज वाली हेलोवीन की शाम





कहानी
रेनू मंडल

कैलिफोर्निया के प्लेजेंटन सिटी में 31 अक्टूबर की शाम को बहुत रौनक थी। पिछले एक माह से पूरे अमेरिका में हेलोवीन त्योहार की जोर-शोर से तैयारियां चल रही थीं। आखिरकार आज वह दिन आ ही गया था। घरों और दुकानों के बाहर रंग-बिरंगी रोशनियों के साथ बड़े-बड़े कद्दू सजाए गए थे। इन कद्दुओं पर बड़ी-बड़ी डरावनी आंखें और मुंह बने हुए थे। घरों के बाहर कंकाल, चुड़ैलें, मकड़ियों और भूतों की आकृतियां लटक रही थीं।

किआन, फ्रेया, माइकल और रायन को इस शाम का बेसब्री से इंतजार था। चारों ने अलग-अलग पोशाकें पहन रखी थीं। किआन ने स्पाइडर-मैन, माइकल ने जादूगर, रायन ने बैटमैन और फ्रेया ने परी की ड्रेस पहनी थी। इन बच्चों ने ट्रिक और ट्रीट के लिए अपनी बॉस्केट भी तैयार कर ली थीं। सभी बच्चे माइकल के घर एकत्रित थे। माइकल के पापा ने मुस्कुराते हुए कहा, 'सुनो बच्चो, सदियों पहले लोग मानते थे कि आज की रात प्रेतात्माएं सड़कों पर घूमती हैं। उनसे बचने के लिए लोग डरावने रूप बदलते थे। आज तो खैर यह मौज-मस्ती और चॉकलेट्स जुटाने के त्योहार के रूप में मनाया जाता है।'

'इन बड़े-बड़े कद्दुओं का क्या मतलब?' किआन को जिज्ञासा हुई। 'यह भी बुरी आत्माओं को भगाने का प्रतीक है।' माइकल के पापा ने बताया।

'सचमुच, आज बहुत मजा आने वाला है।' फ्रेया ने अपनी ड्रेस लहराते हुए कहा। स्ट्रीट पर रंग-बिरंगी पोशाकों में न जाने कितने बच्चे नजर आ रहे थे। चारों बच्चे अपनी बास्केट लेकर निकल पड़े। हर घर के दरवाजे पर दस्तक देकर वे चिल्लाते, 'ट्रिक ऑर ट्रीट..!' पड़ोसी मुस्कुराते हुए बाहर निकलकर उनकी बास्केट में रंग-बिरंगी कैंडीज, चॉकलेट्स और डोनट्स भर रहे थे। बच्चों का उत्साह बढ़ता जा रहा था। तभी वे उस इलाके की सुनसान सड़क पर पहुंचे। अचानक उन्हें अपने पीछे आहट सुनाई दी। इससे पहले कि वे चारों पलटकर देखते, काले कपड़ों में लिपटी एक आकृति बिजली की गति से झपटी और चारों को दबोच लिया। 'आऽऽऽआ!' चारों की चीख वातावरण में गूंज उठी। उस आकृति ने भयानक आवाज में कहा, 'आज तुम्हें असली ट्रिक का मजा चखाता हूं।'



'छोड़ दो, कौन हो तुम?' किआन चिल्लाया। इससे पहले कि चारों डरकर भागते, आकृति ने अपना मास्क उतारा। 'मैक्स..!' फ्रेया चिल्लाई। माइकल ने अपना सिर पकड़ लिया, 'यार, तुमने तो हमारी जान ही निकाल दी।' मैक्स ठहाका लगाकर हंस पड़ा, 'तुम सब ट्रिक और ट्रीट चिल्ला रहे थे, तो मैंने सोचा एक सरप्राइज दूं।'



सब हंसने लगे। अभी वे आगे बढ़े ही थे कि अचानक ठिठक गए। गली के मोड़ पर एक बड़ा-सा कद्दू अपने आप हिल रहा था। 'हवा नहीं चल रही फिर यह कद्दू कैसे हिल रहा है?' फ्रेया चौंकी। 'तुम ठीक कह रही हो।' बच्चे हिचकते हुए थोड़ा पास पहुंचे। कद्दू के भीतर से एक धीमी आवाज आई, 'बचाओ.. मुझे यहां से निकालो।' सबकी आंखें घबराहट और आश्चर्य से फैल गईं। हिम्मत करके किआन आगे बढ़ा। उसने टॉर्च की तेज रोशनी में देखा। कद्दू के पीछे पतले बिजली के तार छिपे हुए थे, जो फूलों की घनी क्यारियों में रखे एक छोटे वायरलेस स्पीकर तक जा रहे थे। तभी क्यारियों के पीछे से एक और डरावनी आवाज आई, 'भूऽऽऽत!' चारों उछल पड़े। लेकिन अगले ही क्षण उनके कानों में ठहाका गूंजा। क्यारियों के पीछे से हंसते हुए मैक्स बाहर निकला। 'ओह! तुम फिर से..!' चारों एक साथ बोल पड़े। 'बाय गॉड, क्या शक्ल थी तुम चारों की!' मैक्स हंसा। उन सबने उसकी पीठ पर धौल जमा दी। 'यह मेरा दूसरा सरप्राइज था।' मैक्स शरारत से बोला। 'बच्चू, अगर अब तुमने कोई हरकत की तो तुम्हें छोड़ेंगे नहीं।' रायन हंसते हुए बोला। पांचों दोस्त अपनी चॉकलेट से भरी बास्केट उठाकर आगे बढ़ ही रहे थे कि अचानक फ्रेया रुक गई।

'शश्श्श!'

'अब क्या हुआ?' माइकल ने पूछा।

उसने सामने सड़क की ओर इशारा किया, 'वहां देखो!' सबने देखा, सड़क के दूसरी ओर स्ट्रीट लाइट के नीचे काला लंबा कोट और हैट पहने एक व्यक्ति खड़ा था। अंधेरे में उसका चेहरा साफ नजर नहीं आ रहा था। 'देखो, इसके हाथ में एक लालटेन है।' किआन बोला। उस आदमी ने पांचों को देखा और तेजी से मुड़कर गायब हो गया। 'हमें चलकर देखना चाहिए, वह कौन है और इतनी जल्दी कहां गायब हो गया?' माइकल बोला। तभी सामने वाले घर में पीली रोशनी जल उठी और घर के अंदर से ठक-ठक की आवाज आई। माइकल घबराकर बोला, 'मुझे लगता है कि इस घर में कोई है!' 'लेकिन यह घर तो कई दिनों से बंद है।' रायन ने बताया। अचानक खिड़की पर एक परछाई दिखाई दी। वह धीरे-धीरे दाएं से बाएं सरकी और फिर गायब हो गई। 'वह कौन था?' माइकल ने फुसफुसाकर पूछा। किआन हिम्मत करके दरवाजे के पास पहुंचा। वहां जमीन पर एक छोटी-सी लालटेन रखी थी। उसकी रोशनी सामने पेड़ पर पड़ रही थी। पेड़ की टहनी पर एक चाबी लटक रही थी।



'यह क्या चक्कर है? इतनी ऊंचाई पर किसने चाबी टांगी है?' रायन बोला।

'देखते हैं।' किआन ने पास पड़ी छड़ी से चाबी नीचे गिराई। चाबी उठाते ही घर के भीतर से जोरदार आवाज आई, 'धड़ाम..!' पांचों बच्चे उछल पड़े। 'हा हा हा डर गए..!' बच्चों ने पलट कर देखा। काले कोट और हैट में कोई और नहीं मिस्टर ब्राउन खड़े थे और ठहाका लगा रहे थे।

'ओह मिस्टर ब्राउन! आपने तो हमें डरा ही दिया।' बच्चे खिलखिलाए।

मिस्टर ब्राउन मुस्कुराकर बोले, 'लेकिन असली रहस्य अभी बाकी है।' उन्होंने चाबी से पेड़ के नीचे रखे एक छोटे से लकड़ी के बक्से का ताला खोला। अंदर छोटी-छोटी लालटेनें, कैंडीज और चॉकलेट्स थीं। उन्होंने बच्चों की बास्केट्स में सभी चीजें पलटते हुए कहा, 'हर साल मैं हेलोवीन पर बच्चों के लिए रोमांचक खेल तैयार करता हूं। तुमसे पहले अभी तीन बच्चे आए थे, मुझे दूर से ही देख डर कर भाग गए।' मिस्टर ब्राउन फिर हंसे, 'मुझे खुशी है, तुम लोग बहादुर निकले।'

'ओह अंकल, अगली बार इतना मत डराना।' फ्रेया ने मुस्कुरा कर कहा। पांचों बच्चों की बास्केट्स अब पूरी तरह भर चुकी थीं। रात भी हो गई थी। मिस्टर ब्राउन को 'हैप्पी हेलोवीन' कहते हुए पांचों बच्चे जगमगाती सड़कों से अपने घर की ओर चल पड़े।

हेलोवीन की आज की शाम उनके लिए रोमांचक और यादगार शाम बन गई थी। *

तुम्हारे लिए नई किताब / समीर गांगुली

रोचक-मनोरंजक चित्रकथा

बच्चो, तुम्हारे लिए चित्रकथा की एक रोचक किताब आई है। किताब का शीर्षक है- मेरे नन्हे दोस्त के लिए एक घर। यह किताब दो भाषाओं- हिंदी और अंग्रेजी में उपलब्ध है। मूल अंग्रेजी किताब का नाम है- ए होम फॉर माय लिटिल फ्रेंड। इस किताब के लेखक हैं राकेश आनंद बख्शी, जो कि मशहूर गीतकार आनंद बख्शी के सुपुत्र हैं। तुम्हारे लिए इस किताब का हिंदी अनुवाद किया है डॉ. शालिनी अगम ने।



सुंदर रंगीन चित्रों से सजी यह किताब, तुम्हें नीसा नाम की एक लड़की और एक छोटी-सी घायल मछली की दोस्ती के बारे में बताती है। घर की जरूरत और महत्व की जानकारी देती है। इस किताब के सार के रूप में लेखक कहते हैं- सभी जीवों की सही जगह उनका प्राकृतिक घर होता है। जो हमें हमारा घर ढूंढने में मदद करें, वे बहुत खास होते हैं। इस किताब के अंग्रेजी-हिंदी दोनों वर्जन उपलब्ध हैं। उर्वा शर्मा द्वारा बनाए गए चित्रों ने इस किताब को और भी खूबसूरत बना दिया है। *

किताब: मेरे नन्हे दोस्त के लिए एक घर, **लेखक:** राकेश आनंद बख्शी, **अनुवाद:** डॉ. शालिनी अगम, **मूल्य:** 250 रुपए, **प्रकाशक:** अद्विक प्रकाशन, नई दिल्ली

हंसगुल्ले

पप्पू: ऐसी कौन-सी चीज है, जो तुम ब्रेकफास्ट में कभी नहीं खा सकते हो?
गप्पू: लंच और डिनर।
- रोशनी, भिलाई

टीचर: कल मैं चांद पर लेक्चर देने जा रही हूं, तुम लोग क्लास मिस मत करना।
चिंटू: लेकिन मैं नहीं आ पाऊंगा मैम।
टीचर: क्यों?
चिंटू: वो क्या है कि मेरी मम्मी मुझे इतनी दूर जाने नहीं देंगी।
-कुणाल, बिलासपुर

भोलू: वह कौन सा अंग्रेजी का शब्द है, जिसे कोई 'राइट' नहीं लिख सकता?
गोलू: ऐसा कौन सा शब्द है? तू ही बता।
भोलू: वह शब्द है-रॉन्ग।
- रोहन, भोपाल

जीके क्विज-229

1. पैरा एशियाई खेल 2026 में मोना अग्रवाल ने किस खेल में स्वर्ण पदक जीता?
2. भारतीय वायु सेना के 94वें स्थापना दिवस पर एयर शो का आयोजन कहां किया गया?
3. भारत के वर्तमान विदेश मंत्री कौन हैं?
4. बृहस्पति के सबसे बड़े उपग्रह का नाम क्या है?
5. शुष्क बर्फ किस गैस के ठोस रूप को कहते हैं?
6. महाकालेश्वर मंदिर किस राज्य में स्थित है?
7. भारत रत्न से सम्मानित पहले विदेशी नागरिक कौन थे?
8. किस नदी को 'चीन का शोक' कहा जाता है?
9. झारखंड की राजधानी कहां है?
10. संयुक्त राष्ट्र दिवस कब मनाया जाता है?



बच्चों, जीके क्विज-229 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।

जीके क्विज-228 का उत्तर : 1. समर्थक, 2. महर्षि वाल्मीकि, 3. फ्रांसिस हाल्जेन, 4. सीपीयू, 5. 31 अक्टूबर, 6. लोकसभा, 7. भारत रत्न, 8.विटामिन सी, 9. सरदार वल्लभ भाई पटेल, 10. कंचनजंगा

जीके क्विज-228 का सही उत्तर देने वाले : कबीर-हिसार, रचित-रायपुर, कुसुम-बिलासपुर, रोहन-महेंद्रगढ़, सुमन-ईमेल से, दिव्या-रोहतक, प्रियांश-बलौदा बाजार, हर्षित-कटनी, पूनम-महासमुंद, कुणाल-दुर्ग, तृषा-दिल्ली

एडवाइस
डॉ. मोनिका शर्मा

खूब समझदारी से करो पॉकेट मनी का इस्तेमाल

बच्चो, जब भी तुमको पॉकेट मनी मिलती है, तुम फटाफट उसे खर्च करने के बारे में सोचने लगते होगे। लेकिन हम तुमको यहां पिछले दिनों चर्चित रही मन को छू लेने वाली एक घटना के बारे में बता रहे हैं, जिसके बारे में जानकर तुम अपनी पॉकेट मनी सही तरीके से खर्च करना सीख जाओगे। उत्तर प्रदेश स्थित आगरा शहर के एक स्कूल में तीसरी क्लास के बच्चों ने अपनी पॉकेट मनी के पैसे जोड़कर अपने गरीब सहपाठी की मदद की। दरअसल, उस बच्चे की फीस में 700 रुपए कम पड़ रहे थे। सभी क्लासमेट्स ने मिलकर उसकी फीस जमा कर दी, ताकि वह भी पूरी क्लास के साथ एग्जाम दे पाए। जरा सोचो, इन बच्चों ने अपनी पॉकेट मनी खेलने या खाने में फटाफट खर्च कर डालने के बजाय पैसे बचाकर रखे होंगे, तभी वे अपने साथी की हेल्प कर पाए। तुमको भी पैरेंट्स से मिलने वाली पॉकेट मनी को सही और सार्थक तरीके से इस्तेमाल करना चाहिए।

सेविंग करना अच्छी हैबिट: बात चाहे मम्मी-पापा से मिली पॉकेट मनी की हो या फिर किसी त्योहार या बर्थ-डे पर बड़ों से आशीर्वाद के रूप में मिले पैसों की। तुम्हें सब कुछ खर्च करने के बजाय थोड़ी बचत भी करनी चाहिए। फिजूलखर्ची के बजाय सेविंग करना अच्छी आदत है। यह बचत किसी की मदद करने में काम आ सकती है। अपनों को सरप्राइज देना चाहो तो उपहार



खरीदने के लिए यूज की जा सकती है। इतना ही नहीं किसी मनपसंद खिलौने या गेम के लिए भी अपने बचाए पैसे काम में ले सकते हो। अपनी पॉकेट मनी से खरीदकर कोई पेड़ लगा सकते हो। सेविंग से जुड़ी तुम्हारी यह समझदारी भरी आदत मम्मी-पापा को भी अच्छी लगेगी।

मदद से मिले खुशी: किसी की छोटी से छोटी मदद करना भी मन को बहुत बड़ी खुशी देता है। इतना ही नहीं, किसी की किसी भी रूप में की गई सहायता हमारे मन में करुणा और अपनत्व की भावना जगाती है। प्यारे बच्चों, अपने मम्मी-पापा से तुम्हें पॉकेट मनी तो मिलती ही होगी। ज्यादातर तुम उससे कोई खाने की चीज खरीदते होगे या फ्रेंड्स के साथ पार्टी करते होगे। लेकिन अगर तुम अपनी पॉकेट मनी से दूसरों की मदद करो, तो तुम्हें बहुत खुशी मिलेगी।



किसी त्योहार पर या अपने जन्मदिन पर किसी जरूरतमंद की हेल्प करना तुम्हारे दिन को और खास बना देगा। हेल्प करने की यह हैबिट तुम्हारे मन में ही नहीं समाज में प्रेम और परवाह के भाव को बढ़ाने वाली आदत है।

आत्मनिर्भर बनने की सोच: पॉकेट मनी में मिले कुछ पैसे हमेशा अपने पास रखने चाहिए। कभी स्कूल वैन न आने पर अचानक स्कूल से खुद घर आना हो, तो ऑटो-टैक्सी का किराया तुम्हारे पास होगा। स्कूल कैंटीन में कुछ खाने का मन हो या अपने दोस्तों के साथ ट्रीट करनी हो तो सोचना नहीं पड़ेगा। कोई क्लासमेट टिफिन भूल आए, तो उसके साथ भी कैंटीन में खाना शेयर कर सकते हो। जानते हो मम्मी-पापा पॉकेट मनी देते ही इसलिए हैं कि तुम पैसे की वैल्यू समझ सको। सही ढंग से और सही जगह खर्चा करना सीखो। जेब खर्च को बिना सोचे-समझे एक ही बार में खर्च कर डालने के बजाय मनी मैनेजमेंट सीखना बहुत जरूरी है। यह हैबिट बड़े होने पर भी तुम्हारे लिए बहुत उपयोगी साबित होगी। इसलिए आज ही से खुद से प्रॉमिस करो कि पॉकेट मनी का कुछ पार्ट तुम जरूर सेव करोगे। *

कविता / देवी प्रसाद गौड़

पों-पों करती बस आ जाती



वर्ली कला शैली

पों-पों कर के रोज सवेरे,
रंग-बिरंगी बस आ जाती।
बस्ता लेकर जल्दी आओ,
खड़ी द्वार पर हमें बुलाती।।
झांक रहा खिड़की से चुन्नू,
देख-देख मुझको मुस्काता।
देर जरा भी हो जाती तो,
चालक भैया शोर मचाता।।
भरी ठसाठस धीरे-धीरे,
सबसे पीछे गौरा चढ़ती।
खिसक-खिसक, तू उधर खिसक जा
सब बच्चों से बस में लड़ती।।
कोई कुछ भी बोल गया तो,
बात-बात पर ठिन-ठिन करती।
पूजा बैठी नजर झुका कर,
इससे रहती डरती-डरती।।
तरह-तरह के बच्चे चढ़ते,
मोटर में मेला लग जाता।
कोई हंसता कोई रोता,
कोई घर की कथा सुनाता।।
मधुमंगल पूजा का भाई,
उसे चिढ़कर टॉफी खाता।
कोई बाहर हाथ हिला कर,
बाय-बाय करने लग जाता।।
बड़ी मधुर छुट्टी की घंटी,
इसकी टन-टन बहुत सुहाती।
मम्मी-पापा खेल खिलौने,
सारे घर की याद दिलाती।।
मुरझाए से फूल खिलाती,
घंटी जादू-सा कर जाती।
चले दौड़ कर गिरते-पड़ते,
पलक झपकते बस भर जाती।।

अंतर बताओ

बच्चों, यहां मैजिक शो कर रहे चीकू खरगोश के दो चित्र दिए गए हैं। एक जैसे दिख रहे इन दोनों चित्रों में आठ अंतर हैं। तुम फटाफट इन दोनों चित्रों में आठ अंतर ढूंढ़कर बताओ।



उत्तर: 1.टोपी का शेप बदल है। 2.टोपी की बो टाई का कलर अलग है। 3.बोपी के बीलिक बिटन का बिलाम बिल्कुल बोइट है। 4.कलरफुल पत्ता के बीच वाले बबिल्स का कलर अलग है। 5.बिग में एक स्टार अबिक दिख रहा है। 6.ऊपर राई तरफ पर्ट में एक घाट अबिक बैया हुआ है। 7.नीचे बाईं तरफ पर्ट में एक घोस अबिक है। 8.बाईं तरफ पर्ट में एक घाट अबिक बैया हुआ है।

नाम पूरा करो

बच्चों, यहां दिए गए चित्र में बाईं तरफ कुछ एनिमल्स के चित्र दिए गए हैं। दाईं तरफ अंग्रेजी में उनके नाम लिखे गए हैं, लेकिन इनमें से प्रत्येक के नाम में एक लेटर मिसिंग है। तुम वो मिसिंग लेटर लिखकर इन एनिमल्स के नाम पूरे करो।



monke ____
shee ____
chicke ____
goa ____

रणजी ट्रॉफी : तनुष की घातक गेंदबाजी, मुंबई ने हरियाणा को 10 विकेट से हराया

मुंबई के तनुष ने 81 रन देकर हरियाणा के 8 विकेट झटके

एजेंसी ▸▸ मुंबई

तनुष कोटियन ने अपने करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए 81 रन देकर आठ विकेट लिए जिससे मुंबई ने रणजी ट्रॉफी ग्रुप डी के मैच में बृहस्पतिवार को यहां हरियाणा को 10 विकेट से करारी शिकस्त देकर बोनस अंक हासिल किया।

मुंबई ने इस तरह से लगातार तीसरे मैच में बोनस अंक हासिल किया। उसके सामने केवल 97 रन का लक्ष्य था। सलामी बल्लेबाज अंगकृष रघुवंशी (नाबाद 67) और दिव्यांश सक्सेना (नाबाद 30) ने केवल 10.4 ओवर मुंबई को लक्ष्य तक पहुंचा दिया और उसे सात अंक दिलाए। इससे पहले मुंबई ने चंडीगढ़ और हिमाचल प्रदेश के खिलाफ भी बोनस अंक के साथ जीत हासिल की थी। मुंबई ने अपनी पहली पारी में 430 रन बनाए थे जिसके जवाब में हरियाणा 270 रन ही बना पाया था और उसे फॉलोऑन करना पड़ा था।

हरियाणा ने सुबह अपनी दूसरी पारी दो विकेट पर 73 रन से आगे बढ़ाई और कुल 256 रन बनाए। उसकी तरफ से निशांत सिंधु (44), सामंत जाखर (40) और अनुज ठकराल (नाबाद 40) ही धीमी पिच पर कुछ संघर्ष कर पाए।



विदर्भ ने गोवा को एक पारी और 27 रन से दी शिकस्त

नागपुर में खेले गए मैच में बायें हाथ के स्पिनर हर्ष दुबे के चार विकेट की मदद से विदर्भ ने गोवा को दूसरी पारी में 195 रन पर समेटकर रणजी ट्रॉफी ग्रुप ए मैच के आखिरी दिन बृहस्पतिवार को एक पारी और 27 रन से जीत दर्ज की। फॉलोआन खेलते हुए गोवा की टीम दुबे की गेंदबाजी का सामना नहीं कर सकी। दुबे ने 38 रन देकर चार विकेट चटकाये जिनमें मंथन खुटकर (70) का विकेट शामिल था। यह विदर्भ की लगातार तीसरी जीत है जिससे वह 18 अंक लेकर ग्रुप ए में शीर्ष पर है। इससे पहले ध्रुव शोरे के 168 रन की मदद से आठ विकेट पर 442 रन बनाकर विदर्भ ने पहली पारी घोषित करके 222 रन की बढत ली थी। दानिश मालेवार ने 56 और अक्षय वाडकर ने 63 रन बनाये थे। गोवा ने पहली पारी में 220 रन बनाये थे।

सौराष्ट्र ने असम को एक पारी और 12 रन से हराया

राजकोट में बायें हाथ के स्पिनर पार्थ भूत के आठ विकेट की मदद से सौराष्ट्र ने असम को एक पारी और 12 रन से हराकर रणजी ट्रॉफी एलीट ग्रुप बी में दूसरा स्थान हासिल कर लिया। तीसरे दिन असम के सात विकेट 65 रन पर निकालने के बाद सौराष्ट्र की जीत औपचारिकता मात्र बची थी। भूत ने सात रन के भीतर छह विकेट चटकाये। भूत ने 18 ओवर में 17 रन देकर आठ विकेट लिये। असम की टीम दूसरी पारी में 94 रन पर आउट हो गई। असम के पहली पारी के 281 रन के जवाब में सौराष्ट्र ने 387 रन बनाये थे। पारी के अंतर से जीत के साथ सौराष्ट्र को एक बोनस अंक भी मिला। एक अन्य मैच में कर्नाटक ने भी त्रिपुरा को एक पारी और 116 रन से हराकर सात अंक हासिल किये।

बंगाल ने केरल को 287 रन से दी मात

मंगलापुरम (केरलम) में स्पिनर प्रदीप्ता प्रमाणिक के दस विकेट और शाहबाज अहमद के हरफनमौला प्रदर्शन के दम पर बंगाल ने रणजी ट्रॉफी एलीट ग्रुप सी के मैच में बृहस्पतिवार को केरलम को 287 रन से हराया। जीत के लिये 408 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए केरलम ने चार विकेट पर 53 रन से आगे खेलना शुरू किया और 38 . 4 ओवर में 120 रन पर पूरी टीम आउट हो गई। बंगाल की यह इस सत्र में लगातार तीसरी जीत है और 18 अंक लेकर वह ग्रुप सी में शीर्ष पर है। शाहबाज ने बंगाल की पहली पारी में 121 रन बनाने के साथ दोनों पारियों में दो दो विकेट लिये। बंगाल ने दो पारियों में 350 और 198 रन बनाकर केरलम को 408 रन का लक्ष्य दिया था।

ऑकलैंड में न्यूजीलैंड के साथ चौथा मुकाबला आज

प्रबंधन आठवें नंबर तक बल्लेबाजों की रणनीति पर जोर देता आया

कुलदीप और वरुण को चौथे टी20 में मिल सकता है मौका

एजेंसी ▸▸ आकलैंड

श्रृंखला जीतने के बाद भारतीय टीम अब न्यूजीलैंड के खिलाफ शुक्रवार को चौथे टी20 मैच में कुलदीप यादव और वरूण चक्रवर्ती को मौका दे सकती है। दोनों स्पिनरों को पिछले कुछ महीनों में उतने मौके नहीं मिले हैं क्योंकि टीम प्रबंधन आठवें नंबर तक बल्लेबाजों को चुनने की रणनीति पर जोर देता आया है।

अब तक यह रणनीति कारगर भी रही है जिसके दम पर भारत ने तीनों मैच जीते। अगले दो मैचों में अब उतना दबाव नहीं है तो भारत अपने टीम संयोजन में प्रयोग कर सकता है। वरूण का फॉर्म पिछले छह महीने में अच्छा नहीं रहा है लेकिन कुलदीप ने बीच के ओवरों में विकेट चटकाये हैं। उन्हें वेस्टइंडीज के खिलाफ घरेलू श्रृंखला में दो मैचों में मौका मिला लेकिन न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले तीन मैचों में बेंच पर ही रहे।

भुवनेश्वर का डेथ ओवरों में रहा अच्छा प्रदर्शन

तेज गेंदबाजी में भुवनेश्वर कुमार ने वेलिंगटन में पिछले मैच में डैथ ओवरों में अच्छा प्रदर्शन किया और आखिरी ओवर में लगातार यॉर्कर डाले। पहले तीन मैचों में हालांकि उन्होंने 72 गेंद में 139 रन दे डाले और वह काफी मेहंगे साबित हुए। चार साल बार अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खेल रहे भुवनेश्वर को इसमें सुधार करना होगा।





कुलदीप का आत्मविश्वास बनाए रखना होगा

कुलदीप को और बाहर रखने से उनके आत्मविश्वास पर असर हो सकता है लेकिन उन्हें टीम में लाने के लिये निचले क्रम तक बल्लेबाजी की मानसिकता से पार पाना होगा। तीसरे टी20 में दो स्पिनर हरफनमौला अक्षर पटेल और नमन धीर थे जिन्हें गेंदबाजी का भी मौका नहीं मिला। अब तक 115 मैचों में 7 . 70 की इकॉनॉमी से गेंदबाजी करने वाले अक्षर श्रृंखला में 9 . 58 रन प्रति ओवर की दर से रन दे चुके हैं और उन्हें दो ही विकेट मिले हैं।

वैभव को मिल सकता है फिर मौका

पिछले दो मैचों में मयंक यादव की जगह प्रिंस यादव को उतारा गया। अब देखना है कि मयंक को मौका मिलता है या टीम अब तक प्रभावी रहे प्रिंस पर ही भरोसा करती है। ईशान किशन ग्रोइन की चोट के कारण पिछले दो मैच नहीं खेल सके। वह अगर कल भी नहीं खेल पाते हैं तो वैभव सूर्यवंशी को फिर मौका मिल सकता है। वेलिंगटन में उन्होंने अच्छा प्रदर्शन किया लेकिन अभिषेक शर्मा की पारी ने सुर्खियां बंटोरी।

कीवी के सामने सबसे बड़ी चुनौती भारतीय बल्लेबाजी

न्यूजीलैंड के लिये सबसे बड़ी चुनौती भारतीय शीर्षक्रम पर अंकुश लगाने की होगी। संजू सैमसन, अभिषेक और सूर्यवंशी ने टुकड़ों में अच्छा प्रदर्शन करके न्यूजीलैंड के गेंदबाजों को परेशान किया है। कप्तान मिचेल सेंटनेर ने बायें हाथ की स्पिन गेंदबाजी से प्रभावित किया लेकिन दूसरे छोर से सहयोग नहीं मिला। भारत ने वेलिंगटन में 6ओवरों में ही रिकॉर्ड 118 रन बना लिये थे। हेनरी के बाद फर्ग्युसन के भी श्रृंखला से बाहर होने से न्यूजीलैंड टीम को एक और झटका लगा है।

सुजीत का 24 मैचों में जीत का क्रम टूटा

सुजीत का विश्व चैंपियन कुश्ती में पदक जीतने का सपना फिर अधूरा

एजेंसी ▸▸ अस्ताना

पिछले एक साल से शानदार प्रदर्शन कर रहे सुजीत कलकल का विश्व चैम्पियनशिप में पदक जीतने का सपना फिर अधूरा रहा और वह पुरूषों के 65 किलो वर्ग के क्वार्टर फाइनल में ताजिकिस्तान के अब्दुल मजीद कुदियेव से हार गए।

पिछले बारह महीने में अंडर 23 विश्व चैम्पियनशिप, 2026 एशियाई चैम्पियनशिप और एशियाई खेलों समेत सात खिताब जीत चुके सुजीत पिछले साल जगरेब में विश्व चैम्पियनशिप के रेपेशाज दौर के बाद से पहली बार हारे हैं।



एशियाड में सुजीत ने कुदियेव को हराया था

सुजीत ने एशियाई खेलों के फाइनल में इसी प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ 2-9 से पिछड़ने के बाद लगातार आठ अंक बनाकर स्वर्ण पदक जीता था। लेकिन उस प्रदर्शन को यहां दोहरा नहीं सके। इसके साथ ही सुशील कुमार (2010) के बाद अपना दूसरा विश्व चैम्पियन देखने की भारत की उम्मीदों पर भी पारी फिर गया।

सक्रिय नहीं होने से सुजीत ने पहला अंक गंवाया : सुजीत ने सक्रिय नहीं होने के कारण पहला अंक गंवा दिया लेकिन पहले पीरियड के खत्म होने से पांच सेकंड पहले कुदियेव को गिराकर 2-1 की बढत बनाई।

रोहा हाउसिंग फायनेंस प्रायवेट लिमिटेड

ROHA HOUSING FINANCE
GROW WITH YOUR OWN HOME

कॉर्पोरेट ऑफिस : युनिट नं. 1117 एवं 1118, 11वीं मंजिल, वर्ल्ड ट्रेड टॉवर, सेक्टर 16, नोएडा, उत्तर प्रदेश - 201 301.

भोपाल शाखा:- ऑफिस नंबर 3, प्रथम मंजिल, ज्योति सिनेप्लेक्स कॉम्प्लेक्स, एमपी नगर जोन 1, भोपाल - 462001 (मध्य प्रदेश)
प्राधिकृत अधिकारी: रत्नेश कुमार मिश्रा - 7024122890, संदीप सोनी - 8819999203

उज्जैन शाखा:- 301, 302, तीसरी मंजिल, पाटीदार टॉवर, वरुचि मार्ग, शहीद पार्क के पास, फ्रीगंज, उज्जैन - 456010 (मध्य प्रदेश)
प्राधिकृत अधिकारी: रवि बघेल - 9907777747, संदीप सोनी - 8819999203

नीलामी सह बिक्री हेतु सार्वजनिक सूचना

सिक्युटराईजेशन एण्ड रिकन्सटक्शन ऑफ फायनेंशियल असेट्स एण्ड इन्फोर्समेंट ऑफ सिक्युरिटी इंटरेस्ट एक्ट 2002 के अंतर्गत रोहा हाउसिंग फाइनेंस प्रायवेट लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा ऋण की ओर बकाया धनराशि की वसूली हेतु निम्न वर्णित प्रतिभूत आस्तियों का आधिपत्य लेने के अनुक्रम में, अधोहस्ताक्षरकर्ता द्वारा अचल सम्पत्ति, जिन्हें नीचे वर्णित किया गया है, जो कि भौतिक आधिपत्य में है, के **''जहाँ है, जैसी है और जो है''** के आधार पर क्रय हेतु सीलबंध लिफाफों में प्रस्ताव आमंत्रित किये जाते हैं, जिसका विवरण निम्नानुसार है:-

क्र.	ऋणी(यो)/सह ऋणी(यो)/ जमानतदार (लोन नं. / शाखा)	मांग सूचना दिनांक एवं राशि	अचल संपत्ति का विवरण	आरक्षित मूल्य (RP)	बयाना जमा राशि (ईएमडी) (RP का 10%)
1	**लोन नं.: LASEHRLPRS0000005005365 / शाखा: सिहोर** **1. श्री नरेंदर पिता राम चरण,** **2. श्री राम चरण पिता बापु लाल** **3. श्रीमती रानी बाई पति रामचरण** **पता 1 :** भंवर कॉलोनी, कुरावर मंडी, वार्ड नं. 06, कुरावर, सिहोर, म.प्र.-465667 **पता 2** : सर्वे नं. 656/18/1, प.ह.नं. 59, क्षेत्रफल 1320 वर्गफीट, ग्राम कुरावर, तहसील नरसिंहगढ़, जिला राजगढ़, मध्य प्रदेश - 465667.	**16.01.2026 & ₹ 4,19,860 /-**	संपत्ति का शेष एवं संपूर्ण भाग, सर्वे नं. 656/18/1, प.ह.न. 59, क्षेत्रफल 1320 वर्गफीट, ग्राम कुरावर तहसील नरसिंहगढ़, जिला राजगढ़, मध्यप्रदेश-465667	₹ 30,36,000/-	₹ 3,03,600/-
2	**लोन नं.: HLVDSHPPSC000005007466/ शाखा: विदिशा** **1. श्री संतोष विश्वकर्मा,** **2. श्रीमती बर्षा विश्वकर्मा,** **दोनों का पता:** वार्ड नं. 15, पचमा रोड, गंज बासोदा, जिला-विदिशा, मध्यप्रदेश-464221	**15.07.2026 & ₹ 3,83,929/-**	संपत्ति का शेष एवं संपूर्ण भाग, भूमि नं. 161/4 मिन-2, प.ह.न. 46, नपा बासोदा, इन्दिरा गांधी वार्ड नं. 14, पंचशील मोहल्ला, ग्राम स्वरुपनगर, तहसील बासोदा, जिला विदिशा म.प्र.	₹ 4,68,000/-	₹ 46,800/-
3	**लोन नं.: HLVDSHPPSC000005012745/ शाखा: विदिशा** **1. श्री ब्रजेश बाबु कटारिया, पता:** गुर्जर मिष्ठान भंडार, मक्सूदनगढ़ रोड, लटेरी, विदिशा, म.प्र.-464114 **2. श्रीमती भूरी बाई पति ब्रजेश बाबु** **दोनों का पता:** वार्ड नं. 01, लाल बहादुर शास्त्री वार्ड, लटेरी, विदिशा, म.प्र.-464114	**15.07.2026 & ₹ 3,42,456/-**	संपत्ति का शेष एवं संपूर्ण भाग, प.ह.न. 30, आरएनएम 02, प्लॉट नं. 105, खसरा नं. 253/2/2/1, वार्ड नं. 01, श्याम सिटी कॉलोनी के पास, लटेरी, तहसील लटेरी, जिला विदिशा म.प्र.-464114	₹ 4,50,000/-	₹ 45,000/-
4	**लोन नं. HLVDSHPPSC000005012363/ शाखा: विदिशा** **1. श्री भिया लाल पिता परमोला, पता:** अग्रवाल स्टोन क्रशर, ग्राम जगतपुर तह. लटेरी, विदिशा, म.प्र.-464111 **2. श्रीमती सुनीता बाई अहिरवार,** **दोनों का पता:** वार्ड नं. 6, संत रविदास मोहल्ला लटेरी, विदिशा, मध्यप्रदेश - 464111	**15.07.2026 & ₹ 3,02,010/-**	संपत्ति का शेष एवं संपूर्ण भाग, प.ह.न. 30, आरएनएम 02, प्लॉट नं. 131, खसरा नं. 253/2/2/1, वार्ड नं. 01, श्याम सिटी कॉलोनी के पास, नगर परिषद लटेरी, तह. लटेरी, जिला विदिशा म.प्र.-464111	₹ 4,50,000/-	₹ 45,000/-
5	**लोन नं.: HLSAGAPPSC000005015169 / शाखा: सागर** **1. श्री निशांत श्रीवास्तव,** **2. श्रीमती श्रद्धांजलि पति निशांत श्रीवास्तव** **दोनों का पता:** वेदिका वाटिका के आगे, गुदा नरवानी रोड, बटालिया मकरोनिया, तह. सागर, मध्यप्रदेश-470002	**15.07.2026 & ₹ 6,31,152/-**	संपत्ति का शेष एवं संपूर्ण भाग, सर्वे/मकान नं. 174/7 जो कि स्थित है मौजा राजाखेड़ी, वार्ड नं. 09, मौजा राजाखेड़ी, सागर, म.प्र. - 470002.	₹ 8,75,000/-	₹ 87,500/-
6	**लोन नं.: HLSEHRPPSC000005002359/ शाखा: सीहोर** **1. श्री राजू पिता सुंदरलाल, पता:** इन्दौर मोटर गैरेज, इन्दौर नाका, भोपाल, म.प्र.-466001 **2. श्रीमती नमिता देशराज, दोनों का पता:** सुंदरलाल देशराज, पुराना बस स्टैण्ड, भोपाल, म.प्र.-466001	**16.06.2026 & ₹ 5,04,181/-**	संपत्ति का शेष एवं संपूर्ण भाग, प्लाट नं. 27, खसरा नं. 168/1, श्री बाल गणेश कॉलोनी, सीहोर, मध्यप्रदेश-466001	₹ 5,00,000/-	₹ 50,000/-
7	**लोन नं. LAVDSHLARD000005017445/शाखा: विदिशा** **1. श्री कार्तिक सक्सेना, पता:** बस स्टैण्ड शमशाबाद, जिला विदिशा, म.प्र.-464111 **2. श्रीमती शुषमा सक्सेना** **दोनों का पता:** ब्राम्हण मोहल्ला शमशाबाद विदिशा विदिशा, मध्यप्रदेश-464111	**16.06.2026 & ₹ 4,66,334/-**	संपत्ति का शेष एवं संपूर्ण भाग, वार्ड नं. 09, शमशाबाद तहसील शमशाबाद, जिला विदिशा, मध्यप्रदेश-464111	₹ 17,25,000/-	₹ 1,72,500/-
8	**लोन नं. HLBHPLSCON0000005000339/शाखा: भोपाल** **1. श्री नरेन्द्र सिंह, पता:** मेसर्स रचना प्रिन्टिंग प्रेस, न्यू बस स्टैण्ड, भोपाल, म.प्र.-466001 **2. श्रीमती आशा कुंवर** **दोनों का पता:** जाग्रम निवास, गंगा आश्रम भोपाल, मध्यप्रदेश-466001	**14.05.2026 & ₹ 5,32,650 /-**	संपत्ति का शेष एवं संपूर्ण भाग, प्लाट नं. 113 राधाविहार कॉलोनी, ख.नं. -38/1, प.ह.नं.47, ग्राम-शेरपुर, सिहोर	₹ 8,00,000/-	₹ 80,000/-

(1) **निरिक्षण की तिथी एवं समय : 23/11/2026 दोप. 12.00 से सांय 5.00 बजे तक।**
(2) उपरोक्त वर्णित शाखा कार्यालय के पते पर निर्धारित निविदा प्रारुप में ईएमडी एवं केवायसी सहित सीलबंद प्रस्ताव जमा करने की अंतिम तिथि **01/12/2026** सायं 5.00 बजे रहेगी। निविदाएं जो पूर्णतः विधिवत रुप से भरी नहीं जावेंगी अथवा निविदाएं जो अंतिम तिथि के पश्चात प्राप्त होंगी, को वैध निविदा के रुप में स्वीकार नहीं किया जावेगा एवं तदनुसार निरस्त कर दी जावेंगी। ईएमडी पर कोई ब्याज देय नहीं होगा।
(3) **उपरोक्त वर्णित शाखा कार्यालय के पते पर प्रस्ताव खोलने कि तिथि (नीलामी दिनांक) एवं 02/12/2026** को समय **प्रातः 11.00 से दोप. 2.00 बजे** है, निविदा को प्राधिकृत अधिकारी की उपस्थिति में खोला जावेगा।
(4) ऋणी एवं जमानतदार को एतदनुसार विक्रय के समय व्यक्तिगत रुप से उपस्थित होने के लिए सूचित किया जाता है एवं वे, विक्रय के नियम एवं शर्तों के अनुसार, उपरोक्तानुसार वर्णित अचल सम्पत्ति को क्रय करने के लिए प्रस्तावित क्रेतागण को साथ ला सकेंगे।
(5) यह **30 दिनों का विक्रय नोटिस सरफेसी एक्ट 2002** के तहत आम तौर पर जनता विशेष रूप से उधारकर्ता (ओं), सह उधारकर्ता (ओं), जमानतदार(ओं) को दिया जाता है कि ऊपर वर्णित अचल संपत्ति को सुरक्षित लेनदारों के पास बंधक/ प्रभारित किया गया है। रोहा हाउसिंग फायनेंस प्रायवेट लिमिटेड सुरक्षित लेनदार, के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा **भौतिक कब्जा** ले लिया है, जिसे जहां है जैसी है तथा जिस अवस्था में है और रोहा हाउसिंग फायनेंस प्रायवेट लिमिटेड की बकाया राशि के आधार पर बेचा जाएगा, बिक्री की तारीख से पहले पूर्ण रूप से, नीलामी विज्ञापन रोके जाने के लिए उत्तरदायी है।
(6) अचल सम्पत्ति को सबसे उंची निविदा (बोली) लगाने वाले को विक्रय किया जावेगा। हालांकि अधोहस्तारकर्ता को अन्तर बोली (निविदा), यदि आवश्यक हो तो, को स्वीकार करने का एकमेव विवेकाधिकार रहेगा। दी गई संपत्ति का विक्रय आरक्षित मूल्य से कम राशि पर नहीं होगा।
(7) (आरएचएफपीएल) उपरोक्त दर्शायी गई संपत्ति के उपर किसी भी प्रकार के देनदारियों के लिए जिम्मेदार नहीं होगा। संपत्ति की नीलामी ''जहां है जैसी है, जो है तथा जिस अवस्था में है'' के आधार पर की जावेगी।
(8) डिमांड डाफ्ट **रोहा हाउसिंग फायनेंस प्रायवेट लिमिटेड के पक्ष में** बनाए जाएंगे।
(9) नीलामी विक्रय की विस्तृत नियम एवं शर्तें निर्धारित निविदा प्रारुप में समाविष्ट की गई हैं। निविदा प्रारुप उपरोक्त शाखा कार्यालय पर उपलब्ध हैं। प्राधिकृत अधिकारी के पास निविदा की तिथि बढ़ाने एवं प्रस्ताव के नियम व शर्तो में परिवर्तन करने का अधिकार सुरक्षित रहेगा। बोली के नियम एवं शर्तें व अन्य जानकारी हेतु हमारी शाखा पर संपर्क करें। अधिक जानकारी के लिए प्राधिकृत अधिकारी से उपरोक्त पते पर संपर्क करें।

स्थान : मध्यप्रदेश
दिनांक : 30.10.2026

सही/- प्राधिकृत अधिकारी
रोहा हाउसिंग फाइनेंस प्रायवेट लिमिटेड

जोमेल-जोशुआ ने की शानदार गेंदबाजी

मैच में दूसरे दिन स्पिनरों ने बांग्लादेश की कराई वापसी



एजेंसी ▸▸ ढाका

जोमेल वारिकन और जोशुआ बिशप की शानदार गेंदबाजी से नाटकीय पतन का सामना करने वाले बांग्लादेश को उसके स्पिनरों ने वेस्टइंडीज के खिलाफ बृहस्पतिवार को यहां पहले टेस्ट क्रिकेट मैच के दूसरे दिन वापसी दिलाई।

- वेस्टइंडीज के बल्लेबाजी में आया नाटकीय पतन

बांग्लादेश का स्कोर एक समय तीन विकेट पर 231 रन था लेकिन उसने 59 रन के अंदर सात विकेट गंवा दिए और उसकी टीम 272 रन पर आउट हो गई। बाएं हाथ के स्पिनर वारिकन ने 53 रन देकर पांच विकेट जबकि उनके साथी स्पिनर जोशुआ बिशप ने अपने पदार्पण मैच में 61 रन देकर दो विकेट लिए। वेस्टइंडीज ने अच्छी शुरुआत की, लेकिन इसके बाद बांग्लादेश के स्पिनरों ताइजुल इस्लाम और मेहदी हसन ने उसे लगातार झटके दिए। वेस्टइंडीज ने सात रन के अंदर तीन विकेट गंवाए और जब खराब रोशनी और बारिश के कारण दिन का खेल निर्धारित समय से पहले समाप्त करना पड़ा तब उसने चार विकेट पर 134 रन बनाए थे। वह अभी बांग्लादेश से 138 रन पीछे है। दिन का खेल समाप्त होने के समय तेगनारायण चंद्रपॉल 43 रन और जस्टिन ग्रीव्स 15 रन बनाकर खेल रहे थे।

सलामी बल्लेबाज जॉन कैंपबेल ने 54 रन बनाकर टीम को शानदार शुरुआत दी। तेज गेंदबाज हसन महमूद ने सलामी बल्लेबाज ब्रैंडन किंग को 15 रन पर आउट कर दिया, लेकिन कैंपबेल और चंद्रपॉल ने दूसरे विकेट के लिए 61 रन जोड़े। यह साझेदारी टूटने के बाद वेस्टइंडीज की पारी लड़खड़ा गई।

शादमान ने तीसरा टेस्ट शतक पूरा किया

इससे पहले बांग्लादेश ने तीन विकेट पर 213 के स्कोर से अपनी पारी आगे बढ़ाई। शादमान इस्लाम ने 99 रन से आगे खेलते हुए सुबह की दूसरी गेंद पर अपना तीसरा टेस्ट शतक पूरा किया। वह हालांकि अपनी पारी लंबी नहीं खींच पाए और 105 रन बनाकर आउट हो गए। इसके बाद बांग्लादेश की पारी समाप्त होने में ज्यादा समय नहीं लगा।

एथलीट आयोग के लिए मीराबाई और सिंधू के नामांकन पाए वैध

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली





भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) के एथलीट आयोग के चुनाव के लिए ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू और मीराबाई चानू सहित सभी 12 उम्मीदवारों के नामांकन पत्र बृहस्पतिवार को जांच के बाद वैध पाए गए। चुनाव अधिकारी संजय के श्रीवास्तव ने बृहस्पतिवार को उन उम्मीदवारों की सूची जारी की जिनके नामांकन वैध पाए गए। एथलीट आयोग के 2026-2030 कार्यकाल के लिए 10 सदस्यों (पांच पुरुष और पांच महिला) के चुनाव तीन नवंबर को होंगे। श्रीवास्तव ने 22 अक्टूबर को उन खिलाड़ियों की सूची जारी की थी जिनके नामांकन पत्र हासिल हुए थे। उसमें वही 12 खिलाड़ी शामिल थे। सिंधू और चानू के अलावा जिन अन्य खिलाड़ियों ने नामांकन भरा है उनमें पुरुष और महिला हॉकी के कप्तान हरमनप्रीत सिंह और सलीमा टेटे, निशानेबाज स्वप्निल कुशारे शामिल है।

कार्यालय जिला आबकारी अधिकारी, जिला गुना (म.प्र.)
e-mail (deo.mpedgun@mp.gov.in)

// विज्ञप्ति //

गुना, दिनांक.....

आबकारी आयुक्त, मध्यप्रदेश ग्वालियर के पत्र कमांक/9-लेखा/बजट/2025-26/ई-1163732/आई/1393920 ग्वालियर दिनांक 26.10.2026 द्वारा जारी आदेश के पालन में. सर्वसाधारण एवं टेक्सी परमिट धारिता वाले ट्रेवल्स एजेंसी / फर्म/वाहन स्वामी की विशेष जानकारी हेतु प्रकाशित किया जाता है कि, कार्यालय जिला आबकारी अधिकारी, जिला गुना के लिए, आबकारी अपराध नियंत्रण एवं प्रवर्तन कार्य हेतु 02 (दो) चार पहिया वाहन को अनुबंधित किया जाना है। वाहन अनुबंध की कार्यवाही गठित समिति द्वारा NIC के पोर्टल (https://mptenders.gov.in) के माध्यम से की जावेगी। वाहन अनुबंधित की कार्यवाही निम्न कार्यक्रम अनुसार संपन्न की जावेगी:- कार्यक्रम स्थल कार्यालय जिला आबकारी अधिकारी, जिला गुना

1	ई-टेण्डर हेतु ऑन-लाईन टेण्डर प्रपत्र डाउनलोड एवं ऑफर सबमिट करने की तिथि एवं समय	दिनांक 29.10.2026 को प्रातः 10:00 बजे से दिनांक 03.11.2026 को अपरान्ह 01:00 बजे तक
2	समिति द्वारा ई-टेण्डर खोलने एवं निराकरण किये जाने की तिथि एवं समय	दिनांक 03.11.2026 को अपरान्ह 02.00 से कार्यवाही पूर्ण होने तक।

ई-टेण्डर के माध्यम से वाहन अनुबंध की प्रकिया, शर्तें एवं निर्बधन ठक्त के पोर्टल. (https://mptenders.gov.in) से डाउनलोड की जा सकती है अथवा कार्यालय जिला आबकारी अधिकारी, जिला गुना में कार्यालयीन दिवस / समय में आकर प्राप्त की जा सकती है।

टेक्सी परमिट धारिता वाले एजेंसी / फर्म/वाहनस्वामी ई-टेण्डर की प्रक्रिया में भाग ले सकेंगे। उक्त जानकारी पोर्टल (https://mptenders.gov.in) के होमपेज पर लाईव टेंडर के ऑप्शन के अंतर्गत - आबकारी विभाग का चयन कर, एडवांस सर्च के माध्यम से जिले को सिलेक्ट कर जानकारी प्राप्त कर सकता है।

ई-टेण्डर की प्रक्रिया हेतु आवेदक का एमपी टेण्डर्स के पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन होना एवं डिजिटल सिग्नेचर होना अनिवार्य है।

ई-टेण्डर की प्रक्रिया हेतु पोर्टल में पंजीयन करने, भुगतान प्रक्रिया तथा ई-टेण्डर प्रक्रिया से संबंधित जानकारी प्राप्त करने हेतु टेंडरदाता NIC के पोर्टल के हेल्प डेस्क नम्बर 0120-4001 002, 0120-4001 005 अथवा 0120-4493395 पर किसी भी कार्य दिवस में कार्यालयीन समय में जानकारी प्राप्त कर सकता है। साथ ही ई-मेल आई.डी. mptenders@mpsedc-com & support&eproc@nic-in पर सूचित कर आवश्यक सहयोग प्राप्त कर सकता है।

उपरोक्त जानकारी, जिला कलेक्टर गुना के कार्यालय के साथ-साथ. जिला आबकारी अधिकारी, जिला गुना व अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) के कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर भी चस्पा कराई गई है।

ई-निविदा हेतु आवेदक को निम्नानुसार दस्तावेज प्रस्तुत करने होंगे :-

1. वाहन अनुबंधित किए जाने हेतु ई-टेण्डर प्रपत्र का मूल्य राशि रुपए 1000/-
2. वाहन अनुबंधित किए जाने हेतु ई-टेण्डर सुरक्षा निधि की अग्रिम राशि 1000/-
3. आवेदक वाहनस्वामी/एजेंसी/फर्म के अधिकृत व्यक्ति का पेन कार्ड/आधार कार्ड/बैंक पासबुक की प्रति।
4. निर्धारित प्रारूप में शपथ पत्र।
5. वाहन के रजिस्ट्रेशन, बीमा, फिटनेस, टेक्सी कोटा परमिट एवं अन्य दस्तावेज की प्रति।

जिला आबकारी अधिकारी
जिला- गुना (म.प्र.)

G-20696/26

" स्वच्छता ही सेवा "



सीहोर को पहली पारी की बढ़त से दी शिकस्त

भोपाल डिवीजन ने जीता अंडर-15 इंटर डिस्ट्रिक्ट का खिताब

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

भोपाल डिवीजन क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा आयोजित अंडर-15 इंटर डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट प्रतियोगिता में भोपाल टीम ने सीहोर को पहली पारी की बढ़त के आधार पर पराजित कर खिताब अपने नाम किया। शुगर फैक्ट्री मैदान, सीहोर में खेले गए इस मैच में भोपाल ने सीहोर पर पूरी तरह दबदबा बनाए रखा।

सीहोर ने 67.2 ओवर में 95 रन बनाए। इनमें चंद्रप्रभान सिंह ने सर्वाधिक 42, जबकि प्रियांशु पाल ने 6 रन का योगदान दिया। अन्य बल्लेबाज भोपाल की सटीक गेंदबाजी के आगे टिक नहीं सके। भोपाल के केतन रेवाडिकर ने सर्वाधिक विकेट चटकाए। उनका साथ समर्थ पी., हर्षिल डांगी, तेजस सिंह सहित अन्य गेंदबाजों ने दिया। जवाब में भोपाल की टीम ने 90 ओवर में 3 विकेट खोकर 382 रनों का स्कोर खड़ा कर दिया। भोपाल की ओर से दिव्यांश गोयल ने 119 रनों की उत्कृष्ट पारी खेली, वहीं अभिषेक यादव ने 114 रनों का शतक जमाया। दोनों के बीच दूसरे विकेट के लिए 154 गेंदों में 111 रनों की मजबूत साझेदारी हुई।

इसके अतिरिक्त युग रघुवंशी ने 75 रन तथा युवराज सिंह ने नाबाद 45 रनों का योगदान दिया। पहली पारी में 287 रनों की निर्णायक बढ़त हासिल करने के आधार पर भोपाल को विजेता घोषित किया गया। मैच में अंपायर की भूमिका नागेंद्र व्यास एवं श्रीयेश नायर ने निभाई।

दूसरे दिन बारिश बनी बाधा

पहले दिन टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने उतरी रायसेन की टीम 44 ओवर में 104 रन पर ढेर हो गई। नीर जैन ने 48 रन बनाए, जबकि अरुण मीणा 27 रन बनाकर नाबाद रहे। सीहोर की ओर से उज्जवल ने 46 रन देकर 4 विकेट लिए। अभिषेक धांगर ने 22 रन देकर 3 और मनस सोनी ने 15 रन देकर 2 विकेट झटके। सीहोर ने आयांश (29) और आयुष प्रजापति (37) के बीच 60 रनों की साझेदारी से अच्छी शुरुआत की। दिन का खेल खत्म होने तक टीम ने 43 ओवर में 4 विकेट पर 244 रन बना लिए थे और 140 रनों की बढ़त हासिल कर ली थी। निर्मल मेवाड़ा और उरेश भारती ने पांचवें विकेट के लिए नाबाद 144 रन जोड़कर रायसेन की वापसी की राह मुश्किल कर दी थी। रायसेन की ओर से यश तोमर ने 2 तथा रग चावला और अरुण मीणा ने 1-1 विकेट लिया।

इंटर क्लब में अंकुर की अरेरा पर जीत

अंडर-15 अंतर-क्लब बहुदिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता में अंकुर क्रिकेट क्लब ने अरेरा क्रिकेट क्लब के विरुद्ध खेले गए मुकाबले में टॉस के आधार पर विजय प्राप्त की। यह मैच ओ.एफ.सी.टी. मैदान,पर खेला गया। अंकुर की टीम की प्रथम पारी 69 ओवर में 118 रन पर सिमट गई। सलामी बल्लेबाज सुहान यूसुफजई ने सर्वाधिक 34 रन बनाए। आकर्ष अरख ने 18 और कप्तान मोक्ष मनवानी ने 17 रनों का योगदान दिया। अरेरा के अदित्य सोलंकी और मार्तंड पाल ने 3-3 और मार्तंड पाल विकेट लिए। वंश पवार, जय कुमार बैरागी और युवराज ठाकुर को एक-एक विकेट मिला। जवाब में अरेरा की टीम 51.1 ओवर में 7 विकेट पर 76 रन ही बना सकी। इसी बीच वर्षा के कारण खेल बाधित हुआ। टॉस जीतने वाली टीम अंकुर को विजेता घोषित किया गया और उसे 2 अंक प्रदान किए गए।

बारिश में धुला एससीजीए और एमसीसीसी के बीच का मुकाबला

अंडर-15 अंतर-क्लब टूर्नामेंट का बहुदिवसीय मुकाबला एससीजीए और एमसीसीसी के बीच बाबे-अली मैदान में खेला गया। बारिश के कारण दूसरी पारी पूरी नहीं हो सकी और मैच अनिर्णित घोषित किया गया। एमसीसीसी ने 8 विकेट खोकर 426 रन बनाए। शौर्य बदौनिया ने 127 रन और आरुष द्विवेदी ने 114 रन की शानदार पारी खेली। अर्णव राजौरिया (45), अर्णव ढाकड़ (42) और कप्तान वेद पाठक (नाबाद 38) बनाए। पारी में 27 अतिरिक्त रन भी मिले। जवाब में एससीजीए ने 50.3 ओवर में 6 विकेट पर 169 रन बनाए।

रेलवे यूथ और सेंचुरियन को मिले एक-एक अंक

भोपाल। बीडीसीए के अंडर-15 मल्टी डे टूर्नामेंट में डीपीएस ग्राउंड पर रेलवे यूथ और सेंचुरियन के बीच खेला जा रहा मैच बारिश के कारण अधूरा रहा। दूसरे दिन सेंचुरियन ने 49 ओवर में 5 विकेट पर 77 रन बनाए थे, तब बारिश ने खेल रोक दिया। मैच पूरा न हो पाने पर दोनों टीमों को 1-1 अंक दिए गए।

अंडर 22 में मयंक और सेंचुरियन का पहले दिन का मैच बारिश में धुला

बीडीसीए द्वारा आयोजित अंडर-22 प्रतियोगिता का बहुदिवसीय मुकाबला मयंक और सेंचुरियन क्रिकेट एकेडमी के बीच ओल्ड कैम्पियन ग्राउंड में शुरू हुआ। एमसीसीए के सलामी बल्लेबाज अक्षत बाजपेयी और प्रियांशु ने संयमित शुरुआत की। पहली पारी के 21 ओवर तक टीम ने बिना कोई विकेट गंवाए 70 रन बना लिए थे। प्रियांशु 76 गेंदों पर 45 रन और अक्षत 50 गेंदों पर 21 रन बनाकर नाबाद थे। सेंचुरियन के अरशान अली, अनिकेत रजक, प्रशांत अग्रवाल, तरुण नागर, आलिफ़ हसन और यश लोधी ने गेंदबाजी की, किंतु कोई विकेट नहीं मिल सका।

आज 35 खेल हस्तियों को मिलेगा एनएसटी-एचएमजी स्पोर्ट्स अवॉर्ड

भोपाल। 31वें नेशनल स्पोर्ट्स टाइम्स एचएमजी स्पोर्टस अवार्ड 2026 से कल 30 अक्टूबर को देश प्रदेश की कुल 35 खेल हस्तियों को अलग-अलग खेल विधाओं में सम्मानित किया जाएगा। इनमें हरिभूमि के सीनियर खेल पत्रकार प्रवीण सक्सेना को भी अवार्ड दिया जाएगा। यह खेल समारोह जागरण लेक सिटी यूनिवर्सिटी (जेएलयू) के नए सभागृह में प्रातः11:30 बजे आयोजित किया जाएगा।

■ हरिभूमि के सीनियर खेल पत्रकार प्रवीण सक्सेना को मिलेगा अवार्ड

समारोह के मुख्य अतिथि विश्वास कैलाश सारंग खेल एवं सहकारिता मंत्री होंगे। इस मौके पर कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि पद्श्री सुशील दोषी (अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट कमेंटेटर), पद्श्री सतेंद्र लोहिया (अंतरराष्ट्रीय पैरा तैराक), मीररंजन नेगी (पूर्व हॉकी खिलाड़ी), हरिमोहन गुप्ता (चांसलर, जेएलयू), मुमताज खान (चेयरमैन, वेस्ट जोन एथलेटिक्स फेडरेशन) होंगे। इस समारोह में एशियन गेम्स 2026 के हॉकी एवं सॉफ्ट टेनिस पदक विजेता इशिका चौधरी एवं जय मीणा को मप्र खेल रत्न से नवाजा जाएगा, जबकि कॉमनवेल्थ तलवारबाजी की स्वर्ण एवं रजत विजेता खुशी दाभाड़े को स्पोर्ट्स वूमेन ऑफ द ईयर का अवार्ड प्रदान किया जाएगा। लाइफटाइम अवॉर्ड महासिंह राव द्रोणाचार्य कुश्ती अवार्डी को दिया जाएगा। इसके अलावा समारोह में कई राष्ट्रीय अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों और खेलों से जुड़ी खेल हस्तियों को सम्मानित किया जाएगा।

सीबीएसई राष्ट्रीय बालिका तैराकी प्रतियोगिता का समापन

भोपाल की तिशा पंथी बनीं अंडर-11 चैंपियन इंदौर के शिशुकुंज स्कूल को टीम का खिताब

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

राजधानी के प्रकाश तरण पुष्कर में चार दिवसीय सीबीएसई राष्ट्रीय बालिका तैराकी प्रतियोगिता का शानदार समापन हुआ। इसमें भोपाल की तिशा पंथी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अंडर-11 वर्ग की ओवरऑल चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया। वहीं, इंदौर के द शिशुकुंज इंटरनेशनल स्कूल ने ओवरऑल टीम चैंपियनशिप का खिताब अपने नाम किया। इसमें देश-विदेश के 300 से अधिक विद्यालयों के 750 से ज्यादा खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया।

आईईएस पब्लिक स्कूल, भोपाल की तिशा पंथी ने 50 मीटर फ्रीस्टाइल में 32.03 सेकंड और 50 मीटर ब्रेस्टस्ट्रोक में 38.10 सेकंड का समय निकालकर स्वर्ण पदक जीते। उनके शानदार प्रदर्शन ने मेजबान शहर को गौरवान्वित किया। वहीं, शिशुकुंज इंटरनेशनल स्कूल, इंदौर की टीम ने विभिन्न स्पर्धाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर टीम चैंपियनशिप हासिल की।


विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार प्रदान करते अतिथि।

अतिथियों ने किया सम्मानित


समापन समारोह के मुख्य अतिथि अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक आदर्श कटियार रहे। इस अवसर पर डॉ. संतोष कटियार, ओरिएंटल ग्रुप के चेयरमैन प्रवीण ठकराल, गौरव ठकराल, प्रतीक कटियार, सीबीएसई ऑब्जर्वर जगदीप सिंह, वैभव पाठक, आरके शर्मा और कैप्टन मनोज कुमार झा सहित अन्य अतिथि उपस्थित रहे। अतिथियों ने विजेता खिलाड़ियों को पदक, ट्रॉफी और प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। प्रतियोगिता की सभी स्पर्धाएं स्वचालित समय मापन प्रणाली से कराई गईं। अतिथियों ने आयोजन की सराहना करते हुए खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की और सफल आयोजन के लिए द ओरिएंटल स्कूल तथा आयोजन समिति को बधाई दी।

अंतिम दिन भी खिलाड़ियों ने दिखाया अपना दम

प्रतियोगिता के अंतिम दिन 15 स्पर्धाओं के परिणाम घोषित किए गए। अंडर-19 के 50 मीटर बैकस्ट्रोक में द शिशुकुंज इंटरनेशनल स्कूल की विहा ठाकुर ने 33.56 सेकंड के समय के साथ स्वर्ण पदक जीता। अंडर-14 की चार गुणा 100 मीटर मेडले रिले में भी शिशुकुंज, इंदौर की टीम ने पहला स्थान हासिल किया। अंडर-17 वर्ग की 400 मीटर मेडले स्पर्धा में बेंगलुरु की मिहिका दत्ता और अंडर-19 वर्ग में मीनाक्षी गोपकुमार मेनन ने स्वर्ण पदक जीते।

राज्य स्तरीय रोलर स्केटिंग प्रतियोगिता

कैंपियन के रोलर स्केटर्स ने आठ स्वर्ण समेत 19 पदकों पर जमाया

8 स्वर्ण, 6 रजत एवं 5 कांस्य पदक जीते



हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

कैंपियन स्कूल भोपाल के 10 प्रतिभावान रोलर स्केटर्स ने हाल ही में कैंपियन स्कूल के इंटरनेशनल स्टैंडर्ड स्केटिंग रिंक में आयोजित हुई 31वीं राज्य स्तरीय रोलर स्केटिंग प्रतियोगिता में 8 स्वर्ण, 6 रजत एवं 5 कांस्य जीतकर कुल 19 पदकों पर अपना कब्जा जमाया।

इस तीन दिवसीय प्रतियोगिता का आयोजन मप्र रोलर स्केटिंग संगठन द्वारा किया गया था। प्रतियोगिता में कैंपियन के स्केटर्स युविन भावसार ने 1 स्वर्ण 1 रजत, कशवी शर्मा ने 2 स्वर्ण, प्रणव मोहन ने 1 स्वर्ण 2 रजत, रिशिका शिंदे ने 1 स्वर्ण 1 रजत, प्रथमेश विश्वकर्मा ने 2 स्वर्ण 1 रजत, अबान फारूकी ने 1 स्वर्ण 2 कांस्य, यशनील ने 1 रजत, प्रतीक मोहन ने 1 कांस्य, दिव्यांश लगलवार ने 1 कांस्य पदक तथा शॉन सुविन खलखो ने 1 कांस्य पदक जीता। इन सभी स्केटर्स ने इस प्रतियोगिता में 200 मी., 300 मी., 500 मी. और 1000 मी. रिंक, लैप और रोड वर्ग में ये सभी पदक जीते। इन सभी खिलाड़ियों ने स्कूल के शारीरिक शिक्षा शिक्षक एवं कोच संजय मिश्रा, मीनाक्षी राजपूत एवं सारांश त्रिपाठी के मार्गदर्शन में स्केटिंग रिंक में नियमित प्रशिक्षण लिया था। इस राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में म.प्र. के लगभग 750 खिलाड़ियों ने भाग लिया था। प्राचार्य फादर अमृतलाल टोप्पो एस.जे., उप प्राचार्य फादर फेबियानुस खलखो, हेडमिस्ट्रेस सिस्टर रेनिशा, सिस्टर दीपशिखा एवं शारीरिक शिक्षा विभाग के एचओडी जॉन्सी कोशी ने कोच संजय मिश्रा, मीनाक्षी राजपूत एवं सारांश त्रिपाठी व सभी छात्र एवं छात्राओं को बधाई दी।

लाइफ स्टाइल

टीवी मसाला



रणबीर ने आलिया को प्रपोज करने का किस्सा किया शेयर

नई दिल्ली। रणबीर कपूर हाल ही में अमिताभ बच्चन के शो 'कौन बनेगा करोड़पति' में नजर आए। यहां उन्होंने आलिया भट्ट को प्रपोज करने से जुड़ा दिलचस्प किस्सा साझा किया। रणबीर ने बताया कि साल 2022 में केन्या के मसाई मारा घूमने के दौरान उन्होंने आलिया को शादी के लिए प्रपोज करने का फैसला किया था। रणबीर ने कहा, 'मैंने पहले से ही जो गाइड है, उनको एक टिप दे दी थी कि आप कहीं जाके रोक देना बीच जंगल में। मैं एक अंगूठी लाया था कि मैं अपने घुटनों पर बैठकर प्रपोज करूंगा और आप दूर से फोटो खींचना, क्योंकि लड़कियों को फोटो का बहुत शौक होता है। इंस्टाग्राम पर डालने का, तो मैंने सोचा कि ये बहुत जरूरी है आलिया के लिए। रणबीर की यह बात सुनकर शो के होस्ट अमिताभ बच्चन ने भी मजाकिया अंदाज में कहा कि ऐसे खास पल का कोई सबूत तो होना ही चाहिए। इस पर रणबीर ने बताया कि उनके पास अंगूठी तो थी, लेकिन उस वक्त कुछ ऐसा हुआ, जो उन्होंने कभी सोचा भी नहीं था। रणबीर ने कहा, 'वहां से करीब 100 फीट की दूरी पर तीन शेर खड़े थे। मेरी शेरनी मेरे सामने खड़ी थी और मैं चूहे की तरह घुटनों पर बैठकर उससे पूछ रहा था, 'बेबी, क्या तुम मुझसे शादी करोगी?' रणबीर ने आगे कहा कि यह उनकी जिंदगी के सबसे खास और अजीब अनुभवों में से एक था, जिसे वह हमेशा याद रखेंगे। रणबीर कपूर और आलिया भट्ट की प्रेम कहानी फिल्म 'ब्रह्मास्त्र' की शूटिंग के दौरान शुरू हुई थी। कुछ साल तक एक-दूसरे को डेट करने के बाद दोनों ने अप्रैल 2022 में शादी कर ली। नवंबर 2022 में उनके घर बेटी राहा का जन्म हुआ।

सेलेब्स का करवा चौथ : प्रियंका के हाथ पिया के नाम की मेहंदी, प्रीति ने ढूंढा चांद

नई दिल्ली। गुरुवार को देश और विदेश में करवा चौथ की धूम रही। महिलाओं ने अपने पति की लंबी उम्र के लिए व्रत रखा। इस काम में फिल्मी सितारे भी पीछे नहीं रहीं। उन्होंने भी इस त्योहार में बढ़-चढ़कर हिस्सा लीं। कई सेलेब्स ने अपने फैंस को बधाई दी। कई सितारों ने अपनी शानदार तस्वीरें सोशल मीडिया पर शेयर की हैं।

प्रियंका : प्रियंका चोपड़ा ने करवा चौथ पर्व मनाया। उन्होंने इस अवसर पर अपने पति के साथ तस्वीर शेयर की है। अभिनेत्री ने फैंस को अपनी मेहंदी दिखाई है और दुल्हन के जोड़े में एक तस्वीर शेयर की है। अभिनेत्री ने तस्वीर पर लिखा पिया के नाम की मेहंदी। करवा चौथ की शुभकामनाएं। एक और तस्वीर पर उन्होंने लिखा 'मैं हर साल फिल्मी लगती हूं।'

प्रीति : प्रीति जिंटा ने भी करवा चौथ का



त्योहार मनाया। उन्होंने एक्स पर लिखा, 'क्या ऐसा सिर्फ मुझे लग रहा है या चांद गायब हो गया है? क्या किसी ने ईस्ट कोस्ट पर चांद देखा है? मेरा करवा चौथ का व्रत है और बादलों के बीच चांद लुका-छिपी खेल रहा है।'

कृति : अभिनेत्री कृति खरबंदा ने करवा चौथ की तैयारी के साथ मेहंदी लगवाते हुए तस्वीरें शेयर की हैं। पोस्ट के कैप्शन में उन्होंने लिखा, 'करवा चौथ वाइब्स पूरी तरह छाई हुई हैं! मेहंदी, खाना-पीना, परिवार के साथ मस्ती और ढेर सारा प्यार!

हिना : टीवी अभिनेत्री हिना खान ने करवा चौथ पर मेहंदी लगाईं। उन्होंने इंस्टाग्राम पर ये तस्वीरें शेयर की हैं। एक तस्वीर में उन्होंने अपने पति का हाथ पकड़ा है। पोस्ट के कैप्शन में हिना ने लिखा, 'करवाचौथ की बधाई। अगर मेरी मेहंदी पसंद आई तो मुझे टैग करो।'

महीप : संजय कपूर की पत्नी महीप कपूर ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया है। इसमें उन्होंने करवा चौथ की झलक दिखाई है। इसे शेयर करते हुए उन्होंने लिखा, 'पिछले कुछ वर्षों में मेरा करवा चौथ। ढेर सारी यादें। सभी खूबसूरत महिलाओं को करवाचौथ की बधाई।'

109 साल पहले आई थी 'फादर ऑफ इंडियन सिनेमा' की पौराणिक फिल्म

15 हजार रुपए में बनी थी पहली रामायण, बिना संवाद के दिखाई गई कहानी

नई दिल्ली। रणबीर कपूर स्टारर फिल्म रामायण का नाम इस वक्त लगातार सुर्खियां बटोर रहा है। जिसकी बड़ी वजह इसका 4000 करोड़ बजट है। लेकिन, क्या आप जानते हैं कि हिंदी सिनेमा के इतिहास में रामायण पर बनने वाली पहली फिल्म कौन सी थी और उसको कितनी लागत में तैयार किया गया था। फादर ऑफ सिनेमा के उपाधि से नवाजे गए महान फिल्मकार दादा साहेब फाल्के द्वारा उसका निर्माण किया गया था और वह 109 साल पहले सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी।



1917 में पहली बार किया गया था प्रदर्शित

रामायण पर सदियों से फिल्मी जगत में फिल्में, धारावाहिक और वेब सीरीज बनती आ रही हैं। लेकिन, इसकी शुरुआत जिस फिल्म के जरिए हुई थी, जिसे साल 1917 में पहली बार सिनेमाघरों में प्रदर्शित किया गया था। फिल्म का नाम था- लंका दहन। जी हां दादा साहेब फाल्के के निर्देशन में बनने वाली फिल्म लंका दहन रामायण महाकाव्य पर आधारित थी। जिसमें रामायण की कहानी पहली बार पर्दे पर पेश किया गया था।

ये एक मूक फिल्म थी

ये एक मूक (साइलेंट) फिल्म थी, जिसमें बिना किसी संवाद के रामायण की पूरी कहानी की झलक सिर्फ सीन्स के आधार पर दिखाई गई थी। 109 साल पहले आई पौराणिक कहानी वाली फिल्म के बजट को लेकर कई तरह के दावे किए जाते हैं, जिनमें एक दावा सिनेमाई गलियारे में काफी चर्चित है, जो ये बताता है कि दादा साहेब फाल्के की लंका दहन का कुल बजट महज 15 हजार रुपए थे और इतनी रकम के साथ इस एपिक मूवी को बनाया गया था।

सफल रही लंका दहन

कमाल की बात ये है कि उस वक्त लंका दहन कमिशयल तौर पर काफी सक्सेसफुल रही थी और बताया जाता है कि इस माइथोलॉजिकल मूवी ने 35 हजार रुपए से अधिक का कारोबार भी किया था। जिसके दम पर रामायण पर बनने वाली पहली फिल्म के तौर पर ये सफल रही।

एक ही एक्टर बना था राम और सीता

लंका दहन फिल्म को लेकर कई तरह के किस्से सिनेमा जगत में प्रचलित हैं, जिनमें एक किस्सा ये भी है कि अभिनेता अण्णा सालुंके फिल्म में भगवान राम और माता सीता का किरदार निभाया था। उनके इस कारनामे को आज भी बॉलीवुड के इतिहास में याद किया जाता है।

हरिभूमि कम्यूनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक अचिंत महेश्वरी द्वारा प्लॉट नं.160 न्यू एच-सेक्टर इंडस्ट्रियल एस्टेट, गोविंदपुरा, भोपाल (म.प्र.) 462023 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्प्लेक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। स्थानीय संपादक: प्रमोद भारद्वाज। RNI No. MPHIN/2014/55906, फोन 0755-4049930